पेज-10



इमरजेंसी देख मृणाल ठाकुर ने.....

हिन्दी दैनिक

# दबंग हिन्द

जन की बात, सबके साथ

RNI NO. JHAHIN/2013/54377

रांची संस्करण

पेज-11



भारत 2036 के ओलंपिक खेलों की....

वर्ष : 13 | अंक : 45 | रांची (झारखंड) | E-mail : dabanghind@gmail.com | शनिवार, 15 फरवरी 2025 | website : www.dabanghind.com | मूल्य - ₹ 2

# प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भारत-अमेरिका असैन्य परमाणु सहयोग पर आगे बढ़ने पर सहमत हुए



**एजेंसी**

**वाशिंगटन।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप दोनों देशों के बीच हुए असैन्य परमाणु समझौते को आगे बढ़ाने के लिए सहमत हो गए. इसके तहत अमेरिका भारत में परमाणु रिएक्टरों की डिजाइन पर काम करेगा. यह समझौता 16 साल पहले मनमोहन सिंह की सरकार के समय हुआ था. ऊर्जा के क्षेत्र में दोनों देशों के बीच यह समझौता हुआ था। इस असैन्य परमाणु समझौते ने अमेरिका और भारत के आपसी संबंधों को और अधिक प्रगाढ़ बना दिया. इसकी वजह से उच्च प्रौद्योगिकी और रक्षा के क्षेत्रों में रणनीतिक साझेदारी का रास्ता प्रशस्त हुआ. ट्रंप भारत को इससे जुड़ी टेक्नोलॉजी ट्रांसफर करने पर भी सहमत हुए हैं। दोनों नेताओं ने अपने संयुक्त बयान में स्थानीयकरण और संभावित प्रौद्योगिकी हस्तांतरण के माध्यम से भारत में अमेरिकी डिजाइन वाले परमाणु रिएक्टरों के निर्माण के लिए मिलकर काम करने पर तैयार हो गए हैं। अमेरिका-भारत 123 असैन्य परमाणु समझौते को पूरी तरह से साकार करने की अपनी प्रतिबद्धता की घोषणा की. वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 1 फरवरी को केंद्रीय बजट पेश करते हुए भारत के परमाणु दायित्व कानून के साथ-साथ परमाणु ऊर्जा अधिनियम में संशोधन की योजना की घोषणा की। भारत के परमाणु क्षति के लिए नागरिक दायित्व अधिनियम, 2010 में कुछ धाराएं नागरिक परमाणु समझौते के कार्यान्वयन में आगे बढ़ने में बाधा बन कर उभरी हैं।

## मेरे और मोदी में कोई मुकाबला ही नहीं : ट्रंप

मोदी और ट्रंप की साझेदारी की एक और तस्वीर पूरी दुनिया देख रही है। मोदी ट्रंप को दोस्त बताते हैं और ये दोस्ती ऐसे ही नहीं है। ये दोस्ती कितनी पक्की और गहरी है। ये दोनों देशों के राष्ट्राध्यक्षों की मुलाकात के बाद साफ हो गया। उस ज्वाइंट ब्रीफिंग में भी जिसमें दोनों ने एक दूसरे पर भरोसा जताया और आगे आने वाले वक्त में एक से बढ़कर एक डील को लेकर बड़ा ऐलान कर दिया। सवाल उठ रहे थे कि अमेरिका टैरिफ के मामले में भारत पर प्रेशर बनाएगा। उसके बाद आज का बयान सभी को हैरान कर रहा है। टैरिफ के मामले में भारत ने जिस तरह से ट्रंप के साथ निगोशिएटर किया उसे देखकर ट्रंप भी हैरान थे। यही वजह है कि ट्रंप ने मोदी को टफ निगोशिएटर बताया। डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि मोदी मुझसे भी सख्त निगोशिएटर हैं। मुझसे बेहतर निगोशिएटर हैं। मेरा उनसे कोई मुकाबला नहीं है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने बयान में पीएम मोदी को खुद से बेहतर निगोशिएटर बताया। उन्होंने कहा कि मेरा और मोदी का कोई मुकाबला नहीं है। ट्रंप ने ये भी कहा कि आगे आने वाले दिनों में भारत के साथ जमकर व्यापार करेगा। बता दें कि भारत ने रक्षा से लेकर अलग अलग क्षेत्रों में डील को बढ़ाने को लेकर प्रतिबद्धता जाहिर कर दी है। भारत अमेरिका के बीच कई सुलझे असुलझे विवाद और मुद्दों को लेकर दोनों देशों ने बातचीत की और नेगोशिएशन किया। यही कारण है कि आज विपन डील की चर्चा हो रही है। टैरिफ को लेकर सहमति की बात हो रही है। वहीं अवैध प्रवासियों की वापसी को लेकर भारत का कड़ा रूख भी देखने को मिल रहा है।

## भारत को एफ-35 की अमेरिकी पेशकश से बौखलाया पाकिस्तान



भारत और अमेरिका ने नई 10 वर्षीय रक्षा साझेदारी पर हस्ताक्षर करने तथा प्रमुख हथियारों के सह-उत्पादन को जारी रखने के लिए एक महत्वाकांक्षी योजना की घोषणा की। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ बातचीत के बाद कहा कि वह अरबों डॉलर की सैन्य आपूर्ति बढ़ाने के हिस्से के रूप में भारत को एफ-35 लड़ाकू विमान प्रदान करने का मार्ग प्रशस्त कर रहे हैं। लेकिन भारत और अमेरिका की इस रक्षा साझेदारी से अब पाकिस्तान बौखला गया है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने साथ ही घोषणा की कि अमेरिका एफ-35 स्टील्थ लड़ाकू जेट विमान की संभावित आपूर्ति सहित भारत को सैन्य हार्डवेयर की बिक्री में वृद्धि करेगा। खबरों के अनुसार, भारत और अमेरिका ने नई 10 वर्षीय रक्षा साझेदारी पर हस्ताक्षर करने तथा प्रमुख हथियारों के सह-उत्पादन को जारी रखने के लिए एक महत्वाकांक्षी योजना की घोषणा की। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ बातचीत के बाद कहा कि वह अरबों डॉलर की सैन्य आपूर्ति बढ़ाने के हिस्से के रूप में भारत को एफ-35 लड़ाकू विमान प्रदान करने का मार्ग प्रशस्त कर रहे हैं।

## एक नजर

### इलाहाबादिया को सुप्रीम कोर्ट से लगा झटका



**नई दिल्ली।** समय रैना के शो इंडियाज गॉट लेटेंट में रणवीर इलाहाबादिया बतौर जज शामिल हुए थे. पैरेंट्स पर किए गए कमेंट्स को लेकर वो बुरे फंस चुके हैं. समय के साथ ही रणवीर के खिलाफ भी एफआईआर दर्ज हुई हैं. मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंच चुका है. जहां शुक्रवार को कोर्ट ने तुरंत सुनवाई करने से इनकार करते हुए कहा है किरणवीर की याचिका पर कुछ दिन में सुनवाई होगी। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कहा कि सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर रणवीर इलाहाबादिया की अभद्र टिप्पणी के खिलाफ दर्ज एफआईआर के संबंध में दायर याचिका पर दो-तीन दिन में सुनवाई होगी. सीजेआई संजीव खन्ना और जस्टिस संजय कुमार की पीठ ने रणवीर की ओर से पेश वकील अभिनव चंद्रचूड़ से कहा कि याचिका को तुरंत सूचीबद्ध करने के लिए मामलों का मौखिक उल्लेख करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

### हाईकोर्ट के आदेश के बाद मोहन भागवत करेंगे सभा



**कोलकाता।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरसंघचालक मोहन भागवत की 16 फरवरी को पूर्वी बर्दवान के साईं कॉम्प्लेक्स में सभा हो रही है, लेकिन इस सभा को लेकर स्थानीय प्रशासन ने आपत्ति जताई थी, लेकिन प्रशासन की आपत्ति को खारिज करते हुए शुक्रवार को कलकत्ता उच्च न्यायालय ने पूर्वी बर्दवान के साईं कॉम्प्लेक्स में आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत की सभा को सशर्त अनुमति दे दी है। कलकत्ता हाईकोर्ट की न्यायमूर्ति अमृता सिन्हा ने मोहन भागवत की सभा की सशर्त अनुमति दी. 16 फरवरी को रविवार है. उस दिन स्कूल नहीं खुला रहेगा. कोई परीक्षा नहीं हो रही है. इसीलिए न्यायमूर्ति अमृता सिन्हा ने सशर्त सभा की अनुमति दी।

### आप नेता सत्येंद्र जैन की बढ़ी मुश्किलें



**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के नेता और पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन की मुश्किलें बढ़ गई है. आप के नेता के खिलाफ कोर्ट में ट्रायल चलाने के लिए गृह मंत्रालय ने राष्ट्रपति से इजाजत मांगी है. केंद्रीय गृह मंत्रालय ने आप नेता सत्येंद्र जैन की गिरफ्तारी की मांग की है. गृह मंत्रालय ने आप नेता के खिलाफ भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 218 के तहत अदालत में मामला चलाने के लिए अभियोजन की मंजूरी देने के लिए राष्ट्रपति से इजाजत मांगी। दरअसल, नियम के मुताबिक, किसी सरकारी अधिकारी पर धारा 215 के तहत भ्रष्टाचार का आरोप होता है तो अभियोजन के लिए उनके वरिष्ठ अधिकारी की लिखित शिकायत जरूरी होती है।

# सीएम हेमंत सोरेन, चंपाई समेत कई ने पुलवामा हमले में शहीद हुए वीर जवानों को किया नमन

- वीर जवानों के अदम्य साहस, वीरता व शौर्य का राष्ट्र सदैव ऋणी रहेगा : चंपाई
- वीर जवानों की शहादत को नहीं भूल सकते : डॉ इरफान



**दबंग हिंद संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने 14 फरवरी 2019 को पुलवामा हमले में शहीद हुए वीर जवानों को नमन किया। झारखंड के पूर्व सीएम और सरायकेला विधायक चंपाई सोरेन ने लिखा कि जम्मू-कश्मीर के पुलवामा में हुए आतंकी हमले में शहीद हुये भारत माता के वीर सपूतों को शत शत नमन. आपके अदम्य साहस, वीरता व शौर्य का राष्ट्र सदैव ऋणी रहेगा. जय हिंद, जय भारत। स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने वीर जवानों को श्रद्धांजलि देते हुए लिखा कि 14 फरवरी 2019 पुलवामा में शहीद हुए वीर जवानों को कोटि-कोटि नमन. उनकी शहादत को कभी नहीं भूल सकते। जय हिंद! डॉ इरफान अंसारी ने एक फोटो भी साझा की है, जिसमें लिखा है कि 14 फरवरी 2019 यह वही दिन है जब हमारे वीर जवानों पर कायराना हमला हुआ था. जिसमें 40 से ज्यादा सीआरपीएफ जवान शहीद हो गये. पाकिस्तान समर्थित आतंकवादी संगठन जैश-ए-मोहम्मद इसका जिम्मेदार था। झामुमो के केंद्रीय महासचिव मिथलेश ठाकुर ने भी पुलवामा आतंकी हमले में शीहद अमर बलिदानियों को श्रद्धांजलि दी है. उन्होंने 40 सीआरपीएफ जवानों की फोटो साझा कर लिखा कि पुलवामा के वीर शहीदों को कोटि-कोटि नमन. 14 फरवरी 2019- यह तारीख हर एक हिंदुस्तानी के दिल में दर्द और गर्व दोनों की भावना जगाती है. इस दिन हमारे 40 वीर जवानों ने अपने प्राणों की आहुति देकर मातृभूमि की रक्षा के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया।

# 20 फरवरी से पहले दिल्ली के सीएम का होगा शपथ ग्रहण

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के नए मुख्यमंत्री का शपथ ग्रहण समारोह 19 या 20 फरवरी को होने की संभावना है। विधायक दल की बैठक 17 या 18 फरवरी को हो सकती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शुक्रवार देर रात नई दिल्ली पहुंचने के बाद दिल्ली में सरकार गठन की तैयारियां तेज होने की संभावना है। सूत्रों ने इस बात की जानकारी दी है। इस मामले पर चर्चा के लिए पीएम मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा और अन्य शीर्ष बीजेपी नेताओं के बीच बैठक होगी।

48 विधायकों में से 15 नामों को शॉर्टलिस्ट किया गया और उनमें से नौ को मुख्यमंत्री, मंत्रियों और स्पीकर पदों के लिए चुना जाएगा। नई दिल्ली सीट पर केजरीवाल को



हराकर एक बड़े हत्यारे के रूप में उभरे परवेश वर्मा दिल्ली में संभावित मुख्यमंत्री चेहरों की सूची में सबसे आगे हैं। विजेंदर गुप्ता, एक वरिष्ठ भाजपा नेता, जो दिल्ली विधानसभा में विपक्ष के नेता के रूप में कार्य कर चुके हैं, सतीश उपाध्याय, एक प्रमुख ब्राह्मण चेहरा, जो पहले प्रदेश अध्यक्ष के रूप में कार्य कर चुके हैं, दिल्ली भाजपा के महासचिव आशीष सूद, जिनके केंद्रीय नेताओं के साथ घनिष्ठ संबंध हैं, और वैश्य समुदाय से आरएसएस के एक मजबूत सदस्य, जितेंद्र महाजन अन्य दावेदार हैं। दिल्ली में शनिवार को वोटों की गिनती के बाद भाजपा ने 70 सदस्यीय विधानसभा में 48 सीटें हासिल कर अपना 27 साल का लंबा इंतजार खत्म करते हुए दिल्ली की सत्ता में वापसी की।

### अमेरिका में अवैध प्रवासियों पर बोले पीएम मोदी

# भारत अपने नागरिकों को वापस लेने के लिए तैयार, मानव तस्करी खत्म करने की जरूरत

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ अपनी बैठक के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि भारत अपने नागरिकों को वापस लेने के लिए तैयार है, अगर वे अमेरिका में अवैध रूप से रह रहे हैं और मानव तस्करी के पारिस्थितिकी तंत्र को खत्म करने की जरूरत पर जोर दिया। पीएम मोदी ने यह भी विश्वास जताया कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप इस पारिस्थितिकी तंत्र को खत्म करने में भारत के साथ पूरा सहयोग करेंगे। जो लोग दूसरे देशों में अवैध रूप से रहते हैं, उन्हें



वहां रहने का कोई कानूनी अधिकार नहीं है। जहां तक भारत और अमेरिका का सवाल है, हमने हमेशा कहा है कि जो लोग सत्यापित हैं और वास्तव में भारत के नागरिक हैं - अगर वे अमेरिका में अवैध रूप से रहते हैं, तो भारत उन्हें वापस लेने के लिए तैयार है। पीएम मोदी ने द्विपक्षीय वार्ता के बाद राष्ट्रपति ट्रंप के साथ संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में एक सवाल का जवाब देते हुए कहा।

# राष्ट्रपति द्रौपदी पहुंची रांची, आज बीआईटी प्लैटिनम जुबली समारोह में होंगी शामिल

- द्रौपदी मुर्मू राजभवन में करेंगी रात्रि विश्राम
- शहर में जगह-जगह की गयी है बैरिकेडिंग
- शहर में मालवाहक वाहनों के प्रवेश पर रहेगी रोक

**दबंग हिंद संवाददाता**

**रांची।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू अपने दो दिवसीय झारखंड दौरे पर शुक्रवार की शाम रांची पहुंच चुकी हैं.



राजभवन पहुंचते ही राज्यपाल ने राष्ट्रपति का स्वागत किया. एयरपोर्ट से लेकर राजभवन तक पहुंचाने के दौरान पूरे रूट लाइन में रांची पुलिस ने कड़ी सुरक्षा व्यवस्था कर रखा था. 15 फरवरी को राष्ट्रपति बीआईटी मेसरा के प्लेटिनम जुबली समारोह की मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगी. राष्ट्रपति के रांची आगमन को लेकर सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम किए गए हैं. उनकी सुरक्षा में दस आईपीएस के अलावा 1000 पुलिसकर्मियों को तैनात किये गये हैं। राष्ट्रपति के आगमन को लेकर एयरपोर्ट से राजभवन तक जाने वाले रास्ते पर और राजभवन से बीआईटी मेसरा तक जाने वाले रोड के दोनों तरह जगह बैरिकेडिंग की गई हैं. साथ ही कई जगह ड्रॉप गेट बनाये गए हैं. ट्रैफिक संभालने के लिए ट्रैफिक डीएसपी, इंस्पेक्टर व पुलिसकर्मियों को हर रोड में तैनात कर दिया गया है.राष्ट्रपति का काफिला जैसे-जैसे आगे बढ़ता गया, ट्रैफिक को उसी हिसाब से खोल दिया गया. ट्रैफिक रोकने के लिए कई जगह बैरिकेडिंग भी की गई है।

# न्यू इंडिया को-ऑपरेटिव बैंक पर रिजर्व बैंक ऑफ ने लगाया प्रतिबंध, पैसा निकालने उमड़ी ग्राहकों की भीड़

**एजेंसी**

**मुंबई।** महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई में न्यू इंडिया को-ऑपरेटिव बैंक को आरबीआई ने बैन कर दिया है जिसके बाद इस बैंक के सभी शाखाओं पर लोगों की भारी भीड़ देखी जा रही है. लोग परेशान हैं. लोगों की मेहनत की कमाई बैंक में अटक गई है. किसी का 1 लाख जमा है तो किसी के रिटायरमेंट के पूरे 20 लाख रुपये फंसे हुए हैं, तो कई सोसाईटी का 40 से 50 लाख इस बैंक में फंस गया है. आरबीआई के नियम के मुताबिक, ग्राहक बैंक से सिर्फ 5 लाख तक अब निकाल सकते हैं और लॉकर के पैसे को निकाल सकते हैं। भारतीय रिजर्व बैंक ने न्यू इंडिया




को-ऑपरेटिव बैंक में भारी अनियमितताओं के चलते बैंक के कामकाज पर कई तरह के बैंकिंग कारोबार से जुड़े बैन लगा दिए हैं. बैंकिंग सेक्टर के रेगुलेटर भारतीय रिजर्व बैंक ने मुंबई बेस्ड न्यू इंडिया को-ऑपरेटिव बैंक के कामकाज पर कई तरह के प्रतिबंध लगाने का फैसला किया है। आरबीआई की इस बंदिश के बाद बैंक के डिपॉजिटर्स अब खातों में जमा अपनी गाढ़ी कमाई को भी नहीं निकाल सकेंगे. न्यू इंडिया को-ऑपरेटिव बैंक अब ना तो कोई लोन दे सकेगा और ना कोई डिपॉजिट ले सकेगा. गुरुवार 13 फरवरी 2025 के कारोबार बंद होने के बाद से ये बैन अगले छह महीनों के लिए लागू हो चुका है। गुरुवार 13 फरवरी 2025 को भारतीय रिजर्व बैंक ने न्यू इंडिया को-ऑपरेटिव बैंक में भारी अनियमितताओं के चलते बैंक के कामकाज पर कई तरह के बैंकिंग कारोबार से जुड़े बैन लगा दिए. आरबीआई के इस फैसले के बाद बैंक के डिपॉजिटर्स की मुसीबत बढ़ गई है. बैंक के खाताधारक अपने खाते से पैसे नहीं निकाल सकेंगे. 6 महीनों की रोक के बीच बैंक के हालात को सुधारने की कोशिश की जाएगी. छह महीने के बाद आरबीआई बैन के फैसले को रिव्यू करेगा।

## आरबीआई ने क्या कहा?

आरबीआई ने कहा कि बैंक की मौजूदा नकदी स्थिति को देखते हुए निर्देश दिया गया है कि वह जमाकर्ता के बचत बैंक या चालू खातों या किसी अन्य खाते से किसी भी राशि की निकासी की अनुमति न दे. हालांकि, बैंक कर्मचारियों के वेतन, किराए और बिजली के बिल जैसी कुछ आवश्यक मदों पर खर्च करने की इजाजत बैंक को दी गई है. आरबीआई ने साफ किया है कि 13 फरवरी, 2025 को बैंक के कारोबार बंद होने के बाद से बैंक बिना उसके अनुमति के ना को कोई लोन या एडवांस रकम देगा या उसका रिन्यूएल करेगा।

# अमेरिका से फिर आएगा अवैध प्रवासी भारतीयों से भरा विमान

**एजेंसी**

**वाशिंगटन।** अमेरिका में अवैध रूप से रह रहे भारतीयों से भरा एक और प्लेन 15 फरवरी यानी शनिवार को अमृतसर पहुंच रहा है। प्लेन में 119 लोग होंगे। इनमें पंजाब के 67 और हरियाणा के 33 लोग शामिल है। गौरतलब है कि 5 फरवरी को अमेरिका से 104 अवैध भारतीय प्रवासियों को लेकर एक विमान अमृतसर लौटा था. ये वो भारतीय थे, जो अमेरिका में बिना किसी दस्तावेज के रह रहे थे। डोनाल्ड ट्रंप सरकार ने ऐसे 20 हजार भारतीयों की पहचान की है, जो वहां बिना किसी कागजात के अवैध रूप से रह रहे हैं।

**अवैध आव्रजन के मुद्दे पर क्या बोले मोदी :** मोदी




ने व्हाइट हाउस में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ संयुक्त संवाददाता सम्मेलन के दौरान अवैध आव्रजन के मुद्दे पर पूछे गए एक सवाल के जवाब में कहा कि यह केवल भारत का सवाल नहीं है बल्कि एक वैश्विक मुद्दा है। हमारा मानना है कि कोई भी व्यक्ति जो दूसरे देश में अवैध तरीके से प्रवेश करता है और रहता है, उसे उस देश में रहने का कोई कानूनी अधिकार या प्राधिकार नहीं है। मोदी ने कहा कि जहां तक भारत और अमेरिका की बात है, हमने हमेशा कहा है कि जो लोग सत्यापित भारतीय नागरिक हैं और जो अमेरिका में अवैध रूप से रह रहे हैं।

# चार अपराधियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**दबंग हिंद संवाददाता**

**चास।** जिले में बैंक से पैसे निकालने के बाद हुई झपटमारी की सनसनीखेज वारदात मे पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए अंतर प्रांतीय गिरोह के चार अपराधियों को धर दबोचा। इन अपराधियों के पास से तीन मोबाइल डिक्की तोड़ने का औजार तीन मोटरसाइकिल सहित अन्य सामान बरामद किया है इस संदर्भ में आरक्षी उपाधीक्षक चास प्रवीण कुमार सिंह के द्वारा प्रेस को दी गई जानकारी में बताया गया कि गत वर्ष 26 नवंबर को जगदीश मांझी, पिता-स्व. मोहन मांझी, निवासी ग्राम-कुरमा, पोस्ट-काशी झरिया, थाना-पिण्ड्राजोरा द्वारा बैंक ऑफ इंडिया बाघमारा से कुल 28,000 रुपये की निकासी कर अपने भतीजे के साथ मोटरसाइकिल से घर लौट रहे थे। इसी दौरान, दो अज्ञात पल्सर मोटरसाइकिल चालकों ने चिरा चास थाना अंतर्गत एन एच-32 तलगड़िया मोड़ स्थित रिलायंस पेट्रोल पंप के पास उनसे झपट्टा मारकर रुपये एवं बैंक से संबंधित दस्तावेज छीन लिए और फरार हो गए।इस संबंध में चीरा चास थाना कांड संख्या-92/2024 प्राथमिकी दर्ज की गई। अनुसंधान के क्रम में गुप्त सूचना के आधार पर छापामारी कर कांड में संलिप्त अप्राथमिकी अभियुक्तों को



गिरफ्तार किया गया। उनके निशानदेही पर लूटे गए बैंक से संबंधित दस्तावेज, अन्य महत्वपूर्ण कागजात, घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल एवं 4,000 रुपये बरामद किए गए।गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम प्रकाश दास, पिता-लखबीदर दास, ग्राम-मुसखटाल मदासी पाड़ा, 4 नंबर भांगा केबिन, पुरषोत्तमपुर दीपक राव, पिता-महावीर राव, ग्राम-शेखपुरा, पोस्ट व थाना-पाण्डुवा, जिला-हूगली पश्चिम बंगालअर्जुन राव उर्फ कुशल राव उर्फ कुश, पिता-जगरनाथ राव, वर्तमान पता-ग्राम शेखपुकुर, पोस्ट व थाना-पाण्डुवा, जिला-हूगली पश्चिम बंगाल स्थायी पता-ग्राम पूवोकोट, थाना-कोराई, जिला-जाजपुर ओडिशा विक्रम राव, पिता-विश्वनाथ राव, ग्राम-शेखपुकुर, पोस्ट व थाना-पाण्डुवा, जिला-हूगली पश्चिम बंगाल बताया जाता है। पुलिस ने इनके पास से 3 एंड्रॉयड मोबाइल 3 मोटरसाइकिल,मोटरसाइकिल का डिक्की तोड़ने के लिए प्रयोग किया जाने वाला लोहे का टी आकार का औजार 3 एक लोहे का हथौड़ा बरामद किया है।एसडीपीओ ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्तों के खिलाफ विभिन्न जिलों में पूर्व में भी कई आपराधिक मामले दर्ज हैं, जिनमें लूट, डकैती एवं अन्य गंभीर अपराध शामिल हैं। अभियुक्तों के नाम से संबंधित विभिन्न थाना कांडों की सूची संलग्न की गई है।छापामारी दल में शामिल पुलिसकर्मियों मे चंदन कुमार दूबे थाना प्रभारी चीरा चास राजकपूर सेठ चिरा चास थाना संदीप कुमार बालीडीह थाना नीतीश कुमार चास मु. थाना धीरेन कुमार सहित सशस्त्र बल शामिल थे।

# मजदूरो का महासमागम होगा ऐतिहासिक पांच हजार डेलीगेट लेंगे भाग : राजेंद्र

**दबंग हिंद संवाददाता**

**बोकारो।** क्रान्तिकारी इस्पात मजदूर संघ सम्बद्ध हिन्द मजदूर सभा का 13वाँ एकदिवसीय द्विवार्षिक महासम्मेलन 16 फरवरी रविवार को बोकारो इस्पात नगर के जनवृत 2 कला केंद्र में होगा।महासम्मेलन को लेकर मजदूरो मे उत्साह का वातावरण है।संयंत्र के अंदर पोस्टर एवं शहर के मुख्य मार्ग युनियन के झण्डो,बैनरो से पटे पड़े हैं। महासम्मेलन की तैयारी को लेकर युनियन के प्रधान कार्यालय जनवृत 9 मे एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया जिसमे युनियन के महामन्त्री सह-सदस्य एनजेसीएस राजेंद्र सिंह ने कहा कि हर दौ वर्षों मे युनियन का महासम्मेलन होता है।कहा कि सदस्यो एवं कार्यकर्ताओ का उत्साह बता रहा है कि मजदूरो का



महासमागम ऐतिहासिक होगा। महासम्मेलन मे यूनियन अध्यक्ष झरिया की पूर्व विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह मजदूरो एवं प्रतिनिधियो को संबोधित करेंगी। वहीं मुख्य अतिथि के रूप में स्टील, मेटल एंड इंजीनियरिंग वर्कर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया एसएमईएफआई एच.एम.एस के राष्ट्रीय महामन्त्री सह सदस्य एनजेसीएस संजय बढ़ावकर मजदूरो का उत्साहवर्धन करेंगें।महासम्मेलन में बोकारो इस्पात संयंत्र के नियमित और ठेका मजदूरो साथ किरिबुरू आयरण ओर माइंस, गुवा ओर माइंस, मेघाहाताबुरू आयरण ओर माइंस, मनोहरपुर ओर माइंस चिरिया तथा बुलानी ओर माइंस,क्योंझर उड़ीसा के प्रतिनिधि भाग लेंगे। लगभग पाँच हजार डेलिगेट्स प्रतिनिधि पिछले दौ वर्षों मे युनियन की गतिविधियो एवं पूर्व कमिटी के कार्यो की समीक्षा के साथ-साथ वर्तमान परिद्दश्य मे मजदूरो की समस्याओ और चुनौतियो पर चर्चा करते हुए आगे की रणनीति पर पूरे दिन मंथन करेंगे।बताया कि संघ के खुले अधिवेशन में आगामी दौ वर्षो के लिये लोकतांत्रिक प्रकिया के अनुसार संघ के नयी कमिटी का गठन होगा।प्रेस वार्ता में आर के सिंह, रमेश राय, शशिभूषण, एस.सी कुम्भकार,विपिन कुमार सिंह,शम्भु प्रसाद,दुर्गेश कुमार,विनोद कुमार शाव, मनोज ठाकुर, राजेश महतो, अम्बेडकर, प्रदीप महतो,विजय, सुमन पासवान, मनोज कुमार सिंह, संतोष गुप्ता, रविंद्र नाथ दुबे आदि उपस्थित थे।

# पुनर्वास क्षेत्र में मना शहीद महेश गोराई का शहादत दिवस



**दबंग हिंद संवाददाता**

**बोकारो।** रितुडीह पुनर्वास क्षेत्र में शहीद महेश गोराई का शहादत दिवस मनाया गया। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए स्मारक समिति के सचिव राज कुमार गोराई ने कहा कि शहीद महेश गोराई की शहादत आज ही के दिन वर्ष 1998 को आततायियों ने कर दी थी।उन दिनों लोकसभा चुनाव में वे कामरेड ए के राय के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम कर रहे थे।वे बोकारो इस्पात संयंत्र से हुए विस्थापितों के आंदोलन के अगुआ थे। हमेशा गरीबों, मजलूमों के हक हुकूक की आवाज बन कर संघर्ष के मैदान में रहते थे। उनका व्यक्तिगत जीवन काफी सरल व सहज उपलब्ध रहा करते थे। माफियाओं द्वारा जल जंगल जमीन कब्जा करने के खिलाफ वे एक बुलंद आवाज थे।जो माफियाओं को रास नहीं आ रही थी। लेकिन उनके एक आवाज को बंद कर देने से जल जंगल जमीन की लड़ाई कमजोर नहीं बल्कि और आंदोलन तीखा हुआ है। आज भी उनके संघर्षों को हम याद करते हैं और एक समझौता विहीन संघर्ष ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। श्रद्धांजलि सभा को शांति भारत, मोती लाल महतो, मनिलाल सिंह,मदन मोहन महतो,कल्याणी सिंह, अरविंद कुमार, विजय घटवार,मो अब्बास, काशी नाथ गोराई, सम्स तबरेज अंसारी, दिनेश बेसरा, विद्याधर गोस्वामी, अब्दुल रउफ अंसारी, नागेश्वर रजवार आदि ने भी संबोधित किया।

# एनएससी सुकून बुजुर्ग मनोरंजन केंद्र ने बुजुर्गो को प्यार की सौगात देकर मनाया सम्मान दिवस

**दबंग हिंद संवाददाता**

**चास।** शुक्रवार को रामनगर कॉलोनी स्थित एनएससी सुकून बुजुर्ग मनोरंजन केंद्र ने बुजुर्ग सम्मान दिवस मनाकर बुजुर्गों को अपने किरदार का सुखद अहसास कराया। उल्लेखनीय है कि आज जब पूरा विश्व वैलेंटाइन डे मना रहा है तब यह संस्था माता-पिता और बुजुर्गों को प्यार की सौगात देकर उन्हें अपने उपस्थिति का महत्व समझाने के लिए सम्मान दिवस मना कर समाज के लिए एक अनोखा उदाहरण प्रस्तुत कर रहा है। संस्था को चलाने वाले अनन्त कुमार सिन्हा और उनकी धर्मपत्नी नूतन श्रीवास्तव कार्यक्रम को शुरू करने के क्रम में संस्थान के बच्चों के साथ बुजुर्गों के चरण धोकर उन्हें तिलक लगाकर अपने भावनात्मक लगाव को दर्शाया। उपस्थित सभी बुजुर्ग इस कार्यक्रम में शामिल होकर बहुत सुखद अनुभूति पा रहे थे बुजुर्गों पर पुष्प वर्षा



की गई उनके मनपसंद गीत कविता रचनाओं की प्रस्तुति की गई। इस अवसर पर संस्था के संचालक पी .एन .लाल ने इस तरह के प्रयास की काफी सराहना की और संस्था के सक्रिय सदस्य के रूप में श्याम जैन, एन शर्मा, कैलाश जायसवाल, भगवान जी मंजू पाठक, बिंदु देवी, संजू सिन्हा, विभा सिंह ने मनमोहक प्रस्तुति दी इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में डॉक्टर एसपी वर्मा, अंजनी सिन्हा, भैया प्रीतम, राज श्रीवास्तव, ओ पी बरनवाल, अमर चौरसिया, संजय, सुषमा मौजूद रहे। संस्था के छात्रों ने भजन और गीत गाकर बुजुर्गों का मनोरंजन किया इस अवसर पर बोलते हुए संस्था के अनंत कुमार सिन्हा सर ने बताया कि हमारी यह कोशिश है कि बुजुर्गों को कुछ समय देकर उन्हें एकरसता और निराशा भरे जीवन से उबारा जाए। नूतन श्रीवास्तव ने बताया कि हमारी यह कोशिश रहती है कि छोटे-मोटे कार्यक्रमों के माध्यम से हम बुजुर्गों को सम्मान देते हुए समाज के लिए भी एक आदर्श प्रस्तुत करें कि आज के बच्चों को भी इस अनुभवी पीढ़ी की जरूरत है और हमें बच्चों के परवरिश में उनका मार्गदर्शन मिले साथ ही साथ उन्हें घर में भी भरपूर सम्मान मिले।

# झारखंड आफिसर टीचर्स एम्पलाई फेडरेशन की बैठक

**दबंग हिंद संवाददाता**

**जारंगडीह।** झारखंड ऑफिसर टीचर्स एंप्लॉई फेडरेशन के तत्वाधान में राज्य के सरकारी कर्मचारियों के हितार्थ ज्वलंत मांगों को लेकर राजेंद्र उच्च विद्यालय जारंगडीह परिसर में गुरुवार को प्रदेश अध्यक्ष विक्रांत सिंह एवं राज्य कमेटी के नेतृत्व में राज्य अंतर्गत समस्त जिलों में हस्ताक्षर अभियान की शुरूआत की जा रही है।हस्ताक्षर अभियान का उद्देश्य कर्मचारियों के ज्वलंत एवं न्याय उचित मांग से सरकार को अवगत कराने हेतु सामूहिक ज्ञापन सौपना है इस निमित बोकारो जिला में प्रखंड से लेकर राज्य स्तर तक के चरणबद्ध कार्यक्रम का शेड्यूल भी जारी कर दिया है।संगठन के द्वारा वर्तमान सरकार के समक्ष अपने चार्टर्ड ऑफ डिमांड के प्राथमिक मांगों को



रखा गया है जिसमेंशिक्षक संवर्ग को अन्य राज्य कर्मियों की भांति का लाभ ,राज्य कर्मियों केसेवानिवृति की उम्र को 62वर्ष करना ,केंद्रीय कर्मचारियों की भांति राज्य कर्मियों को शिशु शिक्षण भता का लाभ देना इस संदर्भ में जिलाध्यक्ष सह उपमहासचिव संजय कुमार ने कहा कि झारखंड सरकार ने पिछले कार्यकाल में राज्य कर्मियों को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए जिससे स्पष्ट है कि वर्तमान सत्तारूढ़ दल राज्य कर्मियों के हित पर काम करने को लेकर सकारात्मक है। इस अभियान को सफल बनाने में जिला कोषाध्यक्ष बिनोद बिहारी विश्वकर्मा, जिला कार्यक्रम प्रभारी पंकज कुमार सिंह के साथ बेरमो प्रखंड के अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष के साथ शिवशंकर सागर, शेष नाथ रूज, अन्य सदस्यों ने महती भूमिका निभाई है।

# विभिन्न मांगों को लेकर यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस ने किया विशाल प्रदर्शन

## सरकार ने नहीं मानी मांगे तो 24 और 25 मार्च को होगा बैंकों में हड़ताल

**दबंग हिंद संवाददाता**

**बोकारो।** आगामी दिनांक 24 एवं 25 मार्च को घोषित दो दिवसीय बैंक हड़ताल को सफल करने एवं अपनी मांगों के समर्थन में घोषित आंदोलनात्मक कार्यक्रमों के आलोक में आज यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस बैंक में कार्यरत सभी यूनियनों का यूनाइटेड फोरम है के बैनर तले चास बोकारो के सभी बैंक कर्मचारी एवं अधिकारियों ने सैकड़ो की संख्या में उपस्थित होकर स्थानीय भारतीय स्टेट बैंक सेक्टर 4 सिटी सेंटर के सामने विशाल प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन मूलतः ग्राहक सेवा में सुधार हेतु सभी संवर्गों में समुचित बहाली, पांच दिवसीय बैंकिंग, इंडियन बैंक एसोसिएशन सभी बैंकों की शीर्ष प्रबंधन की सम्मिलित अधिकारिक संस्था के साथ लंबित मुद्दों का शीघ्र




निपटारा, बैंक प्रबंधनों द्वारा लगातार द्विपक्षीय समझौता का उल्लंघन आदि मुख्य मांगे शामिल है को लेकर हुआ। इस प्रदर्शन को संबोधित करते हुए यूएफबीयू के बोकारो जिला उप संयोजक राघव कुमार सिंह ने कहा इंडियन बैंक एसोसिएशन द्वारा यूएफबीयू के साथ हुई वाताओं में अनेक लंबित मुद्दों को सुलझाने की बात कही गई थी। जिसमें पांच दिवसीय बैंकिंग के साथ-साथ सभी संवर्गों में समुचित बहाली करने की बात की गई थी। मौखिक सहमति के बावजूद भी लंबित मुद्दे पर इंडियन बैंक एसोसिएशन द्वारा किसी प्रकार की सकारात्मक पहल अभी तक नहीं की गई है। साथ ही भारत सरकार अपने वित्तीय सेवा विभाग के माध्यम से अनावश्यक बैंकों में लगातार दखल दे रही है, जिससे जहां एक ओर ग्राहक सेवा में दिन प्रतिदिन ह्रास हो रहा है वहीं बैंक में कार्यरत कर्मचारियों एवं अधिकारियों को आसहनीय कार्य बोझ एवं तनाव से ग्रसित होने के लिए विवश किया जा रहा है।यदि सरकार एवं आईबीए हमारी उपरोक्त मांगों पर जल्द से जल्द सकारात्मक रूख नहीं अपनाती है तो हमें आंदोलन को और तीव्र करना होगा एवं 24 तथा 25 मार्च को आयोजित दो दिवसीय हड़ताल को पूर्ण सफल करना होगा। हम अपने ग्राहकों के प्रति क्षमा प्रार्थी हैं कि इस हड़ताल से थोड़ी कठिनाई उनको हो सकती है, लेकिन ग्राहक सेवा में सुधार हो यह भी हमारे आंदोलन का प्रमुख मुद्दा है। प्रदर्शन को संबोधित करते हुए अन्य वक्ताओं ने कहा कि बैंक जहां उत्तरोतर हमारे मेहनत से प्रत्येक वर्ष अपने लाभ वृद्धि कर रही है वही हमें अपने बड़ी भक्ति एवं मेहनत आना के लिए इस तरह संघर्ष करने के बाद धोना पड़ रहा है यह दुर्भाग्यपूर्ण है।

# सीसीएल प्रबंधन के खिलाफ इनमोसा आर-पार की लड़ाई लडेगी : विजय



**दबंग हिंद संवाददाता**

**फुसरो।** इंडियन नेशन माइन ऑफिसियल एंड सुपरवाइजरी स्टाफ एसोसिएशन (इनमोसा) केंद्रीय समिति की बैठक शुक्रवार को सीसीएल ढ़ोरी ऑफिसर्स क्लब में पवन कुमार सिंह की संचालन में हुई। बैठक में सीसीएल प्रबंधन द्वारा इनमोसा की मांगों को नजर अंदाज करने, इनमोसा सदस्यों के समस्याओं का निराकरण नहीं करने पर रोष जताया गया. प्रबंधन के रवैये के खिलाफ चरणबद्ध आंदोलन करने का निर्णय लिया गया। इसके तहत आंदोलन के प्रथम चरण 24 फरवरी को परियोजना कार्यालय के समक्ष विशाल प्रदर्शन, दूसरे चरण में 3 मार्च को सभी एरिया कार्यालय तथा तीसरे चरण में 10 मार्च को सीसीएल मुख्यालय रांची में प्रदर्शन करने तथा चौथे चरण में 24 से 26 मार्च तक तीन दिनों की सामूहिक अवकाश करने का निर्णय लिया गया।बैठक में कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार सिंह ने कहा कि 9 सूत्री मांगों पर सीसीएल प्रबंधन एवं इनमोसा के बीच पूर्व में वार्ता में हुई थी। लेकिन मांगों पर प्रबंधन द्वारा कोई पहल नहीं की गयी। इससे इनमोसा सदस्यों में आक्रोश बढ़ रहा है। सीसीएल प्रबंधन के खिलाफ इनमोसा आर-पार की लड़ाई लडेगी। मौके पर विजय कुमार सिंह, राष्ट्रीय अध्यक्ष (सेंट्रल) सह उप महामंत्री (सी सी एल), एवं तीनों क्षेत्रों के क्षेत्रीय अध्यक्ष व सचिव शाखा अध्यक्ष व सचिव सहित कई लोग मौजूद थे।

# त्रैवार्षिक अधिवेशन में शामिल

**दबंग हिंद संवाददाता**

**बेरमो।** बेरमो कोयलांचल से प्रतिनिधित्व के रूप में कथारा क्षेत्र से रामेश्वर कुमार मंडल केंद्रीय संयुक्त सचिव दिलीप कुमार कार्य अध्यक्ष टिकैत महतो क्षेत्रीय अध्यक्ष एवं बेरमो से दिलीप मलिक ढोरी रविंद्र कुमार मिश्रा सलाहकार समिति सदस्य विनय सिंह क्षैत्रिय सचिव कुलदीप क्षेत्रिय अध्यक्ष एवं सीसीएल महामंत्री शशि भूषण सिंह एवं अध्यक्ष निर्गुण महतो टोटल45 लोग प्रतिनिधित्व करने पहुंचे जिसमें सीसीएल से संजय कुमार चौधरी परिवार क्षेत्र को अखिल भारतीय खदान मजदूर संघ के अध्यक्ष निर्वाचित किया गया एवं पूरे कोयला से 10 राज्यों से 800 प्रतिनिधित्व करने पहुंचे थे इसमें कोयला मंत्री जी मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

**दबंग हिंद संवाददाता**

फुसरो। स्थानीय विद्यालय अनपति देवी सरस्वती शिशु विद्या मंदिर फुसरो में शुक्रवार को स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का आयोजन उरफके तत्वावधान में किया गया था।इस कार्यक्रम में विद्यालय के सचिव अमित कुमार सिंह,कस्तूरबा श्री विद्या निकेतन के सचिव धीरज पाण्डेय,शिशु मंदिर तुपकाडीह के प्रधानाचार्य मंटू गिरी मुख्य रूप से उपस्थित थे।आए हुए डॉक्टर्स की टीम में डॉक्टर रुखसाना,अजय कुमार झा,प्रीती लता बनर्जी,अणिमा तिर्की,मनोज गंझू आदि शामिल थे। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने आए हुए डॉक्टर्स की टीम को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया।

# सीएमडी ने ढोरी क्षेत्र का किया निरीक्षण

**दबंग हिंद संवाददाता**

**फुसरो।** सीसीएल के सीएमडी नीलेंदू कुमार सिंह ने सीसीएल के ढोरी एरिया का दौरा किया। दौरे के क्रम में क्षेत्र केएसडीओसीएम और एएडीओसीएम परियोजना का निरीक्षण किया।इस अवसर पर सीएमडी सिंह ने ढोरी जीएम रंजय सिंहा से कोयला उत्पादन व डिस्पैच से संबंधित जानकारी ली। साथ ही परियोजना का नक्शा का अवलोकन करते हुए उत्पादन में तेजी लाने का निर्देश दिया।मौके पर सीएमडी सिंह ने कहा कि देश के ऊर्जा में कोयला की महत्वपूर्ण भूमिका है। इसलिए लक्ष्य के अनुसार उत्पादन और कोयला का सम्प्रेषण करना है। साथ ही उन्होंने अधिकारीयों को एएडीओसीएम परियोजना से बेहतर



कोयला उत्पादन की तैयारी में लग जाने को कहा।कहा कि सीसीएल के 14 एरिया है। चालू वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए एक सौ मिलियन टन का कोयला उत्पादन लक्ष्य निर्धारित है। कहा कि सीसीएल ने जिस तरीके से तैयारी कर रखी है कि मुझे आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि सौ मिलियन टन कोयला उत्पादन का लक्ष्य प्राप्त कर लेगें।कहा कि सीसीएल में नयी परियोजनाओ को खोलेने की योजना है। बंद तारमी ओसीपी परियोजना के लिए भी विशेष ध्यान केंद्रित है। वहीं एसडीओसीएम परियोजना का विस्तारीकरण पर विचार किया जा रहा है। उन्होनें बताया कि हाईवाल से नये तकनीकी के तहत अंडर ग्राउंड कर हाईवाल माइनिंग द्वारा कोयला उत्पादन की योजना है। कहा कि ढोरी एरिया के अमलो माइन्स के हाईवाल माइनिंग के तहत नये तकनीकी से कोयला उत्पादन का किया जायेगा।कहा कि चालू वित्तीय वर्ष में उत्पादन लक्ष्य हर हाल मे पूरा करना है।मौके पर ढोरी जीएम रंजय सिंहा, एसओ माइनिंग अमिताभ तिवारी, अमलो पीओ राजीव कुमार सिंह, ढ़ोरी खास पीओ रंजीत कुमार, एसडीओसीएम कल्याणी पीओ शैलेश प्रसाद, एसओपी माला कुमारी एसओ ईएंडएम जी मोहंती, एसओ सिविल मनोज कुमार, एसओएक्स यू के पासवान, एरिया सुरक्षा पदाधिकारी सुरेश सिंह, प्रबंधक मुन्नीनाथ सिंह,एरिया सेल ऑफिसर राजेश कुमार गुप्ता सेल ऑफिसर विवेक कुमार व डी के सिंहा,, पीई एस सी सिंहा, मजदूर नेता राजेश कुमार सिंह गणेश मल्लाह, इनमोसा नेता पवन सिंह व मदन सिंह, समाजसेवी दौलत महतो, पूर्व मुखिया नकुल महतो, मुरारी प्रसाद सिंह सहित कई अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

## एक नजर

### नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आज

**दबंग हिंद संवाददाता**

**बोकारो।** पटेल सेवा संघ बोकारो के द्वारा पहली बार विराट स्तर पर निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन 15 फरवरी को सरदार पटेल पब्लिक स्कूल सेक्टर 9 में किया जाएगा पटेल सेवा संघ के अध्यक्ष मनोज कुमार ने बताया कि इस आयोजन से संघ के तथा उनके परिजनों के साथ बोकारो के सभी नागरिकों को इसका लाभ मिल सकता है उन्होंने बताया कि पश्चिम बंगाल के दुगापुर से स्पेशलिटी मिशन अस्पताल के डॉक्टर तीर्थ मुखर्जी एवं डॉक्टर तारक इस स्वास्थ्य जांच शिविर में रोगियों को अपनी सेवा देंगे कार्यक्रम में महासचिव प्रवीण कुमार ने बताया कि सरदार पटेल पब्लिक स्कूल में आयोजित इस कार्यक्रम में कोई भी आमजन अपने स्वास्थ्य की निशुल्क जांच करवा सकते हैं या शिविर सुबह 10:30 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक चलेगा।

### महाकुंभ जाने वाले श्रद्धालुओं के तादाद में नहीं आ रही कमी

**दबंग हिंद संवाददाता**

**बोकारो।** प्रयागराज जाकर संगम में डुबकी लगाने वाले श्रद्धालुओं के तादाद में कमी नहीं आ रही है बोकारो से रोजाना हजारों की संख्या में श्रद्धालु प्रयागराज के लिए रवाना हो रहे हैं हालांकि महाकुंभ से लौटने वाले श्रद्धालुओं के मुताबिक उत्तर प्रदेश की सरकार की ओर से काफी बेहतर व्यवस्था की है परंतु चित्रकूट समस्याएं बनी हुई है इन लोगों का कहना है कि जाम की वजह से काफी परेशानी होती है और नेशनल हाईवे पर जाम में फंसने का कारण खाने पीने के सामानों की भी कमी हो जाती है जिसके कारण खासकर बुजुर्गों बच्चों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है हालांकि ट्रेन से जाने वाले श्रद्धालु जाने को जा रहे हैं परंतु अभी कई दिनों तक श्रद्धालुओं का टिकट वेटिंग मिल रहा है जिसके कारण सड़क मार्ग से जाने वालों की संख्या में काफी इजाफा हुआ है श्रद्धालुओं का कहना है कि पहले अखाड़ा और संतों के लौट जाने के बाद भीड़ में भारी कमी आ जाती थी परंतु इस बार ठीक इसके उल्टा हो रहा है अखाड़ा और संतो के लौट के बावजूद श्रद्धालुओं के भीड़ में कमी नहीं आ रही है प्रत्यक्षदर्शी के अनुसार महाकुंभ में अभी भी रोजाना 50 लाख से अधिक श्रद्धालु कुंभ में स्नान कर रहे हैं पुनः शिवरात्रि के समय श्रद्धालुओं की संख्या करोड़ों में होने की संभावना है।

### सेवानिवृत्त कर्मी डिमांड लेटर में आए रकम को अवश्य करे जमा

**दबंग हिंद संवाददाता**

**बोकारो सिटी।** बीएसआरईए के सालाना पिकनिक सह जी बी मीटिंग का आयोजन सिटी पार्क में सम्पन हुआ, इस सम्मलेन की अध्यक्षता संगठन के अध्यक्ष एच सी पी बर्णवाल ने की.इसमें 300 लोगों ने भाग लिया ।सबसे पहले 80 साल से ज्यादा उम्र के 4 लोगों एक्स ई डी एन के सिंह, आर एन प्रसाद, उपाध्यक्ष डी पी सिंह एवं अवर महामंत्री एस एस गुप्ता को शाल ओढा कर समानित किया गया 'इसमें शामिल प्रमुख लोगों में एक्स ई डी कार्मिक एन के सिंह, पूर्व महाप्रबंधक आई टी मधु सूदन शर्मा , महाप्रबंधक अग्निशमन एवं सुरक्षा एस पी सिंह अनेको एच ओ डी और अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल हुए. ।एसोसिएशन की ओर से कार्यकारी अध्यक्ष एम पी सिंह उपाध्यक्ष डी पी सिंह और चन्द्रमा सिंह. अवर महामंत्री एस एस गुप्ता, उदय शर्मा, रणजीत सिन्हा, नरेन्द्र कुमार, आर के पी सिंह कशियर बी के बिपिन, एवं सहायक केशियर जगदीश सिंह आदि उपस्थित थे ।इसमें पेंशन के सबंध में सबों से अपील की गई कि डिमांड लेटर में आये रकम को अवश्य जमा किया जाना चाहिए। क्योंकि इसका विकल्प फिक्सड डिपॉजिट और पी एफ नहीं हो सकता है.पेंशन की रकम हर माह आएगी।पर्क के मिले पैसे में कोर्ट के आदेश के अनुसार 18% इंटरेस्ट देने के आदेश को लागू कराने के लिए हर संभव यह संगठन प्रयास करेंगी यह पेमेंट फरवरी माह में हो जायेगा।मेडिक्लेम में और सुधार के लिए अप्रैल 9-10 को राँची में आयोजित होने जा रहीं फोर्स की अपैक्स कौंसिल की मीटिंग में निर्णय लिया जायेगा। लीज होल्डर्स के महामंत्री एल एन केशरी नॉमिनेशन वाले मामले को जल्द सुलझाने के लिए प्रयास करने की बात की।

### कांग्रेसियों ने दी पुलवामा के शहीदों को श्रद्धांजलि

**दबंग हिंद संवाददाता**

**बोकारो।** जिला कांग्रेस के अध्यक्ष उमेश प्रसाद गुप्ता ने सेवादल प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष नवीन सिंह के बोकारो आगमन पर जिला कांग्रेस कार्यालय दुंदीबाग मे स्वागत किया। इस मौके पर 14 फरवरी 2019 को जम्मू-कश्मीर के पुलवामा में हुए आतंकी हमले में शहीद मां भारती के वीर जवानों के प्रति 1 मिनट का मौन रख कर विनम्र श्रद्धांजलि दिया गया।मौके पर श्री गुप्ता ने जम्मू-कश्मीर के पुलवामा में हुए आतंकी हमले में शहीद हुये भारत माता के वीर सपूतों को शत शत नमन करते हुऐ कहा कि उनके अदम्य साहस, वीरता व शौर्य का राष्ट्र सदैव ऋणी रहेगा। कहा कि कुछ सवाल जिनके जवाब आज तक नहीं मिले जिसमे पुलवामा आतंकी हमले में इस्तेमाल हुआ 300 किलो आरडीएक्स कहां से आया मोदी सरकार ने सीआरपीएफ को एयरक्राफ्ट देने से क्यों मना किया बटालियन के जाने से पहले सड़क मार्ग सैनिटाइज क्यों नहीं किया गया ये हमला किसकी नाकामी से हुआ पुलवामा आतंकी हमले के बाद गवर्नर को नरेंद्र मोदी ने 'चुप रहने' की धमकी क्यों दी इन सवालों के जवाब मोदी को देने चाहिए।मौके पर दिनेश सिंह, राजीव सिंह,वीरेंद्र साह,नरेश प्रसाद सिंह,अनिल सिंह,देवेंद्र तिवारी, विद्या भूषण प्रसाद सहित अन्य उपस्थित थे।

### आर्ट ऑफ लिविंग की शिक्षिका बनने पर अनुयायियों ने किया स्वागत

**दबंग हिंद संवाददाता**

**चास।** आर्ट ऑफ लिविंग बोकारो इकाई के द्वारा आज आर्ट ऑफ लिविंग सेंटर पर राष्ट्रीय महिला दिवस के शुभ अवसर पर आर्ट ऑफ लिविंग की शिक्षिका बनने पर पुष्पा जी को आर्ट ऑफ लिविंग के अनुयायियों की ओर से स्वागत किया गया। आर्ट ऑफ लिविंग की किरण मिश्रा पीसी मिश्रा कुसुम गुप्ता पुष्प गुच्छ देकर एवं शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। प्रवक्ता संजय सोनी ने कहा कि बोकारो में बेंगलुरु आश्रम से आर्ट ऑफ लिविंग की टीचर पुष्पा जी को बनाया गया है से आर्ट ऑफ लिविंग के अनुयायियों को बहुत कुछ सीखने की जरूरत है। पुष्पा जी ने आर्ट ऑफ लिविंग मैं अपने अनुभव को भी शेयर किया। राष्ट्रीय महिला दिवस पर सबको बधाइयां दी और कहा कि आज की महिलाएं शासन प्रशासन व्यापार विज्ञान के क्षेत्र में महिलाएं नेतृत्व कर रही है यह देश के लिएगर्व की बात है।

### 10वीं के छात्र अभिभावकों के लिए इंटरैक्टिव सत्र का आयोजन

**दबंग हिंद संवाददाता**

**गोमिया।** गोमिया पीटस मॉडर्न स्कूल में दसवीं कक्षा के छात्रों और उनके अभिभावकों के लिए एक दिन प्रेक्टिस सत्र का दिन किया गया इस कार्यक्रम में अन एकेडमी के पूर्व उपाध्यक्ष और इनोवरटन संस्थापक प्रशांत शमार्ने शिक्षण रणनीतियों और छात्र केंद्रित दृष्टिकोण पर जानकारी साझा की। विद्यालय के प्रचार बृजमोहन लाल दास ने कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए स्कूल की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया उन्होंने बताया कि स्कूल नई तकनीको को अपना कर छात्रों को परीक्षा की तैयारी में सहयोग कर रहा है और शिक्षकों को भी उन्नत तकनीकों का विशेष प्रशिक्षण दिया जा रहा है। कार्यक्रम का समापन एसएससी 2025 एडमिट कार्ड वितरण के साथ हुआ जिसमें आभिभावको के हस्ताक्षर लिए साथ ही विद्यालय के प्राचार्य ने आभिभावक के भागीदारी के लिए आभार जताया छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए स्कूल की प्रतिबद्धता दोहराई। मौके पर अभिषेक विश्वास,जीएम आईईपीएल ओरिका गोमिया और विद्यालय प्रबंध समिति के उपाध्यक्ष अरिंदम दासगुप्ता भी मौजूद रहे विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

### पिता का प्यार बच्चों के जीवन में जरूरी : यादव

**दबंग हिंद संवाददाता**

**बोकारो।** एन डी पब्लिक स्कूल बालीडीह में शुक्रवार को मातृ-पितृ पूजन दिवस के रूप में मनाया गया। बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम कर भारतीय संस्कृति की झलक दिखाई । इससे पूर्व बात और मुख्य अतिथि झामुमो नेता मंटू यादव, विशिष्ट अतिथि जय झारखंड मजदूर समाज के महामंत्री बी के चौधरी व अन्य गणमान्य अतिथियों ने सामूहिक रूप में दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम के बाद स्कूली छात्र-छात्राओं ने अपने माता-पिता की विधिवत पूजा अर्चना की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि मंटू यादव ने कहा कि इस कार्यक्रम से न केवल माता-पिता और बच्चों के प्रति सम्मान और प्रेम को बढ़ावा दिया, बल्कि यह भी याद दिलाया कि माता-पिता का प्यार और समर्थन हमारे जीवन में कितना महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि एक ओर जहां आज का जनरेशन पाश्चात्य सभ्यता के पीछे भाग रहा है। वहीं, एन डी पब्लिक स्कूल द्वारा बच्चों के बीच भारतीय परंपरा, रीति रिवाजों को पुनर्जीवित करने का प्रयास किया जा रहा है। यह सराहनीय कार्य भारत को भारत बनाएं रखने के लिए अति आवश्यक है। कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोगी शिक्षक दीपक कुमार, विकाश आनन्द, अभिषेक कुमार, राम सुरेश पंडित, नीलू वर्मा, नेहा गुप्ता, पूजा कुमारी, अदिति, खुशबू कुमारी, अंजुमा गुप्ता, आकांक्षा आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## सब्जी बाजार में जाम के कारण परीक्षार्थी को समय पर स्कूल पहुँचाने में परेशानी

### जाम की वजह से आये दिन होती है दुर्घटना



**दबंग हिन्द,संवाददाता**

**जोड़ापोखर ( शमीम हुसैन)।** अतिक्रमण धनबाद कोयलांचल ही नहीं पुरे देश में एक बड़ी समस्या बन चुकी है। धनबाद कोयलांचल के सभी मुख्य सड़क को अतिक्रमण कर सड़क को संक्रिन कर दिया है। वही बात करे झरिया सिंदरी मुख्य मार्ग एनएच 218 के डिगवाडीह की तो यहाँ सड़क से बिलकुल सटकर सब्जी बाजार लगती है। इस बाजार के कारण सड़क की चौडीकरण छोटी होती जा रही है। जिससे आये दिन जाम की समस्या गंभीर बनती जा रही है। सब्जी बाजार को लेकर सुबह से शाम तक ग्राहकों द्वारा सड़क पर ही अपनी वाहन लगा देते है।जिससे जाम की समस्या ओर ज्यादा विकराल हो जाती है। इस जाम से आए दिन दुर्घटनाएं घट रही है।परन्तु प्रशासन को इससे कोई मतलब नहीं है। जाम की समस्या के कारण रोजाना घंटों लोग इसमें फंसे रहते हैं। यह समस्या आज से नहीं बल्कि वर्षों से बनी हुई है।

**सड़क चौड़ीकरन का लाभ अतिक्रमंकरियो ने उठाया:** जब से झरिया सिंदरी मार्ग एनएच 218 में तब्दील हुआ, सड़क की चौड़ीकरण करोड़ो की लगत से की गई।परन्तु इसका पूरा लाभ अतिक्रमण करने वाले ने उठाया है। नतीजा सड़क तो चौड़ी हुई पर जितनी चौड़ी सड़क हुई उतने जगह पर लोग अपने अपने दुकान लगाने लगे। जिससे हमेशा दुर्घटना की आशंका भी बनी रहती है। कुछ दिन पहले ही एक बाइक चालक व साइकल चालक अतिक्रमण के कारण ही सड़क पर गिरकर घायल हो गया था। अतिक्रमण के कारण भी जाम लगने से स्कूल बस व एंबुलेंस भी फंस जाते है। पर भी ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

# मृत कोल कर्मी को लेकर संयुक्त मोर्चा का आंदोलन समाप्त

### मृत कोल कर्मी केआश्रित को तत्काल नियोजन और मुआवजा देने की बनी सहमति



**दबंग हिन्द,संवाददाता**

**अलकडीहा।** कुजामा कोलियरी में दो दिन पूर्व ड्यूटी के दौरान बिजली मिस्त्री कुलदीप साव की विद्युत स्पशार्घात से हुई मौत के मामले को लेकर आश्रित को तत्काल नियोजन देने और दुर्घटना में हुई मृतक की मौत के तहत मुआवजा की भुगतान करने की मांग को लेकर संयुक्त मोर्चा द्वारा पिछले चौबीस घंटे से मृतक के शव के साथ लोदना क्षेत्रीय कार्यालय के मुख्य गेट पर की जा रही आंदोलन प्रबंधन के साथ शुक्रवार की शाम को सकारात्मक समझौता वार्ता के बाद मोर्चा का आंदोलन समाप्त हो गया है ।समझौता में क्षेत्रीय प्रबंधन ने माना कि कुलदीप साव की मौत ड्यूटी के दौरान दुर्घटना में हुई थी जिसके तहत उसके आश्रित पुत्र शत्रुघ्न साव को क्षेत्रीय कार्यालय में नियोजन देने तथा मुआवजा के तौर पर दुर्घटना की राशि लगभग 15 लाख रुपया देने की लिखित समझौता संयुक्त मोर्चा के नेताओं के साथ किया है ।समझौता के बाद मृतक का शव को अंतिम संस्कार कर दिया गया है ।बता दे कि आज दिन में मोर्चा नेताओं की अधिकारियों के साथ पहले दौर की हुई समझौता वार्ता विफल हो गई थी ।मोर्चा के नेता मृतक कुलदीप की मौत को कार्य के दौरान विद्युत स्पशार्घात से होने की प्रबंधन से लिखित पत्र लेने पर अड़े हुए थे। जबकि अधिकारियों का कहना था कि घटना का एक भी चश्मदीद गवाह नहीं जिसके कारण कुलदीप की मौत कैसे हुई का मामला संशय बनी हुई है ।दोनों पक्षों के अपनी अपनी मुद्दे पर अड़े रहने से प्रबंधन और संयुक्त मोर्चा के बीच गतिरोध बनी हुई थी ।नेताओं ने प्रबंधन को चेतावनी दिया था कि उनकी मांगो पर अगर आज सहमति नहीं बनी तो शनिवार से पूरे लोदना क्षेत्र में चक्का जाम आंदोलन किया जाएगा । बताते है कि बुधवार की शाम को एनएस लोदना सबस्टेशन में कार्यरत कुलदीप साव की चालू लाइन में विद्युत की तकनीकी खराबी को दुरुस्त करने के क्रम में करंट लगने से मौत हो गई थी। घटना के बाद जीएम एन चक्रवर्ती ने कार्यालय में जनता श्रमिक संघ और जमसंघ के कतिपय नेताओं के साथ घटना की रात को वार्ता कर तत्काल नियोजन देने का समझौता पत्र बनाया था। समझौता पत्र में कुलदीप के मरने की घटना के कारण का उल्लेख नहीं किए जाने से संयुक्त मोर्चा भड़के हुए थे। समर्थकों ने गुरुवार की शाम से मृतक के शव एवं उसके परिजनों के साथ क्षेत्रीय कार्यालय के समक्ष लगातार आंदोलन कर रहे थे । वार्ता में लोजपा के जिला अध्यक्ष रामानंद पासवान, जमसंघ कुंती गुट के संजीत सिंह,अनिल सिंह,बच्चा गुट के उमाशंकर शाही अमरजीत यादव ,बीसीकेयू के शिवकुमार सिंह,धर्मेंद्र राय , सलाउद्दीन अंसारी, केआईएमपी से बिहारीलाल चौहान,मुनिलाल राम, एटक से सतेंद्र गुप्ता, डीसीकेएस के रामनाथ गोप, इंटक से बीरेंद्र पासी ,धर्मेंद्र सिंह,रुपेश पासवान आदि थे।

## एक नजर

### देवघर में पहली बार ड्रोन-लेजर शो और बैंड बाजा के साथ निकलेगी शिव बारात



**दबंग हिन्द,गिरिडिह ।** झारखंड के देवघर में इस वर्ष महाशिवरात्रि का पर्व अभूतपूर्व रूप से मनाया जाएगा। पहली बार झारखंड पर्यटन विभाग की ओर से आयोजित की जा रही शिव बारात में श्रद्धालुओं को एक साथ 12 ज्योतिलिंगों के दर्शन का सौभाग्य प्राप्त होगा। पर्यटन विभाग ने शिव बारात के लिए टेंडर निकाला है, जो 20 फरवरी को फाइनल कर दिया जाएगा। 26 फरवरी को बारात केकेएन स्टेडियम से निकलकर बाबा बैद्यनाथ धाम मंदिर तक जाएगी। माना जा रहा है कि यहां शिव बारात देखने के लिए 3-4 लाख श्रद्धालुओं की भीड़ जुट सकती है।

### मेयर प्रत्याशी अंकेश राज चोटिल देखने पहुंचे पार्षद प्रत्याशी



**दबंग हिन्द,धनबाद।** जितेंद्र कुमार समाज सेवक ने राज क्लीनिक धनसार पहुंचे। बताते चलें कि वार्ड नंबर 27 के पार्षद भाई अंकेश राज का विगत कुछ दिनों पूर्व गोविंदपुर गिरिडीह रोड में महाराजगंज के नजदीक मोटरसाइकिल दुर्घटनाग्रस्त हो गया था ।जिसमें वे स्वयं और उनके पुत्र चोटिल हो गए थे। उनके पुत्र को हल्की चोट आई परंतु अंकेश राज का पैर फ्रैक्चर हो गया साथ ही एक उम्रदराज महिला भी चोटिल हुई थी। मानवता पेश करते हुए अंकेश राज ने वृद्ध महिला को भी नर्सिंग होम में एडमिट कराकर ईलाज कराने का काम कर रहे हैं। अंकेश राज ने जिस तरह अपने वार्ड के लोगो को मदद करते हैं उसी तरह मानवता का उदाहरण पेश कर वृद्ध महिला का भी ईलाज करवा रहे हैं। श्री कुमार ने अंकेश राज का हालचाल जाना और और उनके सुरक्षित जीवन की कामना करने का काम किए। जितेंद्र कुमार के साथ पूर्व ओबीसी मोर्चा झारखंड प्रदेश सोशल मीडिया संयोजक राहुल कुमार सोनी भी उपस्थित थे।

### विधायक के सौजन्य से कम्बल वितरण

**दबंग हिन्द,पुटकी।** मुनीडीह के लालपुर फूटाहा में विधायक राज सिन्हा के सौजन्य से दर्जनों जरूरतमंदो के बीच कंबल का वितरण भाजपा नेता निर्मल कुमार दास के नेतृत्व में किया गया। मौके पर श्री दास ने कहा कि अचानक बढ़ी इस ठंड के लोगो की परेशानी को देखते हुए विधायक के सौजन्य से कंबल का वितरण किया गया। मौके पर पूर्व उपमुखिया बिरेन गोप, दिनेश ओझा,लाल बहादुर सहाय,मिथलेश कुमार, लखपति गोप,हराधन बाउरी,काजल देवी, इंद्रा देवी,लक्ष्मण प्रसाद, अर्जुन दास,अजय कुमार सिन्हा,गोपी गोप, रविंद्र कुमार आदि मौजूद थे।

### जेईई मेंस में सफलता प्राप्त करने वाले छात्रों व माता-पिता को किया गया सम्मानित



**दबंग हिन्द,चिरकुंडा।** चिरकुंडा के सुंदरनगर स्थित स्वामी विवेकानंद स्कूल प्रांगण में स्कूल के होनहार विद्यार्थी श्रेया गोराई एवं सुप्रतीम गुहाथकुरता को जेईई मेंस परीक्षा मे सफलता प्राप्त करने पर चिरकुंडा के प्रसिद्ध डॉक्टर एसके केशरी के हाथों सम्मानित किया गया। साथ में उनके माता पिता को भी स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। स्कूल के प्राचार्य संजीव साव व निदेशक विवेक सिंह ने बच्चों के उज्वल भविष्य की कामना की और कहा कि बिना कोचिंग के सिर्फ स्कूल के पढ़ाई से बच्चों ने यह उपलब्धि हासिल किया ये विद्यालय परिवार के लिए गर्व की बात है ।उन्होने कहा कि श्रेया गोराई ने 91.42 प्रतिशत एवं सुप्रतीम गुहाथकुरता ने 88.88 प्रतिशत अंक लाकर स्कूल का नाम रौशन किया है ।उन्होने बच्चों को उत्साहवर्धन किया।

### आईआईटी धनबाद ने पैन-इंडिया आईआईटी एफआईपीआई हैकाथॉन में प्रथम पुरस्कार जीता

**मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने टीम को सम्मानित किया**



**दबंग हिन्द,धनबाद।** आईआईटी ( आईएसएम ) धनबाद की एक नवोन्मेषी टीम ने पैन-इंडिया आईआईटी हैकाथॉन ऑफ फेडरेशन ऑफ इंडियन पेट्रोलियम इंडस्ट्री (FIPI) में प्रथम पुरस्कार जीतकर एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की। यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता इंडिया एनर्जी वीक 2025 के तहत आयोजित की गई थी। आज यह पुरस्कार माननीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री, हरदीप सिंह पुरी और पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के सचिव, श्री पंकज जैन द्वारा यशोभूमि कन्वेंशन सेंटर, दिल्ली में समापन समारोह के दौरान प्रदान किया गया। पुरस्कार विजेता टीम में सर्यतिका ठंडार (M.Tech, केमिकल), रिया जायसवाल (M.Tech, केमिकल), मोहम्मद फहीम (B.Tech, केमिकल), और मोहम्मद मोजस्सिर अशरफ (B.Tech, केमिकल) शामिल हैं। उन्होंने नाइट्रोजन-डॉप्ड मल्टीलेयर ग्राफीन नैनोपाउडर के कम लागत में उत्पादन के लिए एक पेटेंटेड प्रक्रिया विकसित की, जिसे $CO_2$ एडसॉर्प्शन और कन्वर्जन के लिए डिजाइन किया गया है। उनका यह अनुसंधान केमिकल इंजीनियरिंग विभाग, आईआईटी ( आईएसएम ) धनबाद के प्रो. एजाज अहमद के मार्गदर्शन में किया गया, जो इस टीम के फैकल्टी मेंटर रहे। यह नवाचार बांस पाउडर का उपयोग करके एडवांस्ड ग्राफीन मटेरियल्स बनाने की एक सस्टेनेबल और ईको-फ्रेंडली मेथड प्रस्तुत करता है। यह समाधान पर्यावरणीय चुनौतियों, विशेष रूप से कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन से निपटने में एक महत्वपूर्ण प्रगति को दर्शाता है। ग्राफीन नैनोपाउडर, जिसका विशिष्ट पोरोस और लेयर्ड स्ट्रक्चर $CO_2$ को कैप्चर करने के लिए आदर्श है, कम लागत वाली, ग्रीन टेक्नोलॉजी इनोवेशन प्रस्तुत करता है, जिसमें ग्लोबल एनर्जी और एनवायर्नमेंटल एप्लिकेशन के लिए अपार संभावनाएं हैं। इस हैकाथॉन में दो प्रमुख थीम थीं–कार्बन कैप्चर, यूटिलाइजेशन और स्टोरेज (CCUS) तथा कम लागत वाली नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों, भंडारण प्रणालियों और इंटीग्रेशन का विकास। इसमें आईआईटी बॉम्बे, आईआईटी दिल्ली, आईआईटी गुवाहाटी, आईआईटी खड़गपुर, आईआईटी मद्रास और आईआईटी रुड़की जैसे प्रमुख आईआईटी संस्थानों की भागीदारी रही। इस उपलब्धि पर टिप्पणी करते हुए प्रो. एजाज अहमद ने कहा,यह सम्मान आईआईटी ( आईएसएम ) धनबाद के छात्रों की नवाचारशीलता को दर्शाता है।

### किड्स गार्डन स्कूल के अनमोल ने लहराया परचम



**दबंग हिन्द,धनबाद।** जी परीक्षा में धनबाद जिले की झरिया किड्स गार्डन के प्लस टू की छात्र अनमोल कुमार खएए 2025 सेशन1 के परिणाम में 96.27 परसेंटाइल लाकर उन्हें स्कूल परिवार अपने जिले का नाम रोशन किया है । इस अवसर पर स्कूल परिसर में अनमोल को विद्यालय के प्रधान चार्य द्वारा पुष्पगुच्छ और मोमेंटो देकर सम्मानित किया और उन्हें आगे बढ़ाने की प्रेरणा दी ।ताकि उनका भविष्य उज्जवल हो सके ।अनमोल का कहना है कि कड़ी मेहनत और एकाग्रता ही काम आती है दूसरा पहलू परिवार का सपोर्ट मिला अनमोल के पिता पंकज कुमार धनबाद सिविल कोर्ट में अधिवक्ता है। अनमोल अपनी सफलता का श्रेय अपने माता पिता और चाचा को दिया है। चाचा नीरज कुमार धनबाद के पत्रकार है, साथ में कोचिंग और स्कूल का भी सपोर्ट बताया है। वर्तमान में अनमोल धनबाद के सरायढेला तपोवन कॉलोनी में रह कर आगे की तैयारी कर रहे हैं। अंतिम शब्द में कहा कि भगवान पर भरोसा रखें और मेहनत करते जाएं।

## आंखों के इलाज में स्पेक्टक्ल्स रिइम्बर्समेंट सेवा निवृत्त अधिकारियों को भी मिले-हरे राम पंडित



**दबंग हिन्द,संवाददाता**

**धनबाद।** कोल इंडिया लिमिटेड ने कार्यरत अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए आंखों के इलाज में प्रयुक्त चश्मा का दाम रिइम्बर्स का निर्णय लिया है और कार्यरत अधिकारियों एवं कर्मचारियों को मैट रुल्स के तहत यह सुविधा मिल भी रही है। सुविधा उपलब्ध कराने के लिए कोल इंडिया प्रबंधन साधुवाद के पात्र हैं। बोर्ड मीटिंग संख्या 461 दिनांक 31 जनवरी 2024 में एक संशोधन पारित करके स्पेक्टक्ल्स रिइम्बर्समेंट मैट रुल्स में समाहित किया गया। इसके अनुसार नान एक्सेक्यूटिव को अधिकतम 10000/- दस हजार रुपए दो साल में एक बार चश्मा का दाम रिइम्बर्स होगा। एक्सेक्यूटिव वर्ग में इ-1 से इ-3 तक वाले को बीस हजार रुपए, इ-4, इ-5 वाले को तीस हजार रुपए, इ6-इ7 वाले को पैंतीस हजार रुपए, इ8-इ9 वाले को चालीस हजार रुपए एवं बोर्ड स्तर के अधिकारियों को अधिकतम पचास हजार रुपए स्पेक्टक्ल्स रिइम्बर्समेंट दो साल में एक बार मिलेगा। आंखों का इलाज एवं उसमें प्रयुक्त होने वाले चश्मे की सेवानिवृत्त कोल अधिकारी एवं कर्मचारी को ज्यादा जरूरत होती है ऐसा मानना है वरिष्ठ नागरिक व समाजसेवी हरे राम पंडित का। श्री पंडित का कहना है कि कोल इंडिया प्रबंधन सेवानिवृत्त कोल अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सी पी आर एम एस ई एवं सी पी आर एम एस एन ई के तहत दो बरसों में एक बार स्पेक्टक्ल्स रिइम्बर्समेंट (चश्मा के दाम का भुगतान) की सुविधा उपलब्ध कराया जाए जैसा कि कार्यरत अधिकारियों एवं कर्मचारियों को मैट रुल्स के तहत दिया जा रहा है पेंशन भोगी कोल कर्मचारी एवं अधिकारी ऐसे ही आर्थिक तंगी से जूझ रहा होता है,ऐसी परिस्थिति में आंखों के इलाज में प्रयुक्त चश्मा का दाम रिइम्बर्समेंट होने से थोड़ी राहत मिलेगी एवं अपेक्षा की जाती है कि कोल इंडिया प्रबंधन सेवानिवृत्त कोल अधिकारियों एवं कर्मचारियों को यह सुविधा अवश्य उपलब्ध कराएगा।

## कलश यात्रा के साथ पाँच दिवसीय अनुष्ठान समारोह सह यज्ञ आयोजित



**दबंग हिन्द,संवाददाता**

**पुटकी ।** पुटकी बाजार स्थित श्री श्री कुमारेश्वर महादेव मन्दिर परिसर में पाँच दिवसीय अनुष्ठान श्री श्री शिव एवं हनुमत प्राण प्रतिष्ठा समारोह सह यज्ञ को लेकर शुक्रवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गई । भव्य कलश यात्रा में सैकड़ों की संख्या में कन्या, महिलाएँ व पुरुष श्रद्धालु शामिल हुए । 151 कन्या व महिलाओं ने सिर पर कलश लेकर कलश यात्रा पुटकी मंदिर प्रांगण से निकली पुटकी नंबर 2 , पुटकी बाजार होते हुए पुटकी बैंक ऑफ इंडिया होते हुए ओझा तालाब पहुँच मंदिर के पुजारी सह आचार्य पंडित कपिल देव पांडेय के सानिध्य में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ जल भरण कराया गया । भक्ति भाव से लबरेज श्रद्धालु डीजे के धुन में जय श्रीराम, जय हनुमान , हर हर महादेव के जयकारे लगा रहे थे । कलश यात्रा के बाद वेदी निर्माण, पंचांग पूजन, मंडप प्रवेश एवं संध्या आरती की गई ।यह समारोह सह यक्ष 14 फरवरी से 18 फरवरी तक आयोजित होगी । कलश यात्रा में मुख्य यजमान राहुल कुमार एवम्‌ पम्मी गुप्ता , अरीश कुमार वर्मा एवम्‌ संयुक्ता वर्मा , आशीष सिंह एवम्‌ पूजा सिंह, अर्जुन चौधरी एवम्‌ मंजू देवी , मुकेश साव एवं निर्मला देवी के साथ सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु ध्वजा लेकर चल रहे थे । मंदिर के पुजारी सह आचार्य पंडित कपिल देव पांडेय ने बताया कि समारोह के प्रथम दिन कलश यात्रा निकाली गई । दोपहर को पंचांग पूजन के तत्पचात लकड़ी से लकड़ी को रगड़ कर के अग्नि मंथन कर अग्नि देव बाल रूप से प्रकट हुए और यज्ञ प्रारंभ हो गई। यह समारोह सह यज्ञ पाँच दिवसीय चलेगा । जिसमे शिव एवं हनुमान प्राण प्रतिष्ठा की जायेगी । शनिवार की सुबह से यज्ञ परिक्रमा शुरू होगी । कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर मंदिर कमिटी के साथ नगर वासी हीरा शर्मा, हुकुमचंद्र अग्रवाल, आनंद वर्मा , निरंजन शर्मा, महेंद्र वर्णवाल , सदानंद वर्णवाल व अन्य मौजूद रहे ।

## पाटलीपुत्र अस्पताल में कैथ लैब की स्थापना से होगा बेहतर इलाज-डॉ ड्रोलिया



**दबंग हिन्द,संवाददाता**

**धनबाद।** अस्पताल के समागार में पाटलीपुत्र अस्पताल के निर्देशक डॉ निर्मल ड्रोलिया ने बताया कि मरीजो के बेहतर ईलाज के लिए यह अस्पताल लगातार प्रयासरत है। हृदय रोगियों का और बेहतर इलाज मिल सके जिसको लेकर 16 फरवरी से कैथ लैब की शुरूआत की गई है। डॉ ड्रोलिया ने कहा कि इस कैथ लैब मशीन में ब्रेन एंजियोग्राफी तथा मस्तिष्क से जुड़ी विभिन्न प्रकार की चिकित्सा की भी सुविधा होगी। इस कैथ लैब का उदघाटन 16 फरवरी को सांसद धनबाद के दुल्लु महतो एवं विशिष्ठ अतिथि विधायक धनबाद राज सिन्हा के द्वारा होना तय हुआ है। डॉ निखिल डोलिया ने बताया कि फीलिप्स की एडवांस कैथ लैब की सुविधा होने से पाटलिपुत्र अस्पताल में लगभग सभी विभागों का ईलाज दिया जाने लगेगा। कैथ लैब के होने से हृदय रोग का इलाज जैसे एंजियोग्राफी, एंजियोप्लास्टी, पेसमेकर इत्यादि किया जा रहा है। और मरीज को अब शहर के सबसे पुराने अस्पताल में ईलाज मिल रहा है। ओर अब मरीज को बाहर जा कर ईलाज कराने की जरूरत नहीं होगी जिससे मरीज के पैसों की भी बचत होगी। हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ राहुल ने बताया कि मरीज को हृदय रोग से जुड़े लक्षण जैसे छाती में भारीपन, दर्द के साथ पसीना आना इत्यादि को हल्के से नहीं लेकर तुरन्त डॉक्टर से सम्पर्क करना चाहिए।

## बी सी सी एल में काम करने वाले मजदूर भाग्यशाली-सुरेंद्र सिंह



**दबंग हिन्द,संवाददाता**

**तिसरा।** बीसीसीएल में काम करने वाले मजदूर भाग्यशाली है। क्यों की उनके परिवार को भी लाभ मिलता है। उक्त बातें सीमेवा के केंद्रीय महामंत्री सुरेंद्र सिंह एवं आदित्यनाथ झा ने कुइयां सात नंबर बिजली घर प्रांगण में संगठन के जोनल महामंत्री आदित्यनाथ झा के सेवानिवृत के पश्चात संगठन की ओर से सम्मान सह स्वागत समारोह में कहीं । वर्तमान में एमडीओ मोड की स्थिति से मजदूर ही नहीं अधिकारी के ऊपर भी अस्तित्व बचाने का संकट मंडराने लगा है।इसके खिलाफ आवाज उठाने की जरूरत है। उन्होंने प्रबंधन से मेंन पावर बजट के अनुसार पदोन्नति करने की मांगों पर कहा कि वर्षों से एक हीं पद पर मजदूर काम कर रहे हैं, लेकिन पदोन्नति नहीं हो रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता क्षेत्र के महाप्रबंधक अनिल कुमार सिंहा ने किया व संचालन बरिष्ठ नेता बुद्धू यादव द्वारा की गई। अनिल कुमार सिंहा परियोजना पदाधिकारी देवेंद्र कुमार सिंह एवं संगठन के लोग बीसीसीएल के जोनल महामंत्री आदित्यनाथ झा को अंग वस्त्र फूल माला आदि देकर सम्मानित की गई। काम के साथ-साथ संगठन में सक्रिय भूमिका की लोंगों ने भुरी भुरी प्रसंशा की। मौके पर एपीएम अभिषेक राय परियोजना पदाधिकारी देवेंद्र कुमार सिंह प्रबंधक चंद्रशेखर सिंह उप महाप्रबंधक टी पासवान के अलावे संगठन के भगवान प्रसाद नोनिया कारू दास आलोक सिंह कैलाश सिंह रणजीत सिंह परमहंस सक्सेना दिलीप बाउरी मनोज निषाद गोकुल साह विनय सिंह दीनानाथ बेलदार बलराम सतनारायण साहू प्रदीप कुमार पासवान आदि उपस्थित थें।

## आधार कार्ड बनाने के नाम पर मनमानी पैसे की वसूली कैफे को कराया बंद




**दबंग हिन्द,संवाददाता**

**गिरिडीह।** गिरिडीह में आधार कार्ड बनाने के नाम पर मनमानी पैसे की वसूली करने का मामला सामने आया है। जहां तिसरी मुख्य मार्ग में संचालित सूरज ऑनलाइन कैफे की जांच कर उसे बंद करवा दिया गया है ।जानकारी के अनुसार तिसरी बीडीओ ने कहा कि उक्त कैफे में इसकी शिकायत की गयी थी ।जिसके बाद उन्होंने कैफे में पहुंचकर जांच की और इस संबंध में संचालक से आधार कार्ड बनाने से संबंधित दस्तावेज मांगे गये, लेकिन वह कागजात नहीं दिखा। इसलिए कैफे को तब तक बंद रखने का आदेश दिया गया है, जब तक इसकी पूरी तरह से जांच नहीं हो जाती है। इस पर उक्त कैफे में रखी सभी मशीनों को जब्त कर लिया गया। जिसके बाद पूछताछ के लिए कैफे संचालक मंटू कुमार को थाना ले जाया गया। इस पर बताया गया कि उक्त कैफे के खिलाफ यह शिकायत थी कि वहां अवैध तरीके से आधार कार्ड बनाया जा रहा है। जिसके लिए ग्रामीणों से मनमानी पैसे की वसूली की जा रही थी और आधार कार्ड बनाने के लिए हजारो रुपये लिए जाते थे।

# नि:शुल्क मोतियाबिंद शिविर का शुभारंभ



**दबंग हिन्द,संवाददाता**

**झरिया ।** टाटा स्टील फाउंडेशन ने शंकर नेत्रालय के सहयोग से मालकेरा कम्युनिटी सेंटर में निःशुल्क मोतियाबिंद शिविर आयोजित किया। वित्तीय वर्ष 2025 का यह पहला शिविर दो चरणों में आयोजित किया गया है। पहला चरण (स्क्रीनिंग) 10 से 13 फरवरी तक आयोजित हुआ, जबकि दूसरा चरण शल्य चिकित्सा 14 से 18 फरवरी के बीच आयोजित किया जा रहा है। मालकेरा कम्युनिटी सेंटर में आज निःशुल्क मोतियाबिंद शिविर का उद्घाटन किया गया। शत्रुघन महतो बाघमारा विधायक इस अवसर के मुख्य अतिथि थे। शिविर के स्क्रीनिंग चरण में 770 लोगों की जांच की गई, जिनमें से 250 मरीजों में शल्य चिकित्सा की आवश्यकता पाई गई। इन सर्जरी का संचालन डॉ. सुजॉय सरकार और डॉ. आहाना सेन शंकर नेत्रालय द्वारा 14 से 18 फरवरी के बीच किया जाएगा। इस अवसर पर शत्रुघन महतो बाघमारा के विधायक, संजय राजोरिया जनरल मैनेजर, नरेंद्र कुमार गुप्ता चीफ जामाडोबा ग्रुप, विकाश कुमार चीफ, सिजुआ ग्रुप, डॉ आलोक कुमार चीफ मेडिकल ऑफिसर टाटा मेन हॉस्पिटल जामाडोबा, सुजीत कुमार झा सीनियर एरिया मैनेजर सिक्योरिटी, विकाश कटारिया मैनेजर सिक्योरिटी झरिया डिवीजन टाटा स्टील, राजेश कुमार यूनिट लीड टाटा स्टील फाउंडेशन, सागरिका गुप्ता मैनेजर टाटा स्टील फाउंडेशन, और बिनोद रजक मुखिया मलकेरा सहित कई अतिथि उपस्थित हुए। टाटा स्टील फाउंडेशन अपने पब्लिक हेल्थ प्रोग्राम के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य सेवा पहल के रूप में हर साल शंकर नेत्रालय के सहयोग से निःशुल्क मोतियाबिंद शिविरों का आयोजन करता है। पिछले सात वर्षों में इस पहल के तहत 10,379 से अधिक मरीजों की जांच की गई, जिनमें से 3,353 व्यक्तियों का सफलतापूर्वक इलाज किया गया है। शिविर का उद्देश्य दूरदराज के गांवों में रहने वाले बुजुर्गों को मोतियाबिंद जैसी समस्याओं से राहत दिलाना है। सभी जांच और सर्जरी की सेवाएं पूरी तरह निःशुल्क हैं, जो मोबाइल आई सर्जिकल यूनिट के माध्यम से उपलब्ध कराई जा रही हैं। यह अत्याधुनिक इकाई शंकर नेत्रालय, चेन्नई और आई आई टी मद्रास के संयुक्त प्रयास से विकसित की गई है।

## असर्फी चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा नि:शुल्क कैंसर स्क्रीनिंग स्वास्थ्य जांच शिविर




**दबंग हिन्द,संवाददाता**

**धनबाद।** असर्फी चैरिटेबल ट्रस्ट, धनबाद ने आज बोकारो जिले के दुग्दा पंचायत भवन में एक निःशुल्क कैंसर स्क्रीनिंग सह स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया। यह शिविर समुदाय को स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता बढ़ाने और कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों का शीघ्र निदान करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था। इस शिविर में असर्फी चैरिटेबल ट्रस्ट के विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने समुदाय आधारित मूल्यांकन (Community-Based Assessment) प्रक्रिया के तहत बड़ी संख्या में लोगों का मुफ्त स्वास्थ्य परीक्षण किया और उन्हें कैंसर सहित अन्य प्रमुख बीमारियों के प्रति जागरूक किया। शिविर का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण इलाकों में लोगों को उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना था, खासकर ऐसे स्थानों पर जहाँ चिकित्सा सुविधाओं की कमी रहती है। असर्फी चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा आयोजित इस शिविर में रक्तचाप, आरबीएस, प्लस, ऑक्सीजन संतृप्ति (Sp02), तापमान, वजन और अन्य सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण की गईं। इसके अलावा, कैंसर की प्रारंभिक पहचान के लिए स्क्रीनिंग की विशेष व्यवस्था की गई थी। शिविर में हिस्सा लेने वाले लोगों ने इसकी सराहना की और इस प्रकार के आयोजनों को निरंतर बनाए रखने की आवश्यकता पर जोर दिया। असर्फी चैरिटेबल ट्रस्ट के प्रतिनिधियों ने आगे कहा कि यह शिविर भविष्य में अन्य क्षेत्रों में भी आयोजित किए जाएंगे ताकि अधिक से अधिक लोगों को

## बिचाली रखे घर में लगी आग 2 लाख की संपत्ति जलकर खाक



**दबंग हिन्द,गिरिडिह ।** पचंबा में एक आगजनी की घटना घटित हुई है, जहां लाखों की संपत्ति जलकर राख हो गई। यह पचंबा घटना थाना क्षेत्र के पिंडाटांड़ के एक घर की है। जहां गुरुवार, 13 फरवरी की सुबह आग लग गयी। फिर काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। जानकारी के अनुसार घर के मालिक प्रभु महतो ने इस घटना पर बताया कि वह को वह घर में बिचाली लाकर रखे थे। जब सुबह कमरे से बाहर निकले तो देखा कि जहां बिचाली रखा हुआ था, वहां से आग की लपटें निकल रही थीं। धीरे-धीरे आग पूरे घर में फैल गई हो-हल्ला करने पर लोगों ने मिल कर आग को बुझाने का प्रयास किया। इसकी जानकारी फायर स्टेशन में दी गई। इसके बाद फायर ब्रिगेड की भी टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया गया। इसे भुक्तभोगी ने बताया कि आगलगी में उन्हें लगभग दो लाख रुपये का नुकसान हो गया है।

## पुलिस ने 3 जवानों को किया निलंबित, कैदी भागने के मामले में कार्रवाई





**दबंग हिन्द, संवाददाता**

**पलामू।** पलामू के मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज के कैदी वार्ड में तैनात तीन पुलिस जवानों को एसपी रीष्मा रमेशन ने निलंबित कर दिया है। तीनों जवानों पर ड्यूटी के दौरान लापरवाही बरतने का आरोप है। निलंबित होने वाले तीनों जवानों की जगह कैदी वार्ड की सुरक्षा में नए जवानों को तैनात किया गया है। दरअसल, सात फरवरी को मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पीटल के कैदी वार्ड से हत्या का आरोपी ऋषिकेश दुबे फरार हो गया था। कैदी फरार होने के मामले में सदर एसडीपीओ मणिभूषण प्रसाद के नेतृत्व में एक जांच टीम का गठन किया गया था। जांच रिपोर्ट में तीनों जवानों की लापरवाही पकड़ी गई थी। पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन ने भी गुरुवार को कैदी वार्ड का जायजा लिया था। पूरे मामले में अस्पताल से फरार होने वाले आरोपी के ससुर के खिलाफ भी जांच की जा रही है। क्योंकि आरोपी के ससुर भी जेल की सुरक्षा ड्यूटी में तैनात हैं। हत्या का आरोपी दिसंबर 2023 से पलामू सेंट्रल जेल में बंद था। बीमारी की शिकायत के बाद घटना से नौ दिन पहले आरोपी ऋषिकेश दुबे को मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पीटल के कैदी वार्ड में शिफ्ट किया गया था। कैदी वार्ड में हाथ मुंह धोने के बहाने आरोपी बाहर निकला और फिर फरार हो गया। पूरी घटना सीसीटीवी में कैद हो गई है। इस पूरे मामले को लेकर आरोपी के करीबी और रिश्तेदार की भी भूमिका निकलकर सामने आई है।

# राजा वही सफल होता है जो प्रजा के सुख दुख की चिंता करता है : आराधना देवी




**दबंग हिन्द, संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** बारालोटा स्थित जनकपुरी मंदिर परिसर में चल रहे 49 वें अधिवेशन श्री रामचरितमानस पाठ महायज्ञ में गुरुवार को राम राज्याभिषेक हुआ। महायज्ञ की पूणार्हुति शुक्रवार को होगी। दिन में मानस पाठ के बाद शाम में प्रसिद्ध सांस्कृतिक गायक राजमुनी व्यास की टीम के द्वारा भजन संध्या कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। वही भजन संध्या व प्रवचन सुनने को लेकर काफी संख्या में महिला व पुरुष श्रद्धालु पहुंचे थे। शाम प्रवचन में प्रवचन के दौरान काशी से पधारी पूज्या आराधना देवी ने भगवान श्रीराम की महिमा सुनाई। उन्होंने कहा कि परमात्मा के प्रति सच्ची प्रीति हो तो उनके मिलने में संदेह नहीं रह जाता। राम राज्याभिषेक की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि अपने जीवन की उच्चतम चेतना और आंतरिक ऊर्जा का संपूर्ण विकास ही राम राज्य अभिषेक है। राजा वही सफल होता है जो प्रजा के सुख-दुख की चिंता करता है। व्याकुलता व शीघ्रता से कभी रामराज्य नही आ सकता है। भगवान राम ने रावण को युद्ध में परास्त किया और उसके छोटे भाई विभीषण को लंका का राजा बना दिया। राम, सीता, लक्ष्मण और कुछ वानर गन पुष्पक विमान से अयोध्या नगरी पहुचे। वहां सबसे मिलने के बाद राम और सीता का अयोध्या में राज्याभिषेक हुआ। इससे पूर्व राम राज्याभिषेक के दौरान ब्राह्मणों के वैदिक मंत्रोच्चार के बीच जय घोष के साथ कार्यक्रम आयोजित किया गया। राज्याभिषेक के बाद विद्वानों ने श्री राम का राजतिलक किया और इसके बाद उपस्थित श्रद्धालुओं ने आरती उतारी। कार्यक्रम की अध्यक्षता महायज्ञ समिति के अध्यक्ष सह समाजसेवी गिरजा शंकर तिवारी ने बताया कि गुरुवार को सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमडती रही। श्रद्धालुओं ने यज्ञ मंडप की परिक्रमा के पश्चात यज्ञ परिसर में स्थापित विभिन्न देवी देवताओं के प्रतिमा का दर्शन पूजन किया। उन्होंने कहा कि महायज्ञ की पूणार्हुति शुक्रवार को आहुति देने के साथ होगी इसके बाद भंडारा का आयोजन किया जाएगा। मौके पर आयोजन समिति के सचिव सह समाजसेवी ब्रजेश कुमार तिवारी उर्फ बबलू तिवारी, रविंद्र तिवारी, श्यामलाल तिवारी, उपसचिव विजय तिवारी, सत्यनारायण तिवारी, उपकोषाध्यक्ष अजीत कुमार तिवारी व मिथलेश तिवारी, मीडिया प्रभारी अरुण कुमार शुक्ला, कार्यकारिणी सदस्य नित्यानंद तिवारी, संरक्षक राम जानकी मंदिर न्यास समिति के अध्यक्ष लव तिवारी, सचिव सच्चिदानंद तिवारी, कोषाध्यक्ष बुद्धनाथ तिवारी, विद्या तिवारी, श्याम बिहारी तिवारी उर्फ सोनू, शैलेश तिवारी, सुनील तिवारी, जगन्नाथ तिवारी, प्रेमचंद तिवारी, प्रेमतोष पांडेय आदि भक्तजन मौजूद थे।

## हिंदुस्तान फाइटर ने मुकेश वॉरियर्स को हराया



**गिद्धौर(चतरा)।** गिद्धौर प्रखंड मुख्यालय स्थित जवाहरलाल नेहरू फुटबॉल मैदान में चल रहे गिद्धौर प्रीमियर लीग सीजन 2 में शुक्रवार को हिंदुस्तान फाइटर ने मुकेश वॉरियर को चार विकेट से हरा दिया। मुकेश वारियर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 12 ओवर में 7 विकेट खोकर 87 रन बनाया। जवाबी पारी खेलने उतरी हिंदुस्तान फाइटर की टीम ने 11 ओवर में 6 विकेट खोकर 88 रन बनाकर मुकेश वैरियर को चार विकेट से हरा दिया। वहीं बेहतर प्रदर्शन करने वाले सोनू कुमार सिंह को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार हीरा टाइल्स मार्बल के द्वारा दिया गया। अंपायर की भूमिका अखलेश कुशवाहा व सुनील राम ने निभाई। मौके पर सीजन 2 के लीग अध्यक्ष निरंजन दांगी, सचिव प्रेम राणा, विनोद पासवान समेत अन्य मौजूद थे।

## झारखंड स्टेट स्टूडेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष और संगठन के सभी सदस्य ने की पिंडदान



**दबंग हिन्द, संवाददाता**

**पलामू।** झारखंड स्टेट स्टूडेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष सत्यनारायण शुक्ला महासचिव प्रकाश कुमार सचिव अजय कुमार यादव संरक्षक राहुल कुमार और संगठन के सभी सदस्य ने मिलकर झारखंड लोक सेवा आयोग की पिंडदान उसके गेट के समक्ष की पिंडदान पूरे तरीका से विधिवत रूप से पंडित जी के माध्यम से करवाया गया यह पिंडदान सरकार का सांकेतिक विरोध किया गया है की आने वाले दिन में जेपीएससी छात्र के माता-पिता कहीं अपने पुत्र और पुत्री का पिंडदान ना करें ऐसा नौबत ना आ जाए यह सब सारी स्थिति को देखते हुए झारखंड स्टेट स्टूडेंट एसोसिएशन की टीम के इस कार्य को पूरा करने की कोशिश कीहै साथ ही साथ यह सरकार को भी यह निर्णय लेना होगा कि छात्रों की मांगों को अगर नजरअंदाज किया जाएगा तो संगठन के लोग हमेशा सरकार के खिलाफ विरोध करेंगे संगठन के लोग सरकार से विशेष प्रार्थना करते हैं कि जल्द से जल्द जेपीएससी अध्यक्ष की नियुक्ति हो और जितने भी आयोग के द्वारा प्रक्रिया लंबित है वह पूरी करने की कृपा करें पिंडदान के साथ-साथ ब्रह्म भोज का भी कार्यक्रम रखा गया था सरकार से विशेष प्रार्थना करते हैं कि जल्द से जल्द छात्रों की सभी मांगों को पूरा करने की कृपाकरें।

# निर्मला मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल को मिली एनएबीएच मान्यता



**दबंग हिन्द, संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** मेदिनीनगर स्थित निर्मला मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल एवं ट्रॉमा सेंटर को भारतीय गुणवत्ता परिषद द्वारा नेशनल अक्रेडिटेशन बोर्ड फॉर हॉस्पिटल एंड हेल्थकेयर प्रोवाइडर्स की मान्यता प्राप्त हुई है। यह पलामू प्रमंडल का पहला अस्पताल है जिसे यह सम्मान मिला है। अस्पताल के निदेशक एवं प्रसिद्ध हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रवीण सिद्धार्थ ने इस उपलब्धि को मरीजों के लिए एक बड़ी सौगात बताया। उन्होंने कहा कि एनएबीएच मान्यता अस्पताल की विश्वसनीयता को बढ़ाने के साथ-साथ उच्च गुणवत्ता वाले इलाज की गारंटी देती है। इससे प्रमाणित होता है कि यह अस्पताल सेवा के सैकड़ों मानकों पर खरा उतरना पड़ता है। निर्मला अस्पताल ने अपनी स्थापना के दो वर्षों के भीतर ही यह उपलब्धि हासिल की है। यहां हड्डी रोग, स्पाइन और मस्तिष्क संबंधी चोट, चर्म रोग, दंत चिकित्सा और सामान्य सर्जरी जैसी सुविधाएं उपलब्ध हैं। हाल ही में इसे स्वास्थ्य विभाग द्वारा 50 बिस्तरों के अस्पताल के रूप में उत्क्रमित किया गया है। डॉ. सिद्धार्थ ने बताया कि अस्पताल में अब तक सैकड़ों मरीजों के घुटना, कुल्हा, कोहनी और कंधे जैसे जटिल जोड़ों का सफलतापूर्वक प्रत्यारोपण किया जा चुका है। हाल ही में एक 80 वर्षीय बुजुर्ग के दोनों घुटनों का प्रत्यारोपण सफलतापूर्वक किया गया। उन्होंने कहा कि एनएबीएच मान्यता मिलने के बाद अस्पताल मरीजों के संपूर्ण और प्रभावी इलाज के लिए और अधिक प्रयास करेगा।

# उपायुक्त शशि रंजन ने ग्रामीणों से की सीधी बात, किसी तरह की समस्या नहीं होने देने का दिया भरोसा

**दबंग हिन्द, संवाददाता**

**पलामू।** उपायुक्त शशि रंजन के साथ जिला, अनुमंडल, प्रखंड व अंचल के पदाधिकारी आज बांसडीह खुर्द पंचायत के कोकाडु (चुनहट) गांव पहुंचे। वहां जनता दरबार लगाकर आमजनों की जन समस्याओं को सुना और उसका निदान किया। कई मामलों का त्वरित निष्पादन किया गया। वहीं तत्काल निष्पादन योग्य नहीं रहने वाले मामलों को आगामी कुछ दिनों में निराकरण का भरोसा दिया।

उपायुक्त शशि रंजन द्वारा ग्रामीणों के बीच पहुंचकर जनता दरबार लगाये जाने के इस सकारात्मक प्रयास का स्थानीय लोगों में चर्चा का विषय बना रहा। लोगों ने जिला प्रशासन के इस प्रयास की सराहना करते नजर आए। उपायुक्त सहित अन्य पदाधिकारियों के समक्ष खुलकर अपनी समस्याएं रखी। उपायुक्त ने भी जनता से सीधा संवाद



कर उनकी समस्याओं को जाना और उसका निदान किया। स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं आमजनों ने गांव में बिजली की समस्याओं को दूर करने संबंधी बातें रखी। उपायुक्त ने बिजली विभाग के अभियंता से बात कर ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि अप्रैल माह तक गांव वासियों को निर्वाध बिजली आपूर्ति होने लगेगी। उन्होंने बिजली विभाग के अभियंता को प्राथमिकता के तहत गांव में बिजली आपूर्ति का निदेश दिया।

वहीं ग्रामीणों ने सड़क की समस्या से उपायुक्त को अवगत कराया। उपायुक्त ने वन विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर सड़क की ? समस्या को दूर करने का भरोसा दिया। ग्रामीणों ने आंगनबाड़ी केंद्र, उलमान 2 को गांव के सीमा क्षेत्र में बनने की बात उठाई। ग्रामीणों ने कहा कि गांव के सीमा क्षेत्र में आंगनबाड़ी का भवन बन रहा है, इसा निर्माण गांव के बीच में कराया जाए, तो बच्चे ज्यादा लाभान्वित होंगे। उपायुक्त ने इसके लिए भरोसा दिया और कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र उनके गांव के बीच में बनाए जाएंगे। वहीं ग्रामीणों की मांग पर उपायुक्त सहित अन्य वरीय पदाधिकारियों ने ग्रामीणों को नशा को छोड़ने की अपील की। कहा कि नशा से उनका और उनके परिवार को समस्या होती है। नशा से ग्रामीण को ही नुकसान हो रहा है। सभी को नशा मुक्ति की जानकारी दी गई। जनता दरबार के तहत एक बच्चे को जलने की शिकायत मिली। उपायुक्त ने सिविल सर्जन को बच्चे का तत्काल स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने का निदेश दिया।

जनता दरबार के तहत पांच बच्चों का अन्नप्राशन एवं पांच महिलाओं की गोद भराई की रश्म पूरी की गई। इसके अलावा प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना का लाभ दिया गया। वहीं वृद्धजनों के बीच साड़ी-धोती एवं कंबल का वितरण किया गया। साथ ही बच्चों के बीच स्टेशनरी आदि प्रदान किए गए। एक दिव्यांग को व्हील चेयर प्रदान किया गया। समाज कल्याण विभाग की ओर से पोषण प्रदर्शनी लगाया गया। उपायुक्त ने ग्रामीणों से जमीन की समस्याओं की भी जानकारी ली और उसका निदान का भरोसा दिया। पेंशन से संबंधित बातों पर उपायुक्त ने तत्काल पेंशन की प्रक्रिया करने का निदेश दिया।

ग्रामीणों द्वारा चुनहट वाटर फॉल को विकसित किए जाने की मांग को लेकर उपायुक्त सहित अन्य वरीय पदाधिकारियों ने करीब 3 किलोमीटर से अधिक दूरी पैदल चलकर चुनहट वॉटर फॉल का दीदार किया। साथ ही क्षेत्र में सड़क की समस्याओं से अवगत हुए। उपायुक्त ने सड़क निर्माण का भरोसा दिया। साथ ही पर्यटन के दृष्टिकोण चुनहट वाटर फॉल को विकसित करने एवं यहां पर्यटकीय सुविधा बढ़ाने की बातें कही।

जनता दरबार में अपर समाहर्ता कुंदन कुमार, सदर अनुमंडल पदाधिकारी सुलोचना मीणा, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी नीता चौहान, एनडीसी विक्रम कुमार, चैनपुर के अंचल अधिकारी चंद्रशेखर कुणाल सहित जिला एवं प्रखंड के अन्य पदाधिकारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि, विभिन्न विभागों के कर्मीगण एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# पलामू में नक्सल विरोधी अभियान में तैनात जैप हवलदार की मौत

**दबंग हिन्द, संवाददाता**

**पलामू।** नक्सल विरोधी अभियान में तैनात जैप 8 के एक हवलदार की मौत हो गई है। मृतक हवलदार छोटन राम गढ़वा के रहने वाले थे। छोटन राम पलामू के नौडीहा बाजार थाना क्षेत्र के डगरा पिकेट में तैनात थे। गुरुवार की रात तबीयत बिगड़ने के बाद उन्हें छतरपुर के अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं। मृतक हवलदार छोटन राम के शव को पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल भेज दिया गया है। परिजनों को घटना की जानकारी दे दी गई है। परिजन घटनास्थल के लिए रवाना हो गए हैं। पोस्टमार्टम की पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी कराई जाएगी। पोस्टमार्टम के बाद लेस्लीगंज स्थित जैप 8 के मुख्यालय में छोटन राम को सलामी दी जाएगी।




पलामू एसपी रीष्मा रमेशन ने बताया कि तबीयत बिगड़ने के बाद हवलदार छोटन राम को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

दरअसल छोटन राम पलामू के डगरा पिकेट में तैनात थे। डगरा पिकेट बिहार के गया से सटा हुआ है। जहां से सीमावर्ती इलाके में नक्सल विरोधी अभियान चलाया जाता है। छोटन राम पिछले छह महीने से पिकेट में तैनात हैं और नक्सल विरोधी अभियान में हिस्सा ले रहे थे। गुरुवार की देर रात बेचैनी और तबीयत खराब होने की शिकायत के बाद पुलिस की पेट्रोलिंग टीम मौके पर पहुंची और उन्हें अस्पताल ले गई।

# मां गई थी कुंभ नहाने! खून से लथपथ बेटा चिल्लाता रहा, हुई मौत

**दबंग हिन्द, संवाददाता**

**पलामू।** मां कुंभ स्नान के लिए गई हुई थी, खून से लथपथ बेटा घर के बाहर मदद की गुहार लगाता रहा लेकिन किसी ने मदद नहीं की। दरअसल मेदिनीनगर टाउन थाना क्षेत्र के आबादगंज में संदिग्ध हालत में एक युवक का शव उसके घर से बाहर बरामद किया गया है। युवक की पहचान राजेश कुमार के रूप में हुई है। राजेश कुमार की मां कुंभ स्नान के लिए प्रयागराज गई हुई है। जबकि राजेश का एक भाई जेल में बंद है। राजेश के शरीर में कई जगह गहरे जख्म के निशान हैं, जिसके बाद पुलिस को आशंका है कि हत्या हुई है। पुलिस ने पूरे मामले में कार्रवाई करते हुए हत्या की धाराओं में एफआईआर दर्ज की है और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जिस जगह पर राजेश का घर है और शव बरामद हुआ है वहां से करीब 100 मीटर की दूरी रेलवे पटरी है। पुलिस को घटना से जुड़ी हुई सीसीटीवी फुटेज बरामद हुई है।




मेदिनीनगर टाउन थाना प्रभारी देवव्रत पोद्दार ने बताया कि घटनास्थल और शव को देखने के बाद लगता है कि युवक की हत्या हुई है। स्थानीय वार्ड पार्षद के फर्द बयान के आधार पर हत्या की धाराओं में एफआईआर दर्ज की गई है और पूरे मामले में छानबीन की जा रही है। उन्होंने बताया कि पुलिस को सीसीटीवी फुटेज से कई बातों की जानकारी मिली है। युवक का घर से कुछ ही दूरी रेलवे पटरी है, जख्मी हालत में भी युवक घिसकते हुए अपने दरवाजे तक गया है। दरवाजे पर युवक मदद के लिए काफी देर तक चीखा और चिल्लाया है। बाद में युवक की मौत हो गई।

## एक नजर

### सात दिवसीय श्री रामलीला का भव्य आयोजन, रामलीला देखने व कथा सुनने पहुंचे रहे ग्रामीण



**सिमरिया (चतरा)।** सिमरिया प्रखंड के सलगी गांव में देवी मंडप प्रांगण में सात दिवसीय श्री रामलीला सह कथा का आयोजन किया गया है। आयोजन ग्रामवासियों के सहयोग से किया जा रहा है। रामलीला में दशरथ पुत्रेष्टि यज्ञ, श्री राम जन्मोत्सव, मुनि आगमन, तड़का मारीच सुबाहु वध, सीता स्वयंवर, रावण बाणासुर संवाद, लक्ष्मण परशुराम संवाद, राम सीता विवाह, पांव पखारग, शूर्पणखा नक्छेदन, सीताहरण राम विलाप, लक्ष्मण शक्ति राम विलाप, कुंभकर्ण वध, मेघनाद वध, रावण वध, भरत मिलाप, श्री राम राज्याभिषेक मुख्य रूप से दिखाया जाएगा। रामलीला सह कथा का समापन 17 फरवरी को होगा। रामलीला मंडली में काशी प्रयागराज के प्रसिद्ध कलाकार व कथावाचक पहुंचे हैं। संचालक निहाल महाराज ने बताया कि हम सब रामलीला के माध्यम से हिंदू संस्कृति, एवं धर्म रक्षा, गौ रक्षा व भगवान श्री राम के आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए प्रयासरत हैं। कथा वाचक आचार्य मनोज शास्त्री रामलीला के साथ कथा भी प्रस्तुत कर रहे हैं। रामलीला का उद्घाटन मुखिया मनोरंजन सिंह ने आरती के साथ नारियल फोड़ कर किया। इस अवसर पर सुभाष सिंह, गिरवर प्रसाद सिंह, गणेश सिंह, शशि सिंह, दीनू राणा, साकेत सिंह, शिवकुमार सिंह, राजेश सिंह, अगस्त सिंह, मिथिलेश सिंह, प्रीतम साव, प्रमोद पाठक, देवशरण सिंह, प्रवीण सिंह, सुनील सिंह, तुलसी राणा व जैन सिंह शामिल थे।

### खपरैल घर में लगी आग, जलकर सभी सामान नष्ट, बेघर हुई यशोदा



**गिद्धौर(चतरा)।** गिद्धौर प्रखंड के बारियातू पंचायत अंतर्गत उमाढांकि गांव में असहाय गरीब यशोदा देवी पति बालेशर गंझु के खपरैल मकान में अचानक आग लग गई। जिससे घर व अंदर रखे सामान पुरी तरह जलकर राख हो गया। इस घटना में घर में रखे लगभग 5 क्विंटल धान व खाने-पीने के अन्य सामग्री के साथ बगल में रखा बिचाली भी जलकर नष्ट हो गया। बताया गया कि उमाढांकि निवासी यशोदा देवी पति बालेशर गंझू अपने बच्चों के साथ अपने खेत पर काम करने गए थी। अचानक घर में आग लगने की जानकारी मिली तो आनन फानन में दौड़कर सभी घर पहुंचे तो देखा कि घर पूरी तरह से जलकर नष्ट हो चुका है और ग्रामीण आग बुझाने का प्रयास कर रहे हैं। जबतक आग पर काबु पाया गया तबतक घर के साथ सारा सामान जलकर नष्ट हो गया। घर जल जाने से महिला को तीन छोटे-छोटे बच्चों के साथ रहने में काफी कठिनाई हो रही है। फिलहाल दूसरे के घर में रहने के लिए विवश हो चुकी है। भुक्तभोगी महिला ने प्रशासन से जल्द सहायता की गुहार लगाई है।

### हस्तशिल्प सेवा केंद्र के चौपाल में 70 प्रकार के प्रशिक्षण की दी गई जानकारी



**गिद्धौर(चतरा)।** गिद्धौर प्रखंड अंतर्गत बारीसाखी पंचायत भवन में शुक्रवार को कार्यालय विकास आयुक्त हस्तशिल्प सेवा केंद्र (वस्त्र मंत्रालय भारत सरकार) रांची के द्वारा एक दिवसीय चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल का आयोजन मुखिया प्रतिनिधि दिनेश भारती के नेतृत्व में किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में पंचायत समिति सदस्य प्रियांशु देवी उपस्थित थी। कालिन प्रशिक्षण अधिकारी भवानी प्रसाद ने बताया कि हस्तशील अपने हाथों से सिलाई, चूड़ी, जुट सहित 70 प्रकार के ट्रेनिंग दिया जाएगा। बैठक में आधार कार्ड पासबुक फोटो लाना है। उसके बाद एक आईडी कार्ड बनेगा। आगे उन्होंने बताया कि 30-30 लोगों का ग्रुप बनाया जाएगा और ग्रुप में ही ट्रेनिंग दिया जाएगा। मौके पर अध्यक्ष उमा कुमारी हस्तशिका विकास संस्थापक, वन अध्यक्ष आदित्य ताम्रकार, विकास कुमार बिक्कू, सुनील कुमार यादव, प्रदीप यादव, परमेश्वर रविदास व मनोज रविदास आदि उपस्थित थे।

### अधिकार मित्र ने चलाया जागरुकता अभियान, ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं की दी गई जानकारी



कुंदा(चतरा)। जिला विधिक सेवा प्राधिकार चतरा जिला सचिव के निदेर्शानुसार 14 फरवरी को कुंदा प्रखंड के चाया व पचरूखिया गांव में 90 दिवसीय आउटरिच कार्यक्रम के तहत जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान में उपस्थित ग्रामीणों को विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। लोगो को वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, महिला सशक्तिकरण, डायन बिसाही, दहेज प्रथा, घरेलू हिंसा, बाल विवाह, बच्चों का शिक्षा के मौलिक अधिकार और वरिष्ठ नागरिकों को मिलने वाली निःशुल्क विधिक सेवाओं की जानकारी दी गई। वहीं नालसा द्वारा जारी 15100 टोल फ्री नंबर और संविधान में संशोधित नए कानून की जानकारी भी दी गई। इस अभियान में संजय कुमार चौधरी, मुन्ना दास, अजीत कुमार, किरण कुमारी व प्रवीण पासवान ने भाग लिया और उपस्थित लोगों को निःशुल्क कानूनी जानकारी दी।

### तीन दिवसीय इटखोरी महोत्सव को लेकर भव्य मंच का किया जा रहा निर्माण



**इटखोरी(चतरा)।** जिले के तीन दिवसीय इटखोरी राजकीय महोत्सव की तैयारी जोरों पर है। सभी संबंधित विभाग के अधिकारी अपने दायित्वों को पूरा करने में दिन रात लगे हैं। 80 गुणा 60 फिट का भव्य महोत्सव के लिए मंच का निर्माण किया जा रहा है। ज्ञात हो कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी महोत्सव के मंच पर तीन धर्मों का संगम देखने को मिलेगा। मंच पर एक ओर बौद्ध धर्म की भव्य प्रतिमा तो दूसरे तरफ जैन धर्म के महाविर की प्रतिमा, जबकी बीच में माता भद्रकाली मंदिर होगी। वहीं मंच के ठीक सामने 50 फिट की एरिया के बाद पहली पंक्ति वीआईपी, दूसरे तथा तीसरे पंक्ति में सामान्य लोगों के बैठने की व्यवस्था की जाएगी। जबकी इस वर्ष दर्शक दिर्घा की क्षेत्र लगभग 50 फिट का दायरा बढ़ा दिया गया है। इसके अलावे महोत्सव का लाईव प्रसार की व्यवस्था की जाएगी। ताकी लोगों को परेशानी नही हो। साथ ही महोत्सव के मुख्य कार्यक्रम स्थल पर कैमरे लगाए जाएंगे। एक कैमरा सांस्कृतिक कार्यक्रमों को तथा दूसरा कैमरा दर्शकों की भीड़ को कवर करेगा। बाकी पांच कैमरा मंदिर के मुख्य द्वार, म्यूजियम, मां भद्रकाली मंदिर, सहस्त्र शिवलिंग मंदिर तथा बौद्ध स्तूप मंदिर के गर्भगृह में भी कैमरा लगाया जाएगा। उक्त कैमरो के माध्यम से लोग मंदिर की पूजा का लाइव प्रसारण भी देख पाएंगे। वहीं प्रवेश के लिए अलग-अलग प्रवेश द्वार बनाए जा रहे हैं। वीवीआईपी के लिए कार्यक्रम स्थल से सटे बाई ओर, जबकी सामान्य के लिए कार्यक्रम स्थल से कुछ दूरी पर बाईं ओर प्रवेश द्वार बनाया जाएगा। जबकि पत्रकारों के अलावे मंदिर प्रबंधन के सदस्य व पुजारियों के लिए शिव मंदिर के बगल से प्रवेस की तैयार की जा रही है। कार्यक्रम स्थल में ड्रोन कैमरा तथा सीसीटीवी से भी निगरानी करेगी। कार्यक्रम के दौरान मंच पर रेजर लाइट आकर्षक का केंद्र रहेगा। मंच स्थल पर जाने के लिए दो भव्य तोरण द्वार का निर्माण करवाया जा रहा है। दूसरी ओर मंच तैयार करने में रांची के कारीगर दिन-रात लगे हुए हैं।

# गुमला एग्रो पार्क में आज से तीन दिवसीय प्रारंभ होगा गुमला साहित्य महोत्सव

दबंग हिन्द,संवाददाता

## तीन दिनों के इस आयोजन का जायजा लेने पहुंचे उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी



**गुमला।** गुमला जिले में आयोजित होने वाले द्वितीय गुमला लिटरेचर फेस्टिवल को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच चुकी हैं। यह बहुप्रतीक्षित साहित्यिक महोत्सव 15 फरवरी 2025 को अपराह्न 4:00 बजे से प्रारंभ होगा तथा 16 एवं 17 फरवरी को पूर्वाह्न 10:00 बजे से संध्या 6:00 बजे तक चलेगा। इस अवसर पर देशभर के ख्यातिलब्ध लेखक, कवि, साहित्यकार, कथाकार एवं रचनाकार अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगे। उक्त त्रिदिवसीय कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लेने के उद्देश्य से आज उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी बिरसा मुंडा एग्रो पार्क पहुंचे, जहां उन्होंने संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक कर संपूर्ण व्यवस्थाओं की समीक्षा की। उन्होंने गेस्ट्स के आगमन हेतु वाहन व्यवस्था, लाइजनिंग ऑफिसर्स की जिम्मेदारी, स्टेज एवं साउंड मैनेजमेंट, लाइव स्ट्रीमिंग, सिक्योरिटी, ट्रैफिक प्रबंधन, रजिस्ट्रेशन डेस्क, फूड काउंटर सहित अन्य महत्वपूर्ण व्यवस्थाओं की बारीकी से निरीक्षण किया। उपायुक्त ने कहा कि यह कार्यक्रम जिले के साहित्य प्रेमियों के लिए एक ऐतिहासिक अवसर होगा, जिसमें हजारों की संख्या में विभिन्न प्रकाशकों एवं लेखकों की पुस्तक प्रदर्शनी लगाई जाएगी।

इसके अतिरिक्त, नागरिकों के मनोरंजन के लिए विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों, गुमला हाट एवं जिले से जुड़े महत्वपूर्ण उत्पादों की प्रदर्शनी तथा लाइव शो का भी आयोजन किया जाएगा। पूरे आयोजन स्थल की भव्य सजावट की जा रही है, जिससे आगंतुकों में विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है। जिला प्रशासन द्वारा इस आयोजन को सफल बनाने के लिए सभी तैयारियां युद्धस्तर पर की जा रही हैं। यह निःशुल्क कार्यक्रम सभी नागरिकों के लिए खुला रहेगा, जिसमें टॉक शो, ओपन माइक सहित कई साहित्यिक गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त गुमला, परियोजना निदेशक ITDA, एसडीओ सदर, एसडीओ चैनपुर, DCLR गुमला, जिला नजारत उप समाहर्ता, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, डीपीएम JSLPS, सीडीपीओ गुमला सहित कई वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे।

## मुख्तार आलम के बसंत साहू का अपने आवास पर किया मदद




दबंग हिन्द,संवाददाता

**गुमला।** मुख्तार ने कहा कि आज गुमला जिला प्रखंड घाघरा गांव चड़िया से हमारे घर आए बसंत कुमार साहू और आकर उन्होंने अपनी बड़ी समस्याओं से मुझे अवगत कारण। उन्होंने बताया कि मेरे परिवार की बच्चियाँ पढ़ना लिखना चाहती है और पढ़ लिख कर अपने परिवार एवं गांव जिला और राज्य का नाम रोशन करना चाहती है। परंतु पढ़ाई लिखाई करने में बहुत सारी समस्या उत्पन्न हो रही है, पैसों की बहुत दिक्कत है, इस कारण बच्चियाँ पढ़ नहीं पा रही है। बच्चियों का 5 क्लास तक पढ़ाई अपने गांव के स्कूल में हो चुकी है, अब आगे बच्चियाँ कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय घाघरा में नामांकन 6 क्लास में करवाकर पढ़ाई लिखाई करना चाहती है। मुख्तार आलम ने कहा कि बड़े-बड़े उद्योगपति, नेता और अभिनेता के बच्चे अच्छे-अच्छे स्कूल में पढ़ाई करते हैं और हमारे गरीब घर के बच्चे और बच्चियाँ पैसों के तंगी होने के कारण पढ़ नहीं पाते हैं, परंतु हमलोग गरीबी से जूझ रहे हैं हर एक बच्चों और बच्चियों को पढ़ने लिखने के लिए मदद करेंगे, ताकि पढ़ने में कोई भी गरीब परिवार का बच्चा वंचित ना रह जाए। मैं इन बच्चियों का नामांकन करवाने हेतु गुमला जिला प्रशासनिक पदाधिकारी एवं कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय घाघरा के वार्डेन से बात करूंगा और जल्द से जल्द इन बच्चों का नामांकन करवाऊंगा।

## रांची से अपहत कारोबारी धनबाद से बरामद



**रांची।** रांची से अपहत कारोबारी धनबाद से बरामद हुआ है। होटल कारोबार से जुड़े और विश्व हिंदू परिषद के नेता लाल रणविजय नाथ सहदेव को धनबाद आरपीएफ की टीम ने शुक्रवार को रेलवे स्टेशन से बरामद किया है। रणविजय नाथ सहदेव रांची के ठाकुरगांव थाना क्षेत्र उरगुटु के रहने वाले हैं। बताया जा रहा है कि गुरुवार शाम चार बजे कारोबारी का अपहरण हुआ था। जिसको लेकर ठाकुरगांव थाना में मामला भी दर्ज कराया गया है। वह रेलवे स्टेशन पर बचाओ बचाओ की आवाज लगाते हुए दौड़ रहे थे। जिसके बाद आरपीएफ ने उन्हें पकड़कर अस्पताल में भर्ती किया है। कारोबारी अपहरण कर किसी पहाड़ के ऊपर रखा गया था। उसके पास जो पैसे और सोने की अंगूठी थी, वह छीन ली गई है। हाथों में अभी भी रस्सी लगी हुई है। भाग ना पाए इसलिए उनके पैरों को जलाने की कोशिश की गई थी।

## महर्षि दयानंद सरस्वती को नमन कर, दी श्रद्धांजलि



दबंग हिन्द,संवाददाता

**चक्रधरपुर।** मनोहरपुर आयरन ओर माइंस चिरिया (सेल) स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल में गुरुवार को स्वामी दयानंद सरस्वती को याद किया गया। इस मौके पर वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हवन कर जनकल्याण एवं समाज के उत्थान की कामना की गई। साथ ही महर्षि दयानंद सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर सभी शिक्षकों ने महर्षि दयानंद सरस्वती को नमन व बारी-बारी से पुष्प अर्पण किया। प्राचार्य डॉ. शिवनारायण सिंह ने कहा कि स्वामी दयानंद सरस्वती न केवल आर्य समाज के संस्थापक थे। बल्कि वे देशभक्त होने के साथ-साथ महान चिंतक और समाज-सुधारक भी थे। उन्होंने समाज की तरक्की के लिए कई बड़े-बड़े कार्य किए। बाल विवाह, सती प्रथा जैसी कुरीतियों को दूर कर समाज को नई दिशा दिखाई। इन कुरीतियों को दूर करने के लिए उन्होंने वेदों का प्रमाण दिया। कहा कि आज के युवा जागरूक हैं। अतः उन्हें स्वामी दयानंद सरस्वती के अनमोल विचारों को पढ़ना चाहिए। इस मौके पर शिक्षक संदीप सिंह, राकेश कुमार मिश्रा, मौसमी दास गुप्ता, समीर प्रधान, संतोष कुमार, सुजीत कुमार, मोमिता मजूमदार, सुमित सेनापति, संजू कुमारी, वर्षा विश्वकर्मा, जितेंद्र त्रिवेदी, किशोर झा, तनमोय चटर्जी, अभय सिन्हा, संदीप चक्रवर्ती, आशीष झा, देवाशीष बेहरा, नित्यानंद भकत, सुखेन प्रसाद के अलावा अन्य शिक्षकेत्तर कर्मी व स्कूल के छात्र आदि उपस्थित थे।

## अंधविश्वास को दूर करने के लिए मयूरी ट्रस्ट द्वारा जागरूकता कार्यक्रम



दबंग हिन्द,संवाददाता

**गुमला।** मयूरी ट्रस्ट गुमला झारखंड चैताली कॉलेज गुमला झारखंड के द्वारा पालकोट प्रखंड क्षेत्र के कोलेंग पंचायत के नवाडीह टुकुटांगर में, डायन बिसाही प्रथा रोकथाम, अंधविश्वास, दहेज उन्मूलन, जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मयूरी ट्रस्ट के चैताली सेन गुप्ता ने कहा कि अंधविश्वास के कारण लोग डायन विसाही प्रथा पर चर्चा करते हैं लेकिन यह बिल्कुल ही गलत है। लोगों को डायन बिसाही पर यकीन नहीं करना चाहिए। दहेज के रोकथाम के लिए सभी महिलाओं और पुरुषों को आगे आने और समाज हित में कार्य करने की अपील की। उन्होंने कहा कि दहेज एक अभिशाप है जिसको समाप्त करना अनिवार्य है जिससे कि लोगों को शादी विवाह आदि मामलों में आर्थिक परेशानी से जूझना ना पड़े। मयूरी ट्रस्ट एवं चैताली कॉलेज गुमला झारखंड के डायरेक्टर बसंत कुमार गुप्ता ने कहा कि उच्च शिक्षा के लिए मयूरी ट्रस्ट के द्वारा चैताली कॉलेज संचालित है। इसमें इंटर, बीए, एमए, बीएड, डीएलएड वकालत, नर्सिंग एएनएम जीएनएम डीफार्मा बीफार्मा की पढ़ाई के लिए नामांकन लिया जा रहा है। उन्होंने डायन विसाही अंधविश्वास एवं दहेज प्रथा को दूर एवं समाप्त करने के लिए सभी लोगों को एकजुट और संगठित होकर कार्य करने की अपील की। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने अंधविश्वास, डायन बिसाही एवं दहेज प्रथा को समाप्त करने के लिए संकल्प दोहराया। मौके पर मयूरी ट्रस्ट गुमला झारखंड सचिव चैताली सेनगुप्ता डायरेक्टर बसंत कुमार गुप्ता, हीरा सिंह, विनोद सिंह छोटेलाल साहू किरण देवी ज्ञानी देवी, लुलु देवी, सुषमा कुमारी, शांति देवी सरिता देवी, रूसैन देवी सुनीता देवी मुन्नी देवी ज्योति देवी शिव व्रत साहू तारा देवी हीरा सिंह महरंगी देवी इंद्रावती देवी सत्यनारायण साहू अवधेश सिंह सुभाष कुमार साहू सुप्रितम साहू, रंथी देवी, तेतरी कुमारी, जतरी डुंगडुंग, सुगती डुंगडुंग, चामीन डुंगडुंग रेखा देवी, प्रिया कुमारी, श्रृष्टि कुमारी, अनुराधा कुमारी, आदि उपस्थित थे।

## विश्राम लोहार का शव बरामद कर पोस्टमार्टम हेतु गुमला भेज दिया




दबंग हिन्द,संवाददाता

**झारखंड।** घाघरा थाना के काड़ासिली गांव के समीप खेत से चैनपुर के कुरुमगढ़ निवासी बिश्राम लोहरा का शव घाघरा पुलिस ने बरामद किया। घाघरा पुलिस को शव की सूचना गुरुवार की शाम 5 बजे मिली। पुलिस शव का पंचनामा करते हुवे कब्जे में कर थाना ले आयी। बिश्राम के चेहरे और गले पर जख्म के निशान है। शव को देखने से प्रतीत होता है की बिश्राम का गला घोट और चेहरे पर वार कर उसकी हत्या की गई हो। घाघरा पुलिस ने बताया कि गुरुवार की शाम ग्रामीणों द्वारा सूचना मिली कि गांव के मुख्य पथ से करीब 700 मीटर की दूरी पर स्थित खेत में एक व्यक्ति का शव पड़ा हुआ है। इसके बाद पुलिस देर शाम शव को कब्जे में कर घाघरा थाना लाई। शुक्रवार को अपराह्न के बाद शव की पहचान हों पाई और घाघरा थाना प्रभारी तरुण कुमार घटना की तफसीस को लेकर कुरुमगढ़ के लिए निकल पड़े है। बताया जा रहा है कि बिश्राम अपने दोस्त के साथ दिरगॉव गया था। हालांकि जिस स्थल पर बिश्राम का शव मिला, दिरगॉव से उसकी दूरी करीब दो किलोमीटर बताया जा रहा है। बिश्राम के शव को पुलिस ने शुक्रवार को पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल गुमला भेज दिया।

## विधायक जगत माझी ग्रामीणों की समस्याओं से हुए अवगत

### जनता दरबार में पेयजल समेत अन्य समस्या लेकर पहुंचे ग्रामीण



दबंग हिन्द,संवाददाता

**चक्रधरपुर।** विधायक जगत माझी ने प्रखंड कार्यालय स्थित अपने कक्ष में जनता दरबार आयोजित किया। इस दौरान क्षेत्र के दर्जनों ग्रामीणों ने विधायक से मुलाकात की और समस्याओं से अवगत कराया। जनता दरबार में पेयजल से संबंधित समस्याएं अधिक आए। सोनापोस पंचायत के घुनिया टोली विकास कॉलोनी की दर्जनों महिलाओं ने हस्ताक्षर युक्त आवेदन सौंपकर विधायक के समक्ष गंभीर पेयजल संकट की समस्या रखा और बस्ती में डीप बोरिंग के माध्यम से संकट से निजात दिलाने की मांग की। इसपर विधायक ने बताया कि अप्रैल- मई महीने में डीप बोरिंग करा दिया जाएगा। इसके अलावा चांदनी चौक से स्टेशन रोड तक पीसीसी सड़क निर्माण की मांग की। वहीं कुछ ग्रामीणों ने गांव के स्कूल में शौचालय और चारदीवारी समेत अन्य समस्याओं से अवगत कराया। एक ग्रामीण ने नहर परियोजना में जमीन से संबंधित विवाद को लेकर आवेदन सौंपा। जिसपर विधायक ने अंचल अधिकारी अनुज टेटे को बुलाकर शिकायकर्ता के सामने मामले को रखा और समाधान का निर्देश दिया। इसके अलावा अन्य ग्रामीण भी विभिन्न कार्यों से विधायक जगत माझी से मुलाकात की।

## सदर अस्पताल चाईबासा में फेको मशीन का हुआ सफल इंस्टॉलेशन



दबंग हिन्द,संवाददाता

**चाईबासा।** सदर अस्पताल चाईबासा स्थित नेत्र चिकित्सालय में गुरुवार को फेको मशीन का इंस्टॉलेशन किया गया। यह इंस्टॉलेशन सिविल सर्जन डॉ. सुशांतो कुमार मांझी के निर्देशन में हुआ। डॉ. मांझी ने बताया कि इस मशीन के जरिए पश्चिमी सिंहभूम जिले के साथ-साथ अन्य जिलों और नजदीकी राज्य के मोतियाबिंद मरीजों को भी लाभ मिलेगा।

स्विट्जरलैंड से निर्मित "Oertli" कंपनी की इस फेको मशीन का इंस्टॉलेशन नवीन कुमार ने सफलता पूर्वक किया। इस मौके पर नेत्र सर्जन डॉ. सेलिन सोसन टोपनो, डॉ. सिरिल संदीप सावैयां, नेत्र पदाधिकारी डॉ. मनोज सिंह मुंडा, नेत्र सहायक रमण कुमार सिंह, कविता महतो, लिपिक बनरंजन सिंहा, साइट सेवर्स के जिला कार्यक्रम प्रबंधक बासुदेव नायक, ड्रेसर अरविंद परमहंस कुजूर और स्टाफ नर्स ज्योति हेरेंज एवं संजना कुमारी उपस्थित थे।

यह कदम नेत्र चिकित्सा सेवाओं को बेहतर बनाने और मोतियाबिंद के इलाज को सुलभ बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण साबित होगा।

# शिक्षा मंत्री द्वारा सेवानिवृत आयु 62 वर्ष करने के विचार का बयान स्वागत योग्य : अमीन अहमद

दबंग हिन्द,संवाददाता



**झारखंड।** झारखंड राज्य उर्दू शिक्षक संघ के केंद्रीय महासचिव सह झारखंड प्रदेश संयुक्त शिक्षक मोर्चा के प्रदेश संयोजक अमीन अहमद ने शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन द्वारा राज्य के शिक्षकों की सेवानिवृति उम्र 60 वर्ष से बढ़ाकर 62 वर्ष किये जाने पर विचार करने के पहल का स्वागत किया है।

उन्होंने कहा कि झारखंड प्रदेश संयुक्त शिक्षक मोर्चा में शामिल राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ, झारखंड राज्य उर्दू शिक्षक संघ, झारखंड प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ, झारखंड स्टेट प्राईमरी टीचर्स एसोशिएशन एवं राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ( 2 संवर्ग ) के द्वारा लगातार विगत दो वर्षों से धरना प्रदर्शन के माध्यम से सरकार को इस मुदे पर आगाह करते रही है।

राज्य में व्याप्त शिक्षकों के विभिन्न लंबित मांगों को पूर्ण किये जाने के लिए राज्य के मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री, विधानसभा अध्यक्ष सहित सरकार में शामिल मंत्रियों, राज्य सभा सांसद, विधायक, शिक्षा सचिव तक से लगातार गुहार लगाई जाती रही है।

इस संबंध में झारखंड राज्य उर्दू शिक्षक संघ के केंद्रीय महासचिव अमीन अहमद ने शिक्षा मंत्री के नाम खुला पत्र जारी करते हुए कहा कि सरकार जल्द शिक्षकों के लंबित और जायज मांगों को पुरा करे, ताकि मौजूदा सरकार पर विश्वास बना रहे।

उन्होंने कहा कि सरकार के संज्ञान में मुख्य रूप से रखे गए लंबित मांगों में झारखंड राज्य के शिक्षकों सहित सभी राज्यकर्मियों के सेवानिवृति उम्र 60 वर्ष से बढ़ाकर 62 वर्ष करना है, क्योंकि झारखंड के साथ एक ही समय बने दो अन्य राज्यों छत्तीसगढ़, उत्तराखंड सहित आंध्रप्रदेश में भी राज्य कर्मियों की सेवानिवृति उम्र बढ़ाकर 62 वर्ष कर दी गई है। पिछले दिनों मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री ने अपने राज्य में शिक्षकों की सेवानिवृति उम्र 62 वर्ष से बढ़ाकर विश्वविद्यालय के शिक्षकों के तर्ज.पर 65 वर्ष किये जाने की घोषणा की है, लेकिन झारखंड में अब भी 60 ही है।

राज्य के प्राथमिक से लेकर उच्च माध्यमिक विद्यालय के शिक्षकों के साथ हो रहे आर्थिक अत्याचार को एमएसीपी का लाभ देकर राज्य सरकार इसे दूर कर सकती है। विडंबना है कि शिक्षकों को छोड़कर राज्य के सभी कर्मचारियों को नियमित रूप से पद प्रोन्नति एवं एमएसीपी का लाभ नियमानुकूल दिया जाता है। लेकिन शिक्षकों को न तो प्रोन्नति ही मिलती है और न ही एमएसीपी का लाभ ही मिल रहा है। जबकि बिहार सरकार ने शिक्षकों के साथ न्याय करते हुए 2021 में ही अपने शिक्षकों को एमएसीपी का लाभ दे चुकी है।

2006 से पूर्व के नियुक्त शिक्षकों को छठे वेतन आयोग की अनुशंसा के बावजूद उत्क्रमित वेतनमान से अभी तक वंचित रखा गया है, जबकि राज्य के सचिवालय कर्मियों को वर्ष 2019 से ही इसका लाभ दे दिया गया है। जिससे राज्य के शिक्षक अपने ही राज्य में ठगे से महसूस कर रहे हैं। ऐसे में राज्य में गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा की कल्पना कैसे कर सकते हैं जब शिक्षकों को ही न्याय नहीं मिल रहा है। उन्होंने कहा कि गृह जिला स्थानांतरण के मामले में पूर्व के बने सभी जटिल नियमों को शिथिल करते हुए सामूहिक गृह जिला स्थानांतरण किये जाने की आवश्यकता है। क्योंकि राज्य में प्राथमिक स्तर के पठन-पाठन में स्थानीय शिक्षकों का पदस्थापन हो, ताकि बच्चों को उनके मातृभाषा में पढ़ाई कराई जा सके। शिक्षा विभाग में व्याप्त एनजीओ के दखल से मुक्त करने की भी अपील करते हुए कहा कि राज्य में बेहतर शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करने में शिक्षकों के योगदान की महत्ता बनी रहे। झारखंड राज्य उर्दू शिक्षक संघ के प्रदेश प्रवक्ता शहजाद अनवर ने जानकारी देते हुए बताया कि विगत वर्ष मोर्चा सहित राज्य के अन्य शिक्षक संघों ने भी धरना, प्रदर्शन, आमरण अनशन आदि के माध्यम से अपनी मांगों को सरकार के संज्ञान में रख चुके हैं, लेकिन कहीं से भी समाधान नहीं हो रहा है।

## एक नजर

### महिला ने पति की मौत में कार्रवाई नहीं होने को लेकर एसपी को सौंपा ज्ञापन

**झारखंड।** टोटो ग्राम निवासी अर्चना कुमारी ने पति घनश्याम प्रसाद की सड़क दुर्घटना में हुई मौत मामले में पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर न्याय की गुहार लगाई है। एसपी को सौंपे गए ज्ञापन में अर्चना कुमारी ने कहा है कि उनका पति घनश्याम प्रसाद गुमला में दैनिक मानदेय पर काम करते थे। जिससे घर परिवार का भरण पोषण होता था। पिछले 25 जनवरी को काम के बाद टेंपू से घर टोटो लौट रहे थे तभी टोटो के समीप एक ट्रैक्टर टेंपो को जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे टेंपो सवार कई लोग घायल हो गए और मेरे पति घनश्याम प्रसाद की मौत हो गई थी। दुर्घटना में घायल लोग अब भी सदर अस्पताल में जिंदगी और मौत से जूझ रहे हैं। लगभग 25 दिन हो गए लेकिन अब तक दुर्घटना में शामिल ट्रैक्टर की पहचान हुई लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई। परिवार में अकेला कमाने वाले व्यक्ति की मौत होने पर मौत के कारण बनने वाले वाहनों से क्षति पूर्ति मुआवजा का प्रावधान होता है। अर्चना ने एसपी से न्याय दिलाने की मांग की है। कहा कि टोटो थाना में भी इस बात की शिकायत की गई है लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रहा है।

### बंदगांव में पुलिस की बड़ी कार्रवाई 16 एकड़ में लगी अवैध अफीम की खेती नष्ट



**चक्रधरपुर/बंदगांव।** पश्चिमी सिंहभूम जिले में अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ चल रही मुहिम में एक बड़ी कार्रवाई करते हुए पुलिस ने शुक्रवार को करीब 15 एकड़ में लगी अवैध अफीम की खेती को नष्ट कर दिया। पुलिस सूत्रों के अनुसार, यह कार्रवाई बंदगांव और टेबो थाना क्षेत्रों में की गई। बंदगांव थाना क्षेत्र के ग्राम हातनदा, लड़ौली में करीब 08 एकड़ तथा टेबो थाना अंतर्गत ग्राम जराकेल में करीब 08 एकड़ में लगे अफीम के फसल की नष्ट किया। जिले के पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर ने बताया कि अवैध मादक पदार्थों की खेती और तस्करी के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि इस तरह की कार्रवाई से मादक पदार्थों के कारोबार पर अंकुश लगाने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा अफीम की खेती न करने को लेकर जगह-जगह ग्रामीणों में जागरूकता लाई जा रही है और अफीम से होने वाले दुष्प्रभाव की जानकारी भी ग्रामीणों को दी जा रही है। उन्होंने ग्रामीणों से अपील किया कि किसी भी हाल में अफीम की खेती न करें। वरना उसे पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर बंदगांव थाना प्रभारी दुर्गा शंकर मंडल, टेबो थाना प्रभारी बिक्रम कुमार एवं पुलिस के जवान उपस्थित थे।

### कराईकेला पुलिस ने अफीम अफीम का खेती करने वाले दो व्यक्ति को किया गिरफ्तार



**चक्रधरपुर/बंदगांव।** पश्चिमी सिंहभूम एसएसपी आशुतोष शेखर के निर्देश से इन दोनों पूरे पश्चिम सिंहभूम जिला क्षेत्र में अफीम की खेती के विरुद्ध पुलिस द्वारा अभियान चला रही है। अभियान के साथ-साथ लोगों में अफीम से होने वाले नुकसान के बारे में भी जगह-जगह बैठक कर ग्रामीणों को जानकारी दी जा रही है। इसी क्रम में शुक्रवार को कराईकेला थाना प्रभारी अंकित कुमार पश्चिम सिंहभूम क्षेत्र के जिला के आती नक्सल प्रभावित क्षेत्र तथा पहाड़ों से धीरे गांव नवादा से दो व्यक्ति को अफीम की खेती करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। उसके ऊपर एनडीपीएस एक्ट के तहत सनिका सोय एवं इतवारीवा सोई को पुलिस ने गिरफ्तार कर चाईबासा जेल भेज दिया। इस घटना से नवादा के ग्रामीणों में पुलिस के प्रति काफी आक्रोश था। वे लोग थाना का घेराव करने काफी संख्या में कराईकेला आ रहे थे। जिसकी भनक पुलिस को मिलने के पश्चात पुलिस ने किसी भी तरह ग्रामीणों को समझा बूझकर वापस नवादा भेजो। मालूम हो कि बंदगांव प्रखंड के कराइकेला, टेबो तथा बंदगांव थाना क्षेत्र में अफीम का फसल गुपचुप तरीकों से ग्रामीणों द्वारा किया जा रहा है। जिसको लेकर इन दिनों पुलिस अफीम की खेती करने वाले के खिलाफ अभियान चला रखी है। इस घटना से ग्रामीणों में काफी आक्रोश है। ग्रामीणों का कहना है कि पुलिस एक बार ग्रामीणों को मौका दे उसे गिरफ्तार ना करें। हम लोग और अफीम का फसल नहीं उपजायेंगे।

### स्वास्थ्य मंत्री ने डॉक्टर बन बचाई महिला की जान, सांसें थमती देख दिखाई सूझबूझ



**रांची।** नारायणपुर के पाबिया केंदुआटांड गांव में जो घटना घटी, उसने पूरे क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया। गुरुवार को गोविंदपुर-साहिबगंज हाईवे पर हुए सड़क हादसे में 11 वर्षीय विशाल मुर्मू की मृत्यु हो गई थी। इस घटना से परिवार पूरी तरह से टूट गया है, माता-पिता के लिए अपने बेटे की मौत स्वीकार करना मश्किल था। चारों ओर मातम पसरा हुआ था, आंसू थमने का नाम नहीं ले रहे थे। स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी शोकाकुल परिवार से मिलने पहुंचे। जब वह वहां पहुंचे, तो माहौल गमगीन था। मंत्री के पहुंचने के बाद मृतक की मां सुरजमनी मरांडी की हालत अचानक बिगड़ने लगी। दर्द और सदमे से उनकी सांस रुकने लगी। मृतक की मां की खराब तबीयत होते देख स्वास्थ्य मंत्री ने बिना देर किए तुरंत सीपीआर देना शुरू किया। कुछ ही पलों में अचानक मां की धड़कनें लौट आई, आंखों में हल्की हरकत हुई और कुछ ही देर में उनकी सांसें फिर से चलने लगी। मृतक की मां के होश में आने पर सभी ने मंत्री का आभार व्यक्त किया। इसके बाद मंत्री ने तुरंत तीन और डाक्टरों को बुलाया और इलाज की पूरी व्यवस्था करवाई। वहीं, पर मौजूद गांववालों ने कहा कि गांव के लोगों के लिए मंत्री केवल एक नेता नहीं, वह एक संरक्षक, एक सच्चे जनसेवक और एक कुशल डॉक्टर के रूप में उभरकर सामने आए हैं। इरफान अंसारी ने पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाया और उनकी हरसंभव मदद का आश्वासन दिया। इसके साथ मंत्री अंसारी ने प्रशासन को आदेश दिया कि जहां हादसा हुआ, वहां स्पीड ब्रेकर बनाया जाए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं दोबारा न हो सके। इस घटना के बाद लोग यही कह रहे हैं कि जब जनता का नेतृत्व सही हाथों में होता है, तो वह सिर्फ शासन नहीं करता, बल्कि हर दुख में साथी बनकर खड़ा रहता है। वहीं, दूसरी ओर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गम्हरिया में कार्यक्रम आयोजित कर पुलवामा के शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई। इस मौके पर स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सकों और कर्मचारियों ने मोमबत्तियां जलाकर और फूल अर्पित कर शहीदों को नमन कर उनकी वीरता और बलिदान को याद किया। इसके बाद दो मिनट का मौन रखकर शहीदों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना किया। इस मौके पर उपस्थित स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉ. लक्ष्मी कुमारी ने कहा कि हमारे देश के वीर जवानों ने अपने प्राणों की आहुति देकर देश की रक्षा की है। हमें उनके बलिदान को कभी नहीं भूलना चाहिए और हमेशा उनके आदर्शों पर चलना चाहिए। इस मौके पर देशभक्ति गीत भी गाए गए।

RNI NO. JHAHIN/2013/54377 मुद्रक एवं प्रकाशक अजय कुमार मिश्रा द्वारा ''मिश्रा प्रकाशन" गौरीशंकर नगर ,नया बस्ती ,कडरू ,रांची , पिन कोड -834002 से मुद्रित एवं कार्यालय हिन्दी दैनिक ''दबंग हिन्द'', गौरी शंकर नगर, नया बस्ती, कडरू, रांची-834002 से प्रकाशित।
संपादक : अब्दुल कुद्दुस*, पीआरबी एक्ट के अंतर्गत समाचारों के चयन के लिये उत्तरदायी। फोन नं : 0651-2480574, 9905737601, E-mail : dabanghind@gmail.com

# भारत एआई क्रांति में अग्रणी बन दुनिया का नेतृत्व करें



ललित गर्ग

**भारत दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर होते हुए तकनीकी विकास की दृष्टि से भी सफलता के नये झंडे गाड रहा है। एआई को लेकर भारत की सोच सकारात्मक एवं विकासमूलक है इसीलिये प्रधानमंत्री मोदी ने यह सही कहा कि इस तकनीक में दुनिया को बदलने की ताकत है, लेकिन अमेरिका की कुछ बड़ी तकनीकी कंपनियों ने सूचना संसार में अपना एकाधिकार स्थापित कर लिया है।**

पेरिस में हुए दो दिवसीय एआई (कृत्रिम बुद्धिमत्ता) एक्शन समिट ने जहां दुनिया के लिए आर्टिफिशल इंटेलिजेंस के महत्व को उजागर किया, वहीं यह भी साफ कर दिया कि इस मामले में होड़ के बावजूद सभी देशों का आपसी तालमेल बनाए रखते हुए सावधानी से आगे बढ़ना जरूरी है। एआई से बदलती दुनिया के चमत्कार वरदान से कम नहीं है, लेकिन इससे जुड़ी चुनौतियां एवं खतरे इसे अभिशाप में भी बदल सकते हैं। बहुत आवश्यक है कि इसके उपयोग के संदर्भ में कोई वैश्विक ढांचा एवं नियंत्रण का केन्द्र एवं नीति बने। क्योंकि एआई के दुरुपयोग के खतरे किसी से छिपे नहीं। अभी एआई का उपयोग अपने प्रारंभिक चरण में ही है, लेकिन उससे पैदा होने वाली कई चुनौतियों एवं खतरों ने सिर उठा लिया है। लेकिन इस नई तकनीक से जीवनशैली, शिक्षा, चिकित्सा, युद्ध, सेना, शासन-प्रशासन, चुनाव, व्यापार, विचार आदि में क्रांतिकारी बदलाव देखने को मिल रहे हैं। भारत एआई को लेकर बहुत उत्साहित है और दुनिया में एआई का सबसे बड़ा केन्द्र बनने को भी तैयार है। यही कारण है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने न केवल फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रों के साथ इस शिखर बैठक की सह-अध्यक्षता की बल्कि अगली शिखर बैठक की मेजबानी करने की पेशकश भी करते हुए बता दिया कि भारत इस पहल को कितनी गंभीरता से लेता है।

भारत दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर होते हुए तकनीकी विकास की दृष्टि से भी सफलता के नये झंडे गाड रहा है। एआई को लेकर भारत की सोच सकारात्मक एवं विकासमूलक है इसीलिये प्रधानमंत्री मोदी ने यह सही कहा कि इस तकनीक में दुनिया को बदलने की ताकत है, लेकिन अमेरिका की कुछ बड़ी तकनीकी कंपनियों ने सूचना संसार में अपना एकाधिकार स्थापित कर लिया है। उनके एकाधिकार और उनकी मनमानी से निपटना विश्व के तमाम देशों के लिए मुश्किल हो रहा है। यदि इसी तरह का एकाधिकार एआई कंपनियों ने भी स्थापित कर लिया तो फिर समस्या गंभीर हो जाएगी। सबसे अधिक समस्या विकासशील और निर्धन देशों को होगी, जो पहले से ही चुनिंदा तकनीकी कंपनियों के वर्चस्व तले दबी हुई है। मोदी ने एआई तकनीक के संतुलित एवं विवेकसम्मत उपयोग एवं विकास की आवश्यकता को भी व्यक्त किया। क्योंकि यह उन्नत तकनीक बनाने वाली कुछ कंपनियां उसे अपने हिसाब से संचालित करती हुई भी दिख रही हैं। इस तकनीक का मनमाना इस्तेमाल न होने पाए, इसके लिए अंतरराष्ट्रीय समुदाय को प्रभावी कदम उठाने होंगे। यह एआई एक्शन समिट ऐसे समय हो रही है, जब चीनी कंपनी डीपसीक दुनिया को एक जबर्दस्त झटका दे चुकी है।




भारत एआई की चुनौतियों एवं खतरों को लेकर सतर्क है। क्योंकि एआई द्वारा प्रस्तुत चुनौतियाँ बहुआयामी हैं और लगातार विकसित हो रही हैं। उदाहरण के लिए डीपफेक, जो डिजिटल मीडिया हैं-वीडियो, ऑडियो और चित्र-जिन्हें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग करके संपादित और हेरफेर किया जाता है, हाइपर-रियलिस्टिक डिजिटल मिथ्याकरण को शामिल करते हैं। इसका संभावित रूप से प्रतिष्ठा को नुकसान पहुँचाने, सबूत गढ़ने और लोकतांत्रिक संस्थानों में विश्वास को कम करने के लिए उपयोग किया जा सकता है। जबकि डीपफेक का इस्तेमाल चुनावों जैसे कुछ मामलों में किया गया है, उनका उपयोग विभिन्न अन्य क्षेत्रों में भी तेजी से देखा जा रहा है। डीपफेक के अलावा, एआई से जुड़े अन्य जोखिम भी हैं। इनमें गोपनीयता, पूर्वाग्रह, पारदर्शिता, जवाबदेही और दुर्भावनापूर्ण उद्देश्यों के लिए एआई के संभावित दुरुपयोग से संबंधित मुद्दे शामिल हैं। भारत सरकार इन मुद्दों को सलाह और विनियमों के माध्यम से नियोजित एवं नियंत्रित करने की कोशिश कर रही है जो पारदर्शिता, सामग्री मॉडरेशन, सहमति तंत्र और डीपफेक पहचान पर जोर देते हैं ताकि जिम्मेदार एआई तैनाती सुनिश्चित हो और चुनावी अखंडता की रक्षा हो सके। यह एक सतत प्रयास है और जैसे-जैसे आगे बढ़ेंगे, इन चुनौतियों से निपटने के लिए अधिक मजबूत तंत्र के विकास के साथ सक्षम होने की अपेक्षा रहेगी। एआई विकसित होता रहेगा, नये-नये करिश्माई एवं चमत्कारी आयाम उससे जुड़ते रहेंगे और हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि यह ऐसे तरीके से हो जो सभी के लिए सुरक्षित, नैतिक और लाभकारी हो। आवश्यक बुनियादी ढांचे, हार्डवेयर और क्लाउड कंप्यूटिंग क्षमताओं के विकास में सहायता के लिए निवेश महत्वपूर्ण है। सरकार और निजी क्षेत्र के बीच सहयोग से आवश्यक पूंजी जुटाई जा सकती है। यह संयुक्त प्रयास एआई नवाचार, आर्थिक विकास और रोजगार सृजन को बढ़ावा दे सकेगा और जिससे भारत एआई क्रांति में अग्रणी बन दुनिया का नेतृत्व कर सकेगा।

इसी पहलू को रेखांकित करती है यह पेरिस की तीसरी एआई एक्शन समिट, जिसमें दुनिया भर के 90 देशों और तमाम बड़ी कंपनियों के प्रतिनिधियों के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, आर्टिफिशल इंटेलिजेंस हमारे भविष्य का अनिवार्य हिस्सा है, लेकिन किसी भी वजह से इसकी ग्रोथ को बेकाबू होने दिया गया तो उसके परिणाम खतरनाक साबित हो सकते हैं। भारत की भूमिका को खास बनाता है इसका असाधारण टैलंट पूल, इसके वे इंजिनियर और वैज्ञानिक जो नाम मात्र की लागत पर बड़े-बड़े अंतरिक्ष अभियान को अंजाम देते रहे हैं। हालांकि अभी तक इस मामले में भारत की पहल बहुत अच्छी नहीं कही जा सकती। बेहतर होगा कि केंद्र सरकार एक स्वतंत्र मंत्रालय बनाकर इस तकनीक को लेकर अपनी प्राथमिकता तय करे। इनोवेशन में भारत को हर जोखिम को उठाने के लिये स्वयं को सक्षम करना होगा। एआई का समुचित लाभ उठाने के लिए बहुत कुछ करने की जरूरत है। एआई के जरिये वे अनेक काम किए जा सकते हैं, जो अब तक मनुष्य करते रहे हैं, लेकिन यह ध्यान रहे कि उसमें मानवीय संवेदनाएं नहीं होतीं और वह उपलब्ध डाटा के आधार पर ही किसी नतीजे पर पहुंचती है। अब यदि डाटा ही सटीक न हो तो नतीजे भी नुकसान पैदा करने वाले हो सकते हैं। इस पर हैरानी नहीं कि अति उन्नत एआई को मानव सभ्यता के लिए संकट के रूप में भी देखा जा रहा है। इस आशंका को निर्मूल साबित करने वाले उपाय करना समय की मांग हैं और उन पर ज्यादा फोकस करना होगा।

इस तरह की तकनीक तभी लाभकारी सिद्ध होती है, जब उसका उपयोग समझदारी, नैतिकता एवं विवेकपूर्ण होता है। ज्यादा जरूरी है उसके दुरुपयोग की आशंकाओं पर प्रभावी ढंग से लगाम लगाने की स्थितियों एवं तंत्र को विकसित करने की। एआई के मामले में ऐसा इसलिए अनिवार्य रूप से करना होगा, क्योंकि यह मानव जीवन को कहीं गहराई से प्रभावित करने की क्षमता रखती है। एआई एक नई तकनीक है और बहुत से लोग उसके प्रयोग के तौर-तरीकों से अपरिचित हैं। इसीलिए यह आशंका उभरी है कि उसके कारण रोजगार का संकट पैदा हो सकता है। भारत में विभिन्न क्षेत्रों में विभिन्न नौकरियों पर एआई के प्रभाव को समझने के लिए एक व्यापक, डेटा-समर्थित अध्ययन आवश्यक है। आईएमएफ की एक रिपोर्ट ने अनुमान लगाया है कि एआई दुनिया भर में लगभग 40 प्रतिशत नौकरियों को प्रभावित करेगा, कुछ को प्रतिस्थापित करेगा और दूसरों को पूरक करेगा। यह भी ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि एआई अपने उपयोग के विकास के साथ नए प्रकार की नौकरियां भी पैदा करेगा। एआई पहले से ही विनिर्माण से लेकर बैंकिंग, स्वास्थ्य सेवा, कृषि और शिक्षा तक सभी क्षेत्रों में बदलाव ला रहा है। उदाहरण के लिए, शिक्षा क्षेत्र में, एआई व्यक्तिगत पाठ्यक्रम, परीक्षण, सीखने के तरीके और वितरण को सक्षम करके भारत के सीखने के परिदृश्य को बदल रहा है। निःसंदेह यह नई तकनीक अवसर बन रही है, तकनीकी विकास का सूरज बनकर नयी समाज संरचना को बल दे रही है। यह संभावनाभरा है कि पेरिस शिखर सम्मेलन में एआई के क्षेत्र में भारत और प्रमुख देशों के बीच सामंजस्य बढ़ने के संकेत मिले, लेकिन बात तब बनेगी, जब यह मंच एआई के नियमन एवं नियोजित विकास के लिए सहमति कायम करने की बुनियाद बने। एआई की तीव्र प्रगति और व्यापक अनुप्रयोग को देखते हुए, भारत के लिए अपना स्वयं का एआई सुरक्षा संस्थान स्थापित करना अपेक्षित है। ऐसा संस्थान सुरक्षित और नैतिक एआई प्रथाओं को विकसित करने, अनुसंधान करने और एआई के उपयोग में सुरक्षा की संस्कृति को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित कर सकता है प्रेषकः

(लेखक, पत्रकार एवं स्तंभकार)

(यह लेखक के व्यक्तिगत विचार हैं इससे संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है)

## संपादकीय

### जटिल समस्या

शहरी क्षेत्रों में आश्रयविहीन लोगों के लिए आश्रय स्थल बनाए जाने को लेकर दाखिल की गई जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान सर्वोच्च न्यायालय ने याचिका से यह निहितार्थ निकलते हुए कहा कि मुफ्त की रेवड़ियों यानी बिजली, पानी, हवा अनाज और पैसा आदि बिना कोई श्रम किए दिए जाने से लोग परजीवी बना रहे हैं। अगर उन्हें बिना काम की यही सब कुछ मुफ्त मिल जाएगा तो वह काम क्यों करेंगे। इस पर प्रति टिप्पणी करते हुए याचिकाकर्ता के वकील प्रशांत भूषण ने कहा कि ऐसा नहीं है कि लोग काम नहीं करना चाहते, लेकिन उनके पास काम नहीं है। न्यायपीठ ने प्रशांत भूषण के इस कथन से सहमति व्यक्त नहीं की। इस पूरे प्रकरण में तीन बातें उभर कर आती हैं। गरीबों को बिना किसी श्रम के साथ धन और सुविधाएं उपलब्ध कराना उचित है या अनुचित। क्या इस तरह की योजनाओं से लोग परजीवी बना रहे हैं और सारे काम उपलब्ध होते हुए लोग काम से विमुख हो रहे हैं। और तीसरी बात यह कि क्या उन्हें सचमुच काम उपलब्ध है। जिस देश में विषम आर्थिक प्रगति हो तथा गरीबी और अमीरी की खाई निरंतर चौड़ी हो रही हो और जहां गरीबों के लिए रोजगार का सृजन न हो रहा हो वहां सरकारों के पास एकमात्र यही विकल्प बचता है कि लोग जीवन यापन कर सकें। इसके लिए उन्हें आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध करानी चाहिए। नैतिक तौर पर यह गलत नहीं है, अब जहां तक परजीवी बनने का सवाल है यानी मुफ्त का खाने की आदत पड़ने का प्रश्न है तो यहां सरकार की जिम्मेदारी बनती है कि वह जिन्हें भी यह सुविधा उपलब्ध करा रही है उनके लिए वह किसी ने किसी काम की शर्त रख सकती है। चाहे वह शर्त कितनी भी छोटी क्यों ना हो। लोगों का यह एहसास अवश्य होना चाहिए कि जो कुछ वह प्राप्त कर रहे हैं उसमें वह अपना योगदान भी कर रहे हैं। भले ही उनको दिया जाने वाला कार्य समाजसेवा जैसा ही क्यों ना हो। ऐसे कामों की सूची में सफाई से लेकर नगर व्यवहार तक को शामिल किया जा सकता है। जहां तक रोजगार उपलब्धता का सवाल है तो यह सर्वविदित तथ्य है कि देश में रोजगार बहुत बड़ी समस्या है जिसका कोई भी समाधान राज्य तंत्र नहीं निकाल पाया है। कुल मिलाकर, ये ऐसी ऐसी जटिल समस्याएं हैं जो बहुस्तरीय हैं और इनका समाधान भी बहुस्तरीय होना चाहिए। अन्यथा इसका हल निकलना संभव नहीं है।

## चिंतन-मनन

### भक्तों की सहायता करते हैं ईश्वर

ईश्वर को हम भले ही न देख पाएं लेकिन ईश्वर हर क्षण हमें देख रहा होता है। उसकी दृष्टि हमेशा अपने भक्तों एवं सद्व्यक्तियों पर रहती है। अगर आप गौर करेंगे तो पाएंगे कि जीवन में कभी न कभी कठिन समय में ईश्वर स्वयं आकर आपकी सहायता कर चुके हैं। उस कठिन समय में आपके अंदर भक्ति की भावना उमड़ रही होगी और आप ईश्वर को याद कर रहे होंगे। शास्त्र कहता है कि ईश्वर के लिए संसार का हर जीव उसकी संतान के समान है। जो व्यक्ति उसके बनाये नियमों का पालन करते हुए जीवन यापन करता है ईश्वर उसकी सहायता अवश्य करते हैं। गजराज की कहानी आपने जरूर सुनी या पढ़ी होगी। नदी में गजराज को मगरमच्छ ने पकड़ लिया। इस कठिन समय में गजराज ने भगवान को पुकारा और भगवान विष्णु प्रकट हो गये। भगवान ने अपने चक्र से मगरमच्छ का सिर काट दिया और गजराज के प्राण की रक्षा की। सूरदास जी के जीवन की भी एक ऐसी ही कथा है। सूरदास जी देख नहीं सकते थे। एक बार गलती से एक गड्ढे में गिर गये। गड्ढे से निकलने का काफी प्रयास करने पर भी वह बाहर निकलने में असफल रहे। इस स्थिति में सूरदास जी ने गोपाल को पुकारा। भगवान श्री कृष्ण बालक रूप में पहुंच गये और सूरदास जी को गड्ढे से बाहर निकाला। मीरा के प्राण की रक्षा के लिए भगवान ने मीरा को मारने के लिए भेजे गये विष को प्रभावहीन कर दिया। बघेलखण्ड के बान्धवगढ़ में रहने वाले सेन नामक नाई की भी भगवान ने सहायता की और बघेलखंड का राजा सेन नाई का भक्त बन गया। यह घटना पांच छः सौ साल पुरानी है। सेन नाई राजा की सेवा करता था। इसका काम प्रतिदिन राजा की हजामत बनाना और तेल मालिश करके स्नान कराना था। एक दिन सेन नाई जब राजमहल की ओर चला तब रास्ते में संतों की टोली मिल गयी। नाई उन्हें लेकर घर आ गया और उनकी खूब सेवा की। संतों के साथ बैठकर संत्संग में भाग लिया। राजा के स्नान करने का समय बीता जा रहा था। नाई के नहीं आने से राजा क्रोधित हो रहे थे। इसी समय भगवान स्वयं सेन नाई का वेष धारणकर राजा की सेवा में पहुंच गये।...

# हमारा लोकतंत्र- सदन के सामने से कतराते हमारे जनप्रतिनिधि...!



ओमप्रकाश मेहता



आजादी की हीरक जयंति के दौरान देश के इस मसले पर गंभीर चिंतन करना चाहिए कि क्या आजादी के लिए अपनी जान न्यौछावर करने वाले या जानलेवा संघर्ष करने वाले हमारे राष्ट्रभक्त पूर्वजों की मोहक कल्पनाओं पर हम खरे उतर रहे है? या उनके सपनों में रंग भरने का तनिक भी प्रयास कर रहे है? यह एक ऐसा मुद्दा है जो हमें निराश ही करने वाला है, क्योंकि देश व देशवासियों को उनकी पारिवारिक उलझनों में उलझा कर स्वार्थ सिद्ध करने वालों का आज बाहुल्य हो गया है, आज की राजनीति का जनसेवा से दूर का भी सम्बंध नहीं रहा। आज राजनीति ने एक व्यवसाय का रूप धारण कर लिया है, जो कम समय में अधिक लाभदायक सिद्ध हो रही है, इसीलिए आज राजनीति एक महत्वपूर्ण आकर्षण का केन्द्र बनी हुई है, आज युवा वर्ग का रूझान इसी 'हींग लगे न फिटकरी, रंग चौखा होय' की ओर आधिक है। ....और राजनीति से लोकसेवा की भावना खत्म हो जाने से यह व्यवसाय सभ्य समाज में 'गाली' बनता जा रहा है। इधर उधर की जुगाड़ लगाकर साधारण सरकारी नौकरी पाने वाला एक युवक खून पसीना बहाने के बाद भी पूरे महीनें में इतना नहीं कमा पाता, जितना राजनीति में लिप्त एक युवा एक दिन में अपनी काली कमाई एकत्र कर लेता है।

....और यदि यही राजनीतिक युवा जोड़-तोड़ करके चुनाव जीत कर सांसद या विधायक बन जाता है तो फिर उसकी सात पीढ़ियों को किस भी प्रकार की कोई चिंता करने की जरूरत नहीं, क्योंकि फिर उसका बहुमूल्य समय संसद या विधानसभा के सदनों में कम बाहर की आर्थिक जोड़-तोड़ में ज्यादा खर्च होता है। आज की यह भी एक महान समस्या सामने आ रही है, जिसके तहत हमारे प्रजातंत्र की संसदीय पद्धति बदनामी के शिखर को छूने की तैयारी कर रही है, आज हमारे जन प्रतिनिधि संसद या विधानसभाअें की सदस्यता या उसके माध्यम से जनसेवा के लिए ग्रहण नहीं करते, बल्कि सदन के बाहर की राजनीतिक 'दादागिरी' के लिए चुनते है, आज इसीलिए हमारी संसदीय प्रणाली अपने मूल उद्देश्यों को हासिल करने में अयोग्य साबित हो रही है, और इसी कारण आज हमारी संसद व विधानसभाओं की निर्धारित दिवसों की संख्या पूरी नही हो पाती, सत्र जितनी अवधि के लिए आहूत किए जाते है, उससे आधी अवधि तक भी चल नही पाते और लोक महत्व के विधेयकों या विषयों पर सदनों में चर्चा ही नहीं हो पाती और मतदाताओं की उम्मीदें अपेक्षाएं धवस्त हो जाती है।

आज की सबसे अहम् समस्या यही है, राज्यों व देश के बजट के आकार में बेतहाशा वृद्धि होती जा रही है और प्रजातंत्र के मंदिरों (संसद विधानसभा) में पूजा की अवधि लगाकर कम होती जा रही है, अर्थात् अब लोकतंत्र के मंदिर सिर्फ दिखावे के लिए ही रह गए है, इनमें विराजित 'देवता' के प्रति न कोई आस्था शेष रही और न ही विश्वास।

आज तो यह आम चलन ही हो गया है कि सत्र बुलाए जाते है लम्बी अवधि के लिए और फिर खत्म हो जाते है अल्पावधि में ही, न सत्र चलाने वालों की अब इनमें कोई दिलचस्पी बची है और न ही सत्र में शामिल होने वालों की।

यद्यपि आज इस महत्वपूर्ण मसले पर गंभीर चिंतन करने का वक्त प्रजातंत्र के किसी भी अंग के पास नही है, किंतु सबसे अहम् चिंताजनक सवाल यह है कि ऐसा कब तक चलेगा? और यदि यही चलता रहा तो हमारे प्रजातंत्र का भविष्य क्या होगा? आज हमारे भारतीयों के खून-पसीनें से कमाई और विभिन्न करों के रूप में सरकार द्वारा वसूली जा रही राशि राजनेताओं की रंग-रैलियों व फालतू कामों पर खर्च की जा रही है और इस पर निगरानी रखने वाला दर्शक दीर्घा में जाकर बैठ गया है, ऐसे में इस देश का क्या होगा? आज यही सबसे बड़ी चिंता का सवाल है, जिसका जवाब किसी के पास भी नही है, चिंतित है तो केवल चिंताग्रस्त परेशान नागरिकों या बुद्धिजीवी?

# मुद्दा : ई-कॉमर्स कंपनियों का नया खेल



रजनीश कपूर

आज के युग में हम एक ऐसी दुनिया में रहते हैं जहां सुविधा ही मुख्य मंत्र है। जहां गति ही सर्वोच्च है। इस नये युग में 'क्विक कॉमर्स' या 'ई-कॉमर्स' की सफलता को इससे बेहतर नहीं समझा जा सकता। आज 'ई-कॉमर्स' ने हमारे खरीदारी करने के तरीके में क्रांति ला दी है। अब कुछ 'ई-कॉमर्स' वाली कंपनियां एक कदम आगे छलांग लगाने जा रहीं हैं जिससे कई मौजूदा और स्थापित उद्योगों को भारी चोट पहुंच सकती है। ग्राहकों को लुभाने की दृष्टि से कुछ 'ई-कॉमर्स' कंपनियां अनुचित व्यापार के तरीकों से मौजूदा उद्योगों के ग्राहकों को छीनने का प्रयास करने जा रही है। इस क्रम में फिलहाल कुछ खाना डिलीवर करने वाली 'ई-कॉमर्स' कंपनियों की सूची है जो अपने मौजूदा रेस्टोरेंट मालिकों के साथ सीधी टक्कर लेने को तैयार है।

कल्पना कीजिए कि आप अपना मनचाहा स्वादिष्ट भोजन खाना चाहते हैं। अभी तक आप मौजूदा डिलीवरी ऐप्स के जरिए अपने पसंदीदा रेस्टोरेंट से वह भोजन मांगा लेते हैं। रेस्टोरेंट की व्यस्तता, आपके घर से उसकी दूरी और आपके द्वारा मंगाए गए भोजन की मात्रा के अनुसार आपको वह भोजन 20-25 मिनट या उससे अधिक में, घर बैठे ही मिल जाता है। इस व्यवस्था में आपको और आपके पसंदीदा रेस्टोरेंट, दोनों को ही फायदा रहता है। आपको आपका मनपसंद भोजन घर बैठे ही मिल जाता है और आपके पसंदीदा रेस्टोरेंट को उसके जमे-जमाए ग्राहकों से धंधा मिल जाता है। इसके लिए यदि आपको और रेस्टोरेंट मलिक को डिलीवरी वाली 'ई-कॉमर्स' कंपनी कुछ कमीशन भी देना पड़े तो वह चुभता नहीं। जब यह व्यवस्था नई-नई शुरू हुई थी तो ग्राहकों, डिलीवरी करने वाले साथियों और रेस्टोरेंट मालिकों को लुभाने की दृष्टि से, ये कंपनियां काफी अच्छे ऑफर्स देते थे। देखते ही देखते इन सभी की संख्या लाखों करोड़ों में पहुंच गई। इसके साथ ही इन डिलीवरी वाली 'ई-कॉमर्स' कंपनियों की क्मिशन भी बढ़ी। सभी एक दूसरे के फायदे का जरिया भी बने। कोरोना काल में तो ये 'ई-कॉमर्स' कंपनियां काफी मददगार भी साबित हुई। परंतु अब कुछ ऐसा सुनने में आया है जिससे कि अधिकतर रेस्टोरेंट मलिक इन डिलीवरी 'ई-कॉमर्स' कंपनियों के खिलाफ अदालत का रु ख भी करने को मजबूर हो रहे हैं। उल्लेखनीय है कि कुछ डिलीवरी 'ई-कॉमर्स' कंपनियों ने अपने ही ब्रांड के कुछ व्यंजनों को बाजार में उतारने की तैयारी कर ली है। इस नये प्रयोग के तहत जो भी मशहूर व स्वादिष्ट व्यंजन की मांग ग्राहकों से अधिक मिलती थी उन सबसे मिलते-जुलते व्यंजनों को ये कंपनियां अपने ही लेबल और ब्रांड का बता कर बाजार में उतारने जा रही है। ऐसे में अपने ब्रांड के व्यंजनों को ग्राहकों के बीच लोकप्रिय करने की दृष्टि से वह इन व्यंजनों को मात्र दस से पंद्रह मिनट में ही पहुंचाने का दावा करने जा रही है। ये सब व्यंजन 'रेडी-टू-ईट' की श्रेणी में पहले से ही इन कंपनियों के द्वारा इकट्ठा किए जाएंगे और जैसे ही किसी ग्राहक को इससे मिलते जुलते भोजन का ऑर्डर देना होगा तो ये कंपनियां ग्राहकों को मौजूदा रेस्टोरेंट से कम दाम और कम समय में डिलीवर करने की ऑफर देंगी। निश्चित रूप से ज्यादातर ग्राहक सस्ती और जल्दी के चक्कर में पड़ ही जाएंगे। सोचने वाली बात यह है कि यदि आप अपने मनपसंद पराठे खाना चाहें, लेकिन जितना समय आपको उसे बनाने में लगेगा उससे आधे समय में यदि गरमा-गरम पराठा आप तक पहुंच जाए तो आप अपनी जेब ढीली करने में देर नहीं लगाएंगे, परंतु जहां रेस्टोरेंट मलिक इन डिलीवरी 'ई-कॉमर्स' कंपनियों के मौजूदा व्यवस्था से खुश थे वहीं वे इन कंपनियों के नये अवतार में आने की खबर से काफी चिंतित हैं।

भारत की नेशनल रेस्टोरेंट एसोसिएशन (एनआरएआई) ने डिलीवरी ऐप्स की 'ई-कॉमर्स' कंपनियों के खिलाफ अदालत जाने की पूरी तैयारी कर ली है। वे इसे अनुचित व्यापार प्रथा मानते हैं। एनआरएआई के मुताबिक इन डिलीवरी ऐप्स की 'ई-कॉमर्स' कंपनियों के पास सभी ग्राहकों के विस्तृत जानकारी होती है। जैसे कि उनके नाम, पता, फोन नम्बर इत्यादि। इतना ही नहीं ग्राहकों द्वारा बारझबार या कबझकब कौन सा भोजन मंगाया जाता है इस सबकी भी जानकारी होती है जो वे रेस्टोरेंट से कभी साझा नहीं करते। एनआरएआई के मुताबिक चूंकि रेस्टोरेंट मालिकों के पास उसके डिलीवरी ऐप्स वाले ग्राहकों की सूची नहीं होती, इसलिए उनको यह नहीं पता चलता कि खाना किस ग्राहक ने मंगाया है। ऐसे में यदि ये डिलीवरी ऐप्स वाली 'ई-कॉमर्स' कंपनियां रेस्टोरेंट के ग्राहकों को तोड़ने का काम कर रही है तो




यह अनुचित व्यापार प्रथा है। ऐसा पहली बार नहीं हुआ है कि जब इन डिलीवरी वाली 'ई-कॉमर्स' कंपनियों को किसी अदालत या अन्य कानूनी पटल द्वारा लताड़ा न गया हो, लेकिन इस ताजा मामले में क्या होता है यह तो आने वाला समय ही बताएगा। अलबत्ता, एक बात तो तय है कि व्यापार चाहे रेस्टोरेंट का हो या रोजमर्रा के सामान की खरीदारी का, सभी को एक समान अवसर ही मिलना चाहिए। छल और कपट से किया गया व्यापार ज्यादा दिन तक नहीं चलता।

# जहानाबाद में प्रगति यात्रा के दौरान सीएम नीतीश ने दी 241 करोड़ से अधिक की सौगात



**दबंग हिंद संवाददाता**

**जहानाबाद।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने प्रगति यात्रा के दौरान जहानाबाद जिले के काको प्रखंड के घरहरा गांव पहुंचे। राजकीय अन्य पिछड़ा वर्ग आवासीय बालिका 10+2 उच्च विद्यालय परिसर से 241.20 करोड़ रुपये की कुल 88 विकासात्मक योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इनमें 154.72 करोड़ रुपये की 55 योजनाओं का उद्घाटन और 86.48 करोड़ रुपये की 33 योजनाओं का शिलान्यास शामिल है।

**जहानाबाद में सीएम की प्रगति यात्रा**

मुख्यमंत्री ने जहानाबाद जिले में विभिन्न जगहों पर विकासात्मक योजनाओं का जायजा लिया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने 4635.28 लाख रुपये की लागत से राजकीय अन्य पिछड़ा वर्ग आवासीय बालिका 10+2 उच्च विद्यालय, घरहरा का उद्घाटन किया। नीतीश कुमार ने विद्यालय के प्रशासनिक और शैक्षणिक भवन के विभिन्न भागों का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं की जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने बच्चियों से बातचीत की और कहा कि जीवन में उत्साहित होकर ठीक से पढ़ाई करें। सीएम ने विद्यालय परिसर में बनाए गए छात्रावास मेस के संबंध में भी जानकारी ली। फिर नीतीश कुमार ने विभिन्न विभागीय स्टॉलों का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने उद्योग विभाग, कृषि विभाग, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, समाज कल्याण विभाग, पिछड़ा एवं अति पिछड़ा कल्याण विभाग, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग और शिक्षा विभाग के स्टॉलों का मुआयना किया। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री उद्यमी योजना, स्टार्टअप योजना, मुख्यमंत्री निःशक्त विवाह प्रोत्साहन योजना, अनुसूचित जाति-अनुसूचित जनजाति (अत्याचार) निवारण अधिनियम, मुख्यमंत्री मत्स्य विपणन योजना और राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के अंतर्गत संचालित योजना के लाभुकों स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड, उद्यान योजना के लाभुकों को सांकेतिक चेक प्रदान किया। उन्होंने बिहार लघु उद्यमी योजना के तहत लाभुकों को 1 करोड़ 36 लाख रुपये का सांकेतिक चेक प्रदान किया। मुख्यमंत्री ने स्वयं सहायता समूह की जीविका दीदियों की ओर से जीविकोपार्जन के लिए की जा रही विभिन्न गतिविधियों एवं उत्पादों की जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने सतत जीविकोपार्जन योजना के तहत 811 स्वयं सहायता समूह को 4 करोड़ रुपये का सांकेतिक चेक प्रदान किया। साथ ही मुख्यमंत्री ने जीविका दीदियों के स्टॉल पर लगाए गए विभिन्न उत्पादों को देखा और जीविका दीदियों से बातचीत की। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2006 में जब हमलोगों को बिहार में काम करने का मौका मिला तो हमने देखा कि यहां स्वयं सहायता समूहों की संख्या नाम मात्र की थी। हमलोगों ने विश्व बैंक से कर्ज लेकर स्वयं सहायता समूहों की संख्या बढ़ानी शुरू की। हमने ही स्वयं सहायता समूह का नाम जीविका दिया, जिससे प्रेरित होकर तत्कालीन केंद्र सरकार ने इसका नाम आजीविका किया। सीएम ने कहा कि हमने जीविका से जुड़ी महिलाओं को जीविका दीदी नाम दिया। शहरी क्षेत्रों में भी स्वयं सहायता समूह का विस्तार किया जा रहा है। स्वयं सहायता समूहों से जुड़कर महिलाएं आत्मनिर्भर और स्वावलंबी बन रही हैं। इससे बिहार की महिलाओं की आर्थिक स्थिति में काफी सुधार आया है। उनका पहनावा और बोलचाल भी काफी अच्छा हो गया है। वे लोगों से बेहिचक होकर बातें करने लगी हैं। मैं आप सभी जीविका दीदियों को बेहतर कार्य करने के लिए बधाई देता हूं, आप लोग आगे बढ़ें, खूब तरक्की करें। जीविका दीदियों ने मुख्यमंत्री को धन्यवाद देते हुए कहा कि आपकी बदौलत हमलोगों का जीवन सुधरा है, हमलोगों को नई पहचान मिली है। हमलोगों की पारिवारिक और सामाजिक स्थिति में काफी सुधार हुआ है, यह सब आपकी देन है। मुख्यमंत्री ने जिलाधिकारी से कहा कि जीविका दीदियों के उत्थान के लिए चलाई जा रही योजनाओं को क्रियान्वित करने पर विशेष ध्यान दें।

# विधायक की अध्यक्षता में सुन्दरनाथ धाम में महाशिवरात्रि महोत्सव की हुई समीक्षा

**सुंदरी मठ से लौटकर डा. रूद्र किंकर वर्मा।**



महाशिवरात्रि के अवसर पर इस वर्ष ऐतिहासिक सुन्दरनाथ धाम में आयोजित होने वाले 15 दिवसीय महोत्सव की भव्य तैयारी के लिए गुरुवार को एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता सुंदरी मठ न्यास समिति के अध्यक्ष पूर्व मंत्री सह विधायक विजय कुमार मंडल ने की, जिसमें बीडीओ, सीओ, विभिन्न थाना के पदाधिकारी, एसएसबी के जवान और अन्य प्रमुख लोग उपस्थित थे। इस आयोजन को लेकर खासतौर पर सुन्दरनाथ धाम में श्रद्धालुओं के समागम के लिए सभी सुरक्षा और व्यवस्था के मुद्दों पर चर्चा की गई। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि हत्ता चौक से सुन्दरनाथ धाम तक और रजौला चौक तक सभी अतिक्रमण हटाए जाएंगे। साथ ही, सुंदरी टावर चौक और रजौला चौक के पास बैरिकेडिंग लगाकर वाहनों की आवाजाही को महाशिवरात्रि से लेकर चतुर्थी तक पूरी तरह से प्रतिबंधित कर दिया जाएगा, ताकि श्रद्धालुओं को बिना किसी परेशानी के दर्शन का अवसर मिल सके। 15 दिनों तक धाम परिसर में मेडिकल सेवाएं, दमकल गाड़ी, चलंत शौचालय, पेयजल और सफाई व्यवस्था की जाएगी। इस दौरान, भीड़ की सुरक्षा के लिए बैरिकेडिंग की जाएगी और सीओ आलोक कुमार ने यह सुनिश्चित किया कि मंदिर के सामने की मुख्य सड़क पर कोई भी दुकान नहीं लगेगी। इसके अलावा, कुआड़ी थाना के थाना अध्यक्ष रौशन कुमार सिंह ने बताया कि इस बार महाशिवरात्रि महोत्सव में लगभग डेढ़ सौ पुलिसकर्मी सुरक्षा व्यवस्था संभालेंगे और एसएसबी के जवान भी गश्ती करेंगे। विधायक विजय कुमार मंडल ने इस अवसर पर घोषणा की कि 26 और 27 फरवरी को महाशिवरात्रि महोत्सव के दौरान भव्य भक्ति जागरण का आयोजन किया जाएगा, जिसमें प्रसिद्ध कलाकारों द्वारा भव्य धार्मिक भजन प्रस्तुत किए जाएंगे। यह भक्ति जागरण महोत्सव न केवल श्रद्धालुओं के लिए आस्था का केंद्र बनेगा, बल्कि एक अनमोल अनुभव भी प्रदान करेगा।

बैठक में मौजूद अन्य प्रमुख व्यक्तियों में आरओ मुकेश मंडल, सोनामणि गोदाम के सअनि कृष्ण मुरारी पासवान, कुआड़ी थाना के सअनि पंकज शर्मा, मुखिया प्रतिनिधि महेश साह, और सुंदरी मठ न्यास समिति के सदस्य प्रणव गुप्ता, एचके सिंह, रामानंद मंडल, रामदेव सरदार, रामप्रसाद शर्मा, मनोज भगत, लोजपा नेता विद्यानंद पासवान, श्याम मंडल, हरि लाल दास, बिदुर ठाकुर, छोटू साह, भानू सिंह, गिरानंद साह, जनकलाल सिंह, अजय मंडल, संजय दास सहित कई अन्य लोग शामिल थे।

## मैरेज डे पर संजीव मिश्रा का खास तोहफा

# पैनोरमा एन्क्लेव का भव्य लॉन्च, बुकिंग शुरू

**दबंग हिंद संवाददाता**

**पूर्णियां।** यह दिन आपके सपनों को हकीकत में बदलने का है! रियल एस्टेट के टॉप नाम और पैनोरामा ग्रुप के सीएमडी संजीव मिश्रा और उनकी धर्मपत्नी कविता मिश्रा ने अपनी 18वीं शादी की सालगिरह पर सीमांचल वासियों को एक शानदार तोहफा देने का फैसला किया है। 15 फरवरी 2025 को होने जा रहा पैनोरमा एन्क्लेव का भव्य शुभारंभ, जो आपके घर खरीदने का सपना साकार करने का सबसे बेहतरीन मौका है। पैनोरामा एन्क्लेव में अब आप सिर्फ 10 हजार रुपये प्रति माह की आसान किस्तों में अपना खुद का घर खरीद सकते हैं। ये अवसर सीमांचल में हर उस व्यक्ति के लिए है जो सस्ते और सुविधाजनक आवास की तलाश में है। संजीव मिश्रा ने एक बार फिर साबित कर दिया कि वह सिर्फ रियल एस्टेट के ही नहीं, बल्कि लोगों के सपनों के सच होने के भी किंग हैं। पैनोरामा एन्क्लेव का लॉन्च इस क्षेत्र में एक नई दिशा और उम्मीद लेकर आ रहा है, जहाँ रियल एस्टेट निवेशकों के लिए हर पहलू को ध्यान में रखकर शानदार प्रॉपर्टी ऑप्शंस उपलब्ध होंगे। यह लॉन्च सिर्फ एक समारोह नहीं, बल्कि आपके लिए जीवनभर के सबसे बड़े निवेश का मौका है। तो बुकिंग अब शुरू हो चुकी है, और आप इसे मिस नहीं करना चाहेंगे। पैनोरामा एन्क्लेव में स्थान सीमित हैं, इसलिए जल्द ही अपना घर बुक करें !तारीखः शनिवार, 15 फरवरी 2025,समयः शाम 3 बजे से,स्थानः एन एच 31 बाईपास रोड, गुलाबबाग, पैनोरामा सिटी के पास, पूर्णिया आइए और इस ऐतिहासिक लॉन्च का हिस्सा बनें। संजीव मिश्रा और कविता मिश्रा के साथ, अपने सपनों का घर पाएं झ्र पैनोरामा एन्क्लेव में, जहां सस्ती कीमतों पर मिलेगा शानदार जीवन!

# एसपी ने भरगामा थाना का किया औचक निरीक्षण, दिए कई निर्देश

**दबंग हिंद संवाददाता**



**भरगामा।** अररिया एसपी अंजनी कुमार ने शुक्रवार को भरगामा थाना का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने थाना परिसर की साफ-सफाई, महिला हेल्प डेस्क, हाजत, और पुलिस कक्षों का गहनता से निरीक्षण किया। एसपी ने अनुपस्थित कर्मियों की जानकारी ली और अधिकारियों को साफ-सफाई बनाए रखने, वर्दी में तैनात रहने और अपराध नियंत्रण के लिए गश्त तेज करने का निर्देश दिया। एसपी ने केस अनुसंधान कताओं को घटनास्थल पर जाकर जांच करने की सलाह दी और लंबित कांडों के निष्पादन में देरी के बारे में पूछताछ की। उन्होंने फरियादियों से कुशल व्यवहार करने और महिला संबंधित मामलों को गंभीरता से लेने का निर्देश दिया। साथ ही, शराब कारोबारियों पर नकेल कसने और पुलिस गश्त बढ़ाने की बात भी कही। इस मौके पर डीएसपी मुकेश कुमार साह, भरगामा थानाध्यक्ष राकेश कुमार, और अन्य पुलिसकर्मी उपस्थित थे।

# राजद सरकार में सीएम हाउस फिरौती के लिए अपहरण करने वाले गिरोहों से संबंध था : सुभाष

**दबंग हिंद संवाददाता**

**पटना।** लालू यादव के छोटे साले और पूर्व सांसद सुभाष यादव के आरोपों पर अब तक लालू परिवार की ओर से कोई बयान नहीं आया है। सुभाष यादव ने आरोप लगाया है कि बिहार में राष्ट्रीय जनता दल की सरकार के दौरान सीएम हाउस का फिरौती के लिए अपहरण करने वाले गिरोहों से संबंध था। 1990 से 2005 तक बिहार में लालू-राबड़ी की सरकार थी। सुभाष यादव ने आरोप लगाया, 'वे (लालू और राबड़ी) मुझ पर अपहरण के पीछे होने का आरोप लगाते हैं। वे ही लोगों का अपहरण करवाते थे और उनकी रिहाई का आदेश देते थे।' लालू और राबड़ी ने सुभाष यादव से संबंध खत्म कर लिए हैं। सुभाष यादव ने कहा, 'अगर मेरे खिलाफ कोई सबूत होता, तो मैं जेल में होता, ठीक वैसे ही जैसे लालू यादव के खिलाफ चारा घोटाले में शामिल होने का सबूत था।' राबड़ी देवी के एक और भाई साधु यादव ने इस आरोप को निराधार, बेबुनियाद बताते हुए कहा, 'उससे (सुभाष यादव) पूछना चाहिए कि तुम वहां क्या करते थे? 20 वर्ष नीतीश कुमार के शासन को हो गए और 15 वर्ष राजद का शासन था तो 35 वर्षों के बाद उनकी आंख खुली? ऐसा लगता है कि वो किसी राजनीतिक पार्टी से कुछ पाने या कोई पद हासिल करने के लिए ऐसी बातें कह रहे हैं।' उन्होंने कहा, 'मैंने लालू यादव को पहले ही कहा था कि इसको (सुभाष) तवज्जो मत दीजिए।' साधु यादव ने कहा, 'लोग अक्सर मुझे उसके जैसा ही समझ लेते थे। साधु-सुभाष एक पर्यायवाची शब्द बन गए थे। वो सभी हरकतों में लिप्त रहता था और मुझे बिना किसी कारण साझीदार समझा जाता था।' लालू यादव के छोटे साले सुभाष यादव ने आरोप लगाया, 'वास्तव में मैं ही था, जिसने अपने जीजा (लालू यादव) को इस तरह से काम करने से रोकने की कोशिश की थी। लेकिन उन दिनों वो (लालू यादव) सत्ता के नशे में चूर थे और किसी की नहीं सुनते थे।'

## शिव मंदिर में निकला विशालकाय सांप

**दबंग हिंद संवाददाता**

**बांका।** जिले के अमरपुर प्रखंड के महादेवपुर गांव में एक मंदिर में सांप निकलने से हड़कंप मच गया। शुक्रवार सुबह एक महिला पूजा करने गई थी। उसने सांप देखा और चिल्लाने लगी। गांव वाले इकट्ठे हो गए। समाजसेवी रामकुमार उर्फ गोरे ने बताया कि कुछ लोग अंधविश्वास में फंसे हैं और सांप को दूध पिलाने की कोशिश कर रहे हैं। वन विभाग को भी सूचना दी गई। यह घटना शुक्रवार सुबह की है और सांप के कारण लोगों में डर और अंधविश्वास का माहौल है। वन विभाग के अधिकारी अब्दुल सलाम ने बताया कि सांप को पकड़कर जंगल में जल्द छोड़ा जाएगा। अब तक सांप ने किसी को नुकसान नहीं पहुंचाया है। लेकिन किसी भी खतरे से बचने के लिए सतर्कता जरूरी है। महादेवपुर गांव में सांप निकलने की घटना ने अंधविश्वास को और हवा दे दी है। दीपक कुमार नाम का एक युवक सांप को हाथ में लेकर घूम रहा है और तरह-तरह के करतब दिखा रहा है।

# एक कॉल पर घर पहुंच जाएगा बालू, कमांड एंड कंट्रोल सेंटर ने जारी कर दिया नंबर

**दबंग हिंद संवाददाता**

**पटना।** बिहार में बालू की किल्लत से जूझ रहे लोगों के लिए राहत की खबर है। उपमुख्यमंत्री सह खान एवं भूतत्व मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने घोषणा की है कि लोगों को आसानी से बालू मिले, यह सुनिश्चित करने के लिए सरकार कई कदम उठा रही है। इसमें हेल्पलाइन नंबर जारी करना, बालू मित्र पोर्टल शुरू करना और दूसरे राज्यों से बालू लाने की व्यवस्था सुधारना शामिल है। सरकार का लक्ष्य अवैध खनन और कालाबाजारी पर रोक लगाना भी है। बालू की कमी से परेशान लोग अब दो सरकारी नंबरों पर संपर्क कर सकते हैं: 0612-2215360 और 9472238821। इन नंबरों पर कॉल करके आप अपने घर तक बालू मंगवा सकते हैं। यह सुविधा विभाग के कमांड एंड कंट्रोल सेंटर के माध्यम से उपलब्ध कराई जा रही है। उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा, 'आम लोगों को उनकी जरूरत के हिसाब से बालू देना सरकार की प्राथमिकता है।' उन्होंने बताया कि विभाग के अधिकारियों को इस बारे में स्पष्ट निर्देश दिए जा चुके हैं। सरकार बालू की आपूर्ति के लिए खनन निगम का भी सहारा लेने पर विचार कर रही है। इससे बालू की उपलब्धता और बढ़ेगी। इसके अलावा, जल्द ही बालू मित्र पोर्टल भी शुरू किया जाएगा।

# शिक्षाकर्मियों की पांच दिवसीय धरना स्थगित : फैक्टनेब

## विधान पार्षद सिंह ने किया प्रतिमाह वेतन भुगतान की व्यवस्था की मांग का समर्थन, कहा- हम इस आंदोलन को सड़क से सदन तक पहुंचाएंगे

**दबंग हिंद संवाददाता**



**पटना।** बिहार राज्य संबद्ध डिग्री महाविद्यालय शिक्षक शिक्षकेतर कर्मचारी महासंघ (फैक्टनेब) के आह्वान पर 10 फरवरी से शुरू हुए धरना प्रदर्शन को आज (14 फरवरी 2025) पांचवे दिन स्थगित कर दिया गया। हालांकि, महासंघ ने यह स्पष्ट किया है कि यदि राज्य सरकार ने उनकी चार सूत्री मांगों का समाधान नहीं किया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

शुक्रवार के धरने का मुख्य उद्देश्य परीक्षा परिणाम आधारित अनुदान राशि के बदले प्रतिमाह वेतन भुगतान, बकाया अनुदान राशि का एकमुश्त भुगतान और शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारियों के लिए बेहतर कार्य परिस्थितियों की व्यवस्था सुनिश्चित करना था। महासंघ ने चेतावनी दी है कि यदि सरकार इन मांगों को न माने तो वे जेल भरो अभियान शुरू करेंगे। धरना स्थल पर आयोजित सभा को संबोधित करते हुए कोशी शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के विधान पार्षद डॉ. संजीव कुमार सिंह ने कहा कि सरकार को अनुदान के बदले प्रतिमाह वेतन भुगतान की व्यवस्था करनी चाहिए। उन्होंने आंदोलनकारियों का समर्थन करते हुए कहा, आप सही समय पर अपना आंदोलन कर रहे हैं, और हम इसे सड़क से सदन तक पहुंचाने का हर प्रयास करेंगे। हम आपके संघर्ष में पूरी तरह से आपके साथ हैं। धरने में शामिल मगध विश्वविद्यालय बोधगया और तिलका मांझी विश्वविद्यालय भागलपुर के सैकड़ों शिक्षक और शिक्षकेतर कर्मचारियों ने भी अपने अधिकारों के लिए जमकर नारेबाजी की और अपनी मांगों को लेकर रोष व्यक्त किया। धरना प्रदर्शन का नेतृत्व डॉ. पितृ कुमार (उपाध्यक्ष, फैक्टनेब, मगध विश्वविद्यालय) और डॉ. राजेश कुमार मिश्रा (तिलका मांझी विश्वविद्यालय, भागलपुर) ने किया। महासंघ के मीडिया प्रभारी प्रो. अरुण गौतम ने बताया कि इस धरने के बाद फैक्टनेब ने अपना आंदोलन और तेज करने का संकल्प लिया है। उन्होंने बताया कि आने वाले दिनों में आंदोलन की अगली कड़ी में विधान मंडल और विधान पार्षदों के निवास का घेराव, जेल भरो अभियान, सामूहिक उपवास और आमरण अनशन जैसी योजनाएं बनाई गई हैं। इन कदमों का उद्देश्य राज्य सरकार पर दबाव बनाना है ताकि शिक्षाकर्मियों की मांगों पर जल्द समाधान हो। धरना स्थल पर सभा को डॉ. शंभुनाथ प्रसाद सिन्हा (महासंघ के अध्यक्ष), प्रो. राजीव रंजन (महासचिव, फैक्टनेब), डॉ. कुमार राकेश कानन, डॉ. दीपक कुमार सिंह, डॉ. विरेन्द्र सिंह, प्रो. राम विनय प्रसाद सिंह, डॉ. चन्द्र भुषण कुमार, सत्येन्द्र कुमार, डॉ. नवल किशोर प्रसाद सिंह, डॉ. राजेश कुमार मिश्रा, डॉ. राम भवन शर्मा सहित कई प्रमुख नेताओं ने संबोधित किया। इस धरने और आंदोलन में सभी नेताओं ने सरकार से शिक्षाकर्मियों के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने और उनके लिए स्थिर वेतन व्यवस्था सुनिश्चित करने की अपील की। इन नेताओं का कहना था कि आंदोलन का उद्देश्य शिक्षकों और शिक्षकेतर कर्मचारियों की न्यायपूर्ण मांगों को लेकर राज्य सरकार तक उनकी आवाज पहुंचाना है। महासंघ ने स्पष्ट किया कि यह आंदोलन पूरी तरह से शांतिपूर्ण रहेगा और किसी भी प्रकार की हिंसा से बचने की कोशिश की जाएगी। लेकिन अगर सरकार ने समय रहते समाधान नहीं निकाला तो आंदोलन और तेज होगा। समाप्ति के साथ, महासंघ ने घोषणा की है कि शीघ्र ही आंदोलन के अगले चरण की विधिवत घोषणा की जाएगी। इस बीच, फैक्टनेब के नेताओं ने सभी शिक्षकों और कर्मचारियों से एकजुट होकर आंदोलन में भाग लेने की अपील की, ताकि उनकी आवाज और मजबूत हो सके।

## एक नजर

### वाई स्किन टेस्ट इंजेक्शन से संभावित टीबी मरीजों की पहचान होगी आसान



**दबंग हिंद संवाददाता**

**अररिया।** टीबी (तपेदिक) उन्मूलन के लक्ष्य को साधने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने एक अहम कदम उठाया है। विभाग ने संभावित टीबी मरीजों की पहचान के लिए, सी-वाई स्किन टेस्ट इंजेक्शन उपलब्ध कराया है, जिससे टीबी संक्रमण की प्रारंभिक पहचान संभव होगी। इस नई तकनीक की मदद से टीबी के संक्रमण का पहले ही संकेत मिल जाएगा, जिससे मरीजों का समय पर इलाज किया जा सकेगा और रोग को गंभीर होने से रोका जा सकेगा।

**स्वास्थ्य कर्मियों को प्रशिक्षण :** इस नई पहल के तहत शुक्रवार को जिला स्वास्थ्य समिति द्वारा स्वास्थ्य कर्मियों के लिए एक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में टीबी सुपरवाइजर, एसटीएलएस, एसटीएस, और सीएचओ जैसे स्वास्थ्य कर्मी शामिल हुए। सिविल सर्जन डॉ. केके कश्यप की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में सीडीओ डॉ. ओपी मंडल, जिला टीबी और एड्स समन्वयक दामोदर शर्मा, और माइक्रो बायोलॉजिस्ट डॉ. धीरज कुमार सहित अन्य स्वास्थ्य अधिकारी भी मौजूद थे।

**प्रारंभिक अवस्था में टीबी की पहचान :** सिविल सर्जन डॉ. केके कश्यप ने इस अवसर पर कहा कि टीबी मुक्त भारत अभियान की सफलता के लिए यह बेहद जरूरी है कि टीबी मरीजों की पहचान जल्द से जल्द हो और उनका समुचित उपचार किया जाए। सी-वाई स्किन टेस्ट की यह तकनीक इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। इस टेस्ट की मदद से किसी भी व्यक्ति में टीबी संक्रमण की शुरूआती अवस्था में पहचान हो सकेगी, जिससे उनका जल्द इलाज किया जा सकेगा। इसके एक वायल से 10 लोगों का टेस्ट किया जा सकता है।

**टीबी से बचाव में कारगर साबित होगा सी-वाई स्किन टेस्ट :** जिला यक्ष्मा नियंत्रण पदाधिकारी डॉ. ओपी मंडल ने बताया कि टीबी का संक्रमण तेजी से फैलता है, खासकर उस वक्त जब किसी संक्रमित व्यक्ति के संपर्क में दूसरा व्यक्ति आता है। ऐसे में सी-वाई स्किन टेस्ट के द्वारा यह आसानी से पता चल सकेगा कि किसी व्यक्ति में टीबी बैक्टीरिया है या नहीं। यदि टेस्ट का परिणाम पॉजिटिव आता है तो उस व्यक्ति को तुरंत उपचार दिया जा सकेगा, जिससे बीमारी के फैलने के खतरे को काफी हद तक रोका जा सकेगा।

**टीबी के प्रसार को नियंत्रित करना होगा आसान :** जिला टीबी और एड्स समन्वयक दामोदर शर्मा ने इस पहल को टीबी उन्मूलन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। उनका कहना था कि सी-वाई स्किन टेस्ट से टीबी के संभावित मामलों की प्रारंभिक पहचान कर उनका तत्काल इलाज किया जा सकेगा। इससे न सिर्फ मरीज जल्दी स्वस्थ होंगे, बल्कि टीबी के प्रसार को भी सीमित किया जा सकेगा। इस नई तकनीक के माध्यम से टीबी के मरीजों का समय पर इलाज संभव होगा, जिससे न सिर्फ टीबी के मामलों में कमी आएगी, बल्कि समाज में इसके फैलाव को भी नियंत्रित किया जा सकेगा। सी-वाई स्किन टेस्ट से इस बीमारी के खिलाफ लड़ाई को और मजबूती मिलेगी, और स्वास्थ्य कर्मियों के प्रयासों से टीबी उन्मूलन की दिशा में एक बड़ा कदम बढ़ाया जाएगा।

### अतिथि सहायक प्राध्यापकों की सेवा नियमितीकरण की मांग को लेकर पटना में दो दिवसीय धरना



**दबंग हिंद संवाददाता**

**पटना।** बिहार राज्य विश्वविद्यालयों में कार्यरत अतिथि शिक्षकों के नियमितीकरण की मांग को लेकर बिहार राज्य विश्वविद्यालय अतिथि सहायक प्राध्यापक संघ द्वारा 06 और 07 मार्च 2025 को पटना के गर्दनीबाग में दो दिवसीय धरना आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। यह धरना कार्यक्रम अतिथि शिक्षकों के अधिकारों की रक्षा और उनके भविष्य के लिए एक निर्णायक कदम माना जा रहा है। संघ के संयोजक डॉ. सतीश कुमार दास की अगुआई में संघ के पदाधिकारियों और विभिन्न विश्वविद्यालयों के प्रतिनिधियों ने धरना स्थल का निरीक्षण किया और इसके लिए आवश्यक तैयारी की समीक्षा की। धरना स्थल पर सुरक्षा, पानी, शौचालय और अन्य सुविधाओं के इंतजाम की चर्चा की गई। डॉ. दास ने कहा कि यह धरना केवल एक विरोध प्रदर्शन नहीं है, बल्कि अतिथि शिक्षकों के स्थायी रोजगार, समान वेतन और बेहतर कार्य के लिए शुरू किया गया संघर्ष है। संघ की मुख्य मांग अतिथि शिक्षकों का नियमितीकरण है, ताकि शिक्षकों को स्थायी नौकरी मिल सके ।संघ के पदाधिकारियों ने यह स्पष्ट किया कि यह आंदोलन तब तक जारी रहेगा जब तक सरकार अतिथि शिक्षकों के सेवा नियमितीकरण की प्रक्रिया शुरू नहीं करती। यह धरना निश्चित रूप से अतिथि शिक्षकों के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगा, जो लंबे समय से सेवा नियमितीकरण के इंतजार में हैं। अब यह देखना दिलचस्प होगा कि सरकार उनके उचित हक को कब तक मान्यता देती है।

### भरगामा में खराब पड़ी चापाकल, लोगों को पानी के लिए हो रही परेशानी



**दबंग हिंद संवाददाता**

**भरगामा।** भरगामा प्रखंड मुख्यालय परिसर में स्थित आरटीपीएस काउंटर के पास खराब पड़ी चापाकल के कारण यहां आने-जाने वाले लोगों को पेयजल की गंभीर समस्या का सामना करना पड़ रहा है। विभाग की अनदेखी और मरम्मत में हो रही देरी के कारण स्थानीय निवासी और सरकारी दफ्तरों में काम करने वाले कर्मचारी परेशान हैं। हालांकि इस बारे में संबंधित विभाग को कई बार सूचित किया गया, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। यही नहीं, यहां के अन्य कार्यालयों के आसपास भी कई चापाकल खराब पड़े हुए हैं, जिन्हें मामूली मरम्मत की आवश्यकता है। इस क्षेत्र में गर्मी के दिनों में पानी की भारी कमी हो सकती है, और कई बार चापाकल न होने के कारण लोग प्यास बुझाने के लिए दूर-दूर तक भटकने को मजबूर हो रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि अधिकारियों को उनकी समस्याओं से कोई फर्क नहीं पड़ता और जिला प्रशासन भी इस मुद्दे पर पूरी तरह से खामोश है। इन चापाकलों की खराबी महीनों से जारी है, लेकिन प्रशासन ने अब तक इस पर कोई कार्रवाई नहीं की। शुक्रवार को भरगामा प्रखंड मुख्यालय का निरीक्षण किया गया, जिसमें पाया गया कि करीब आधा दर्जन चापाकल मामूली मरम्मत के अभाव में खराब पड़े हुए हैं। वहीं, प्रखंड क्षेत्र के अन्य पंचायतों में भी सैकड़ों चापाकल खराब पड़े हुए हैं। पीएचईडी विभाग के जेई मोहम्मद फराज ने इस संदर्भ में कहा, खराब चापाकल को सही किया जा रहा है, और जल्द ही मरम्मत का काम पूरा किया जाएगा। हालांकि, स्थानीय लोग इस समय-सारणी को लेकर असंतुष्ट हैं, क्योंकि मरम्मत में हो रही देरी उनकी परेशानी को और बढ़ा रही है। अब यह देखना होगा कि विभाग जल्द से जल्द चापाकल की मरम्मत कर पानी की समस्या का समाधान करता है या नहीं।




# बॉक्स ऑफिस पर बड़ी ओपनर बन सकती है विक्की कौशल की छावा

दिनेश विजान निर्मित और लक्ष्मण उतेकर निर्देशित ऐतिहासिक फिल्म छावा को लेकर दर्शकों में एक अलग ही उत्साह नजर आ रहा है। इस फिल्म को लेकर दर्शकों में कितनी दीवानगी इस बात का सबूत फिल्म की 9 फरवरी से शुरू हुई एडवांस बुकिंग से चलता है। मराठा योद्धा छत्रपति संभाजी महाराज पर आधारित यह फिल्म साल 2025 की अब तक की हाईएस्ट ओपनर बॉलीवुड फिल्म बनने की राह पर अग्रसर है। वैलेंटाइन के दिन 14 फरवरी को सिनेमाघरों में दस्तक देने से पहले ही फिल्म एडवांस बुकिंग में नया रिकॉर्ड भी बना सकती है। जब से छावा के लिए सिनेमाघरों की टिकट खिड़कियां खुली हैं तभी से जमकर टिकट बिक रही है। 9 फरवरी को ही छावा की एडवांस बुकिंग शुरू हुई थी और सिर्फ चार दिन के अंदर ही इसने करोड़ों रुपए की कमाई करने में सफलता प्राप्त कर ली है।

ट्रेड वेबसाइट सैकनिल्क की रिपोर्ट के अनुसार, बुधवार (12 फरवरी) को दोपहर 1 बजे तक फिल्म 2,17,629 टिकट सेल हुई हैं। एडवांस बुकिंग के जरिए लक्ष्मण उतेकर की निर्देशित फिल्म ने 6.15 करोड़ रुपये कमा लिए हैं। जबकि ब्लॉक सीटों के साथ छावा ने 7.68 करोड़ रुपये कमाए हैं। उम्मीद है कि फिल्म पहले दिन 15 से 18 करोड़ रुपये कमा सकती है। मंगलवार को सुबह 11 बजे तक बॉक्स ऑफिस पर इसके एडवांस बुकिंग के पहले दिन करीब 1.48 लाख टिकट बिक चुके थे, जिससे कुल 4.21 करोड़ रुपए की कमाई हुई। ब्लॉक सीट डेटा सहित प्री-सेल्स बिजनेस के साथ फिल्म ने 5.53 करोड़ रुपए का कलेक्शन कर लिया है। कमाई के मुताबिक सबसे ज्यादा कारोबार महाराष्ट्र से हो रहा है जहां दर्शक छत्रपति संभाजी राज की यह फिल्म देखने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। उम्मीद है कि फिल्म छावा पहले दिन 15-18 करोड़ रुपए की कमाई कर सकती है। यह फिल्म छत्रपति शिवाजी महाराज के पुत्र छत्रपति संभाजी के जीवन और उनकी वीरता पर आधारित है, जिन्होंने मुगल बादशाह औरंगजेब के साथ युद्ध किया था। बॉक्स ऑफिस को उम्मीद है कि छावा अजय देवगन की मराठा योद्धा तान्हाजी के ज्यादा बड़ी और भव्य फिल्म साबित हो सकती है। इस फिल्म को लेकर महाराष्ट्र के दर्शकों में जबरदस्त जुनून नजर आ रहा है। फिल्म के ट्रेलर ने दर्शकों को प्रभावित किया है। हालांकि सेंसर बोर्ड ने फिल्म के कुछ दृश्यों और संवादों को हटाने का निर्देश निर्माताओं को दिया जिसे उन्होंने तुरन्त स्वीकार करते हुए उनमें संशोधन कर दिया है। अजय देवगन की तान्हाजी ने अपने समय में बॉक्स ऑफिस पर 300 करोड़ से ज्यादा का कारोबार किया था। छावा अगर उनके इस रिकॉर्ड को तोड़ने में सफल हो जाती है तो यह तय है कि विक्की कौशल हिन्दी सिनेमा के बड़े सितारों में शुमार हो जाएंगे।



# टॉक्सिक की शूटिंग दो भाषाओं में कर रहीं हैं कियारा आडवाणी

**अभिनेत्री कियारा आडवाणी इन दिनों अपनी पहली कन्नड़ फिल्म टॉक्सिक की शूटिंग में व्यस्त हैं। फिल्म के निर्देशन की कमान राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता निर्देशक गीता मोहनदास के हाथों में है। यह फिल्म एक हाई-ऑक्टेन एक्शन गैंगस्टर ड्रामा है, जिसे अंग्रेजी और कन्नड़ दोनों भाषाओं में एक साथ शूट किया जा रहा है।**

## दो भाषाओं में कियारा कर रहीं शूटिंग

बीते काफी समय से कियारा का करियर कुछ खास नहीं चल रहा है। ऐसे में टॉक्सिक से उन्हें काफी ज्यादा उम्मीदें हैं। इस फिल्म को लेकर वह काफी ज्यादा मेहनत भी कर रही हैं। कियारा आडवाणी इस फिल्म में दोनों भाषाओं (अंग्रेजी और कन्नड़) में अपने संवादों को प्रस्तुत करेंगी, जो उनके करियर में एक महत्वपूर्ण कदम है। फिल्म में यश मुख्य भूमिका में हैं। केजीएफ चैप्टर 2 के बाद यश इस फिल्म से बड़े पर्दे पर वापसी करने जा रहे हैं। यही वजह है कि इस नई जोड़ी को पर्दे पर देखने के लिए फैंस काफी ज्यादा उत्सुक नजर आ रहे हैं।

टॉक्सिक का निर्माण केवीएन प्रोडक्शंस और यश की मॉन्स्टर माइंड क्रिएशन्स की ओर से किया जा रहा है। यह फिल्म इस साल वैश्विक स्तर पर सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। फिल्म की शूटिंग बेंगलुरु में चल रही है। निर्देशक गीता मोहनदास से दर्शक शानदार एक्शन और कहानी की उम्मीदें लगाए बैठे हैं।

## वॉर में भी जल्द आएंगी नजर

वर्क फ्रंट की बात करें तो हाल ही में कियारा आडवाणी को फिल्म गेम चेंजर में देखा गया था। इस फिल्म में वह राम चरण के साथ दिखी थीं। बॉक्स ऑफिस पर यह फिल्म बुरी तरह फ्लॉप हुई थी। वहीं, उनकी आगामी फिल्म की बात करें तो वह जल्द ही वॉर 2 में ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर के साथ दिखेंगी।



# विवाद के बीच समय रैना के बचाव में आईं उर्फी

**समय रैना के शो इंडियाज गॉट लैटेंट में अभद्र टिप्पणी को लेकर रणवीर इलाहाबादिया विवादों में हैं। समय रैना पर भी सवाल उठ रहे हैं। इस बीच उर्फी जावेद कथित फ्रेंड समय रैना के बचाव में आई हैं।**

मशहूर यूट्यूबर रणवीर इलाहाबादिया ने हाल ही में समय रैना के शो इंडियाज गॉट लैटेंट में परिवार को लेकर अश्लील टिप्पणी की। उन्होंने जो कुछ भी कहा, उस पर विवाद हो रहा है। रणवीर इलाहाबादिया और समय रैना सहित कई लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज है। रणवीर की अलोचना हो रही है तो समय रैना पर भी सवाल उठ रहे हैं। यूट्यूब पर आपत्तिजनक कंटेंट दिखाने के लिए समय को जेल भेजने की मांग की जा रही है। इस पर उर्फी जावेद कथित दोस्त के बचाव में आई हैं।

## जेल नहीं भेजना चाहिए

समय रैना के शो इंडियाज गॉट लैटेंट को यूट्यूबर रणवीर अल्लाहबादिया के साथ पिछले एपिसोड को लेकर कड़ी आलोचनाओं का सामना करना पड़ रहा है। शो में कथित तौर पर अपमानजनक भाषा के इस्तेमाल को लेकर दोनों के खिलाफ शिकायत दर्ज की गई है। रणवीर इलाहाबादिया और समय रैना की जमकर आलोचना हो रही है। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए उर्फी जावेद कहा है, भले ही पैनल पर इस तरह की टिप्पणियां की गईं, जो आपत्तिजनक थीं, लेकिन इसके लिए उन्हें जेल नहीं भेजना चाहिए।

## जो कहा वो गलत था, लेकिन...

उर्फी जावेद ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर लिखा है, आपको कुछ लोग पसंद नहीं हैं, आपको उनकी कही या की गई बातें पसंद नहीं हैं, लेकिन इसके लिए आप उन्हें जेल भेजने की मांग कर रहे हैं? क्या वाकई? मुझे नहीं पता। समय दोस्त है, मैं उनका साथ देती हूं, लेकिन पैनल के बाकी लोगों ने जो कहा वह आपत्तिजनक था। वह टिप्पणी आपत्तिजनक थीं, लेकिन मुझे नहीं लगता कि वे इसके लिए जेल जाने के लायक हैं।



# इमरजेंसी देख मृणाल ठाकुर ने की कंगना रनौत की तारीफ



बॉलीवुड अभिनेत्री मृणाल ठाकुर ने कंगना रनौत की फिल्म इमरजेंसी देखी। इसके बाद उन्होंने एक ट्रोल द्वारा इसे प्रोपेगैंडा फिल्म कहे जाने के बाद कंगना का बचाव किया। मृणाल ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर कंगना की तारीफ की है।

## मृणाल ठाकुर ने की इमरजेंसी की तारीफ

मृणाल ठाकुर ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर कंगना रनौत की तस्वीर शेयर कर उनकी तारीफ की है। उन्होंने लिखा, मैंने अभी-अभी अपने पिता के साथ सिनेमाघरों में इमरजेंसी देखी और मैं अभी भी उस अनुभव से उबर नहीं पाई हूं! कंगना रनौत की बहुत बड़ी प्रशंसक होने के नाते, मैं इस फिल्म को बड़े पर्दे पर देखने का बेसब्री से इंतजार कर रही थी और यह एक बेहतरीन फिल्म थी।

## मृणाल ने की कंगना की तारीफ

मृणाल ने लिखा, गैंगस्टर से लेकर क्वीन, तनु वेड्स मनु से लेकर मणिकर्णिका, थलाइवी और अब इमरजेंसी तक कंगना लगातार अपनी सीमाओं को लांघकर काम करती जाती हैं। इस फिल्म में कंगना का निर्देशन और अदाकारी दोनों शानदार हैं। कंगना, आप सिर्फ एक अभिनेता नहीं हैं। आप एक सच्ची कलाकार और प्रेरणा हैं। उनकी चुनौती पूर्ण भूमिकाएं हमेशा सबको प्रेरित करती हैं। कंगना रनौत और उनकी फिल्म की पूरी टीम ने एक बहुत शानदार मास्टर पीस बनाया है। मैं इसे बड़े पर्दे पर देख सकी, ये मेरे लिए बहुत बड़ी बात है। मैं आपकी तारीफ करना कभी बंद नहीं करूंगी। कंगना की फिल्म को लेकर मृणाल ने कहा कि पटकथा, संवाद, संगीत और संपादन बहुत अच्छे और अट्रैक्टिव हैं। उन्होंने फिल्म में नजर आए सभी कलाकारों की तारीफ की है। उन्होंने लिखा, अभिनेता ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया।

# 'विश्वम्भरा' के सॉन्ग सीक्वेंस के लिए शूट करेंगे चिरंजीवी



मेगास्टार चिरंजीवी की तीन फिल्में आने वाली हैं। उन्हीं में से एक है 'विश्वम्भरा', जिसकी शूटिंग अभी चल रही है। इस फिल्म का निर्देशन वशिष्ठ मल्लिदी कर रहे हैं और अभिनेत्री त्रिशा मुख्य भूमिका में हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक चिरंजीवी फिल्म का एक गाना शूट करने वाले हैं। इस सीक्वेंस में उनके साथ और कौन शामिल होगा इसकी जानकारी अभी सामने नहीं आई है। इस गाने का म्यूजिक ऑस्कर विजेता एमएम कीरवानी ने तैयार किया है कहा जा रहा है कि फिल्म 9 मई 2025 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी, हालांकि निर्माताओं द्वारा इसकी पुष्टि अभी नहीं हुई है। इसके स्टार कास्ट की बात करें तो फिल्म में चिरंजीवी के अलावा आशिका रंगनाथ, राम्या पसुपुलेटी, ईशा चावला, आश्रिता और अन्य कलाकार शामिल हैं। इस फिल्म में कुणाल कपूर खलनायक की भूमिका निभा रहे हैं।



# बी प्राक ने कैंसिल किया रणवीर अलाहबादिया का पॉडकास्ट

**पेरेंट्स और महिलाओं पर भद्दे कमेंट मामले के बाद सिंगर बी प्राक ने यूट्यूबर रणवीर अलाहबादिया के पॉडकास्ट में जाने से इनकार कर दिया है। उन्होंने कहा- मैं बीयर बाइसेप्स के पॉडकास्ट में जाने वाला था, लेकिन अब इसे कैंसिल कर दिया है। वजह उनकी गिरी हुई मानसिकता है। समय रैना के शो में कैसे शब्दों का इस्तेमाल किया गया है। यह हमारा इंडियन कल्चर नहीं है। बी प्राक ने यह बातें इंस्टाग्राम पर वीडियो शेयर कर कहीं।**

## 'रणवीर आप सनातन धर्म को प्रमोट करते हैं, लेकिन सोच घटिया'

बी प्राक ने कहा, 'आप (रणवीर) अपने पेरेंट्स की कौन सी स्टोरी बता रहे हैं। आप उनकी कौन सी बातें कर रहे हैं। किस तरीके से यह बातें कर रहे हैं। यह कॉमेडी है? इसे कॉमेडी तो बिल्कुल नहीं कहते। लोगों को गालियां देना, लोगों को गालियां सिखाना स्टैंड-अप कॉमेडी नहीं है। मुझे समझ ही नहीं आ रहा है कि यह कौन सी जनरेशन है। शो में एक सरदार (बलराज घई) जी आते हैं। सरदार जी आप एक सिख हैं, क्या आपको यह चीजें शोभा देती हैं। सरदार जी इंस्टाग्राम के वीडियो में कहते हैं कि मैं गालियां देता हूं, क्या प्रॉब्लम है। हमें प्रॉब्लम है और रहेगी। रणवीर अलाहबादिया आप सनातन धर्म को प्रमोट करते हैं। इतने बड़े-बड़े लोग आपके पॉडकास्ट में आते हैं, बड़े-बड़े संत आते हैं और आपकी इतनी घटिया सोच है। आप इतने फेमस हो गए हैं। आपको तो यह दिखाना चाहिए कि अपने कल्चर को कैसे प्रमोट करें।'

सिंगर कहते हैं, 'दोस्तों मैं आपसे एक ही बात बोलूंगा कि अगर हम यह सारी चीजें नहीं रोक पाए, तो हमारी आने वाली जनरेशन का भविष्य बहुत खराब होगा। मैं समय रैना समेत सभी कॉमेडियन से हाथ जोड़कर विनती करता हूं कि ऐसा मत करिए। हमारे इंडियन कल्चर को बचा कर रखिए और लोगों को मोटिवेट करिए। ऐसा कंटेंट बनाइए कि आने वाली जनरेशन को प्रेरणा मिले। थैंक्यू, राधे-राधे। इंडियाज गॉट लेटेंट स्टैंड-अप कॉमेडियन समय रैना का शो है, जिस पर विवाद हो रहा है। यह एपिसोड 8 फरवरी को यूट्यूब पर रिलीज किया गया था। हालांकि विवाद बढ़ने के बाद एपिसोड को यूट्यूब से हटा दिया गया है। इस शो में पेरेंट्स और महिलाओं को लेकर ऐसी बातें कही गईं। समय रैना के इस शो में बोल्ड कॉमेडी कंटेंट होता है। शो के दुनियाभर में 73 लाख से ज्यादा सब्सक्राइबर हैं। शो के हर एपिसोड को यूट्यूब पर औसतन 20 मिलियन से ज्यादा व्यूज मिलते हैं। समय और बलराज घई को छोड़कर शो के हर एपिसोड में जज बदलते रहते हैं। हर एपिसोड में नए कंटेस्टेंट को परफॉर्म करने का मौका मिलता है। कंटेस्टेंट को अपना टैलेंट दिखाने के लिए 90 सेकेंड दिया जाता है।




# दर्शकों को नहीं पसंद आई जुनैद-खुशी की कॉमेडी

लवयापा बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप होने की कगार पर पहुंच चुकी है। यह फिल्म अपने बजट का मुश्किल से 10 फीसदी ही कमा सकी है। सप्ताहांत के बाद फिल्म की कमाई अब लाखों तक ही सीमित रह गई है। सोमवार को इस फिल्म ने 55 लाख रुपये का कलेक्शन किया। वहीं, पांचवें दिन इस फिल्म ने 50 लाख रुपये का कलेक्शन किया। इसके साथ ही फिल्म की कुल कमाई अब पांच करोड़ 60 लाख रुपये हो गई है।

# भारत 2036 के ओलंपिक खेलों की मेजबानी के लिए पूरी तरह तैयार : अमित शाह

**हल्द्वानी (एजेंसी)।** मुख्य अतिथि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने यहां 38वें राष्ट्रीय खेलों का समापन समारोह के अवसर पर कहा कि भारत 2036 में होने वाले ओलंपिक खेलों की मेजबानी के लिए पूरी तरह तैयार है। भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की अध्यक्ष पीटी उषा ने अगले मेजबान मेघालय के मुख्यमंत्री कॉनराड संगमा को ध्वज सौंपने से पहले खेलों के समापन की घोषणा की।

शाह ने अपने संबोधन में 2036 में ओलंपिक की मेजबानी के लिए भारत की दावेदारी का जिक्र करते हुए कहा, 'मैं आज यह कह सकता हूं कि खेलों में भारत का भविष्य बहुत उज्ज्वल है। हम 2036 में ओलंपिक की मेजबानी के लिए तैयार हैं।' उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शाह को स्मृति चिन्ह, शॉल और गुलदस्ता देकर उनका स्वागत किया। शाह ने यहां इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय खेल परिसर में आयोजित समारोह में कहा, 'देव भूमि न केवल राष्ट्रीय खेलों के कारण, बल्कि खेलों में अपने खिलाड़ियों के प्रदर्शन और खेलों की सफल मेजबानी के कारण खेल भूमि में बदल गई है। मैंने यहां देखा कि राष्ट्रीय खेलों के दौरान बनाए गए कुछ रिकॉर्ड अंतरराष्ट्रीय स्तर के हैं।'

शाह और धामी के अलावा जिन अन्य प्रमुख व्यक्तियों ने समापन समारोह में भाग लिया उनमें केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया, मेघालय के मुख्यमंत्री कोंगकल संगमा, उत्तराखंड की खेल मंत्री रेखा आर्य, दिग्गज मुक्केबाज एमसी मैरी कॉम और ओलंपिक पदक विजेता निशानेबाज गगन नारंग शामिल हैं। मांडविया ने कहा, 'उत्तराखंड ने देश को बताया है कि यह सिर्फ देवभूमि नहीं बल्कि खेलभूमि भी है। राज्य ने सुनिश्चित किया कि खेलों के दौरान किसी भी खिलाडी को कोई कठिनाई न हो। यह भारत के खेल केंद्र बनने की शुरुआत है।'

आयोजन स्थल की क्षमता 25,000 है और यह समारोह के लिए खचाखच भरा हुआ था। मांडविया ने कहा, 'यह 2036 तक भारत के ओलंपिक खेलों में शीर्ष 10 देशों में शामिल होने की शुरुआत है। देश में अब एक खेल पारिस्थितिकी तंत्र है। यह खेल सहित हर पहलू में आगे बढ़ रहा है।' इस अवसर पर उषा ने कहा, 'सफर यहीं खत्म नहीं होता, यह भारतीय खेलों के लिए सिर्फ शुरुआत है।'

यहां राष्ट्रीय खेलों की शुरुआत 28 जनवरी को हुई थी जिसमें सेना खेल संवर्धन बोर्ड (एसएससीबी) कुल 121 पदक (68 स्वर्ण, 26 रजत, 27 कांस्य) के साथ पिछले छह राष्ट्रीय खेल में पांचवीं बार पदक तालिका में शीर्ष पर रहा। महाराष्ट्र ने 198 (54 स्वर्ण, 71 रजत,



73 कांस्य) के साथ सेना से अधिक पदक जीते लेकिन कम स्वर्ण पदक जीतने के कारण वह दूसरे स्थान पर रहा। यहां तक ??कि हरियाणा को 153 (48 स्वर्ण, 47 रजत, 58 कांस्य) के साथ सेना से अधिक पदक मिले, लेकिन उसे तीसरे स्थान से संतोष करना पड़ा। मेजबान उत्तराखंड 24 स्वर्ण, 35 रजत और 44 कांस्य सहित कुल 103 पदकों के साथ सातवें स्थान पर रहा।

# भारत की उम्मीदों को झटका, एशिया मिश्रित टीम चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में जापान से हारा



**किंगदाओ (चीन) (एजेंसी)।** भारत शुक्रवार को यहां बैडमिंटन एशिया मिश्रित टीम चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में जापान की अपेक्षाकृत कमजोर टीम से 0-3 से हार गया और इस तरह से प्रतियोगिता में उसके अभियान का निराशाजनक अंत हुआ।

दुबई में 2023 के कांस्य पदक विजेता भारत को अपनी लय पाने के लिए संघर्ष करना पड़ा और 2017 के चैंपियन जापान के खिलाफ उसे करारी हार का सामना करना पड़ा। क्वार्टर फाइनल के शुरुआती मैच में ध्रुव कपिला और तनीषा क्रैस्टो की मिश्रित युगल जोड़ी हिरोकी मिदोरिकावा और नात्सु सैतो से 13-21, 21-17, 13-21 से हार गई।

पीवी सिंधु के चोटिल होने के कारण महिला एकल में भारत का दारोमदार मालविका बांसोड़ पर था लेकिन वह टोमोका मियाज़ाकी से 12-21, 19-21 से हार गई जिससे भारत 0-2 से पीछे हो गया। भारत को मुकाबले में बनाए रखने की जिम्मेदारी एचएस प्रणय पर थी। सत्र के शुरू से फॉर्म से जूझ रहे 32 वर्षीय भारतीय खिलाड़ी दुनिया के 16वें नंबर के केंटा निशिमोटो के खिलाफ दबाव बरकरार नहीं रख सके।

जापानी स्टार ने एक घंटे और 17 मिनट में 21-14, 15-21, 21-12 से जीत दर्ज कर मुकाबला अपने नाम कर लिया। भारत के लिए यह हार इसलिए भी निराशाजनक है क्योंकि जापान के शीर्ष खिलाड़ी इस प्रतियोगिता में भाग नहीं ले रहे हैं और उसने दूसरी श्रेणी की टीम उतारी है।

# अंडर-19 विश्व कप जिताने वाली शबनम गेंदबाजी का कमाल दिखाने को बेताब

**–बोलीं–डब्ल्यूपीएल ऐसा टूर्नामेंट जो लक्ष्यों को हासिल करने में मेरी मदद करेगा**



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अंडर-19 महिला टी20 विश्व कप में भारत को लगातार दूसरी बार जीत दिलाने वाली तेज गेंदबाज शबनम शकील अब महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) 2025 में दमदार प्रदर्शन के लिए तैयार हैं। कुआलालंपुर में विश्व कप जीतने की खुशी पर शबनम ने कहा कि अब उनका ध्यान गुजरात जायंट्स के लिए मैच जिताने पर है। डब्ल्यूपीएल 2025 की शुरुआत शुक्रवार को वडोदरा के बीसीए स्टेडियम में गत चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ मुकाबले से होगी, जिसमें शबनम अपनी गेंदबाजी का कमाल दिखाने को बेताब हैं।

विश्व कप जीतने के अपने अनुभव पर शबनम ने कहा कि यह मेरे लिए बेहद खास था, क्योंकि एक बार विश्व कप जीतना ही बहुत बड़ी उपलब्धि होती है, लेकिन इसे दो बार जीतना यह साबित करता है कि हमारी टीम कितनी मजबूत है। उन्होंने यह भी माना कि भारत लौटने पर उन्हें इतने भव्य स्वागत की उम्मीद नहीं थी। मुझे गर्व महसूस हुआ और मैं सभी का धन्यवाद देती हूं जिन्होंने इस सफर में मेरा साथ दिया। उन्होंने कहा कि डब्ल्यूपीएल को लेकर शबनम काफी उत्साहित हैं और इसे अपने करियर के लिए एक महत्वपूर्ण मंच मानती हैं।

उन्होंने कहा कि यह एक ऐसा टूर्नामेंट है जो लक्ष्यों को हासिल करने में मेरी मदद करेगा। खासतौर पर विदेशी और अनुभवी खिलाड़ियों के साथ खेलना एक शानदार अनुभव होता है। डब्ल्यूपीएल के पिछले सीजन में गुजरात जायंट्स के लिए डेब्यू करने वाली शबनम ने नेट साइवर-ब्रंट का विकेट लेकर अपनी छाप छोड़ी थी, लेकिन यूपी वॉरियर्स के खिलाफ अरुण जेटली स्टेडियम में उनकी घातक गेंदबाजी ने सभी का ध्यान खींचा था, जब उन्होंने एलिसा हीली, चामरी अथापथु और अपनी अंडर-19 साथी श्वेता सेहरावत को जल्दी-जल्दी पवेलियन भेज दिया था। शबनम शकील की नजरें अब डब्ल्यूपीएल 2025 में शानदार प्रदर्शन कर अपनी टीम को चैंपियन बनाने पर टिकी हैं, जिससे उनका क्रिकेट करियर नई ऊंचाइयों तक पहुंच सके।

# दिल्ली कैपिटल्स और मुंबई इंडियंस के मैच में शेफाली पर होगी निगाह

**वडोदरा (एजेंसी)।** पहले टूर्नामेंट के विजेता मुंबई इंडियंस और दो बार फाइनल में जगह बनाने वाले दिल्ली कैपिटल्स के बीच शनिवार को यहां होने वाले महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के मैच में सभी की निगाहें विस्फोटक सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा पर टिकी रहेंगी जिनका लक्ष्य अच्छा प्रदर्शन करके राष्ट्रीय टीम में वापसी करना होगा।

मुंबई और दिल्ली दोनों टीमों ने पहले दो टूर्नामेंट के नॉकआउट चरण में जगह बनाई थी। मुंबई दूसरे टूर्नामेंट के एलिमिनेटर में बाहर हो गया था जबकि दिल्ली को फाइनल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से हार का सामना करना पड़ा था। इससे पता चलता है कि यह दोनों टीम कितनी अच्छी हैं और इसलिए उनके बीच रोमांचक मुकाबला होने की संभावना है। मुंबई ने अपने प्रमुख खिलाड़ियों को टीम में बनाए रखा है और उसके टीम संयोजन में किसी तरह के खास बदलाव की संभावना नहीं है।

भारत की तेज गेंदबाज पूजा वस्त्राकर चोटिल होने के कारण टूर्नामेंट से बाहर हो गई है और मुंबई ने उनकी जगह बाएं हाथ की स्पिनर पारुनिका सिसोदिया को लिया है जिन्होंने हाल ही में अंडर -19 महिला टी 20 विश्व कप में भारत को चैंपियन बनने में अहम भूमिका निभाई थी। अंडर-19 टी20 विश्व कप विजेता टीम की एक अन्य सदस्य जी कमलिनी पर भी निगाहें रहेंगी, जिन्होंने सात मैच में 143 रन बनाए थे।

मुंबई के पास हरमनप्रीत कौर के रूप में अनुभवी कप्तान और बल्लेबाज है। उसकी टीम में कुछ कुशल विदेशी खिलाड़ी शामिल हैं जिनमें नेट साइवर-ब्रंट (इंग्लैंड), हेले मैथ्यूज (वेस्टइंडीज), अमेलिया केर (न्यूजीलैंड) के साथ-साथ दक्षिण अफ्रीका की नादिन डी क्लार्क, शबनिम इस्माइल और क्लो ट्राईटन प्रमुख हैं।

जहां तक दिल्ली का सवाल है तो सभी की निगाहें विस्फोटक भारतीय बल्लेबाज शेफाली पर होंगी जिन्होंने राष्ट्रीय टीम से बाहर होने के बाद घरेलू क्रिकेट में लगातार अच्छा प्रदर्शन किया। वह अपनी इस फॉर्म को यहां जारी रखने के लिए प्रतिबद्ध है। दिल्ली के पास शेफाली और मेग लैनिग के रूप में खतरनाक सलामी जोड़ी है जबकि ऑस्ट्रेलिया की एनाबेल सदरलैंड, इंग्लैंड की एलिस कैप्सी और भारत की जेमिमा रोड्रिग्स उसके मध्य क्रम की धुरी हैं।

**टीम इस प्रकार हैं**

**मुंबई इंडियंस :** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), अक्षिता माहेश्वरी, अमनदीप कौर, अमनजोत कौर, अमेलिया केर, क्लो ट्रायॉन, हेले मैथ्यूज, जिन्तिमनी कलिता, कीर्तना बालाकृष्णन, नादिन डी क्लर्क, नताली साइवर-ब्रंट, परुनिका सिसौदिया, सजीवन सजना, संस्कृति गुप्ता, जी कमलिनी (विकेटकीपर), यास्तिका भाटिया (विकेटकीपर), सैका इशाक, शबनीम इस्माइल।

**दिल्ली कैपिटल्स :** मेग लैनिंग (कप्तान), जेमिमा रोड्रिग्स, शैफाली वर्मा, स्नेह दीप्ति, एलिस कैप्सी, एनाबेल सदरलैंड, अरुंधति रेड्डी, जेस जोनासेन,



मारिजैन कैप, मिन्नू मणि, एन चरणी, निकी प्रसाद, राधा यादव, शिखा पांडे, नंदिनी कश्यप (विकेटकीपर), तानिया भाटिया (विकेटकीपर), सारा ब्राइस (विकेटकीपर), तितास साधु।

# अब खेल प्रतिभाओं की पहचान के साथ ही उन्हें निखारेंगे मैरी कॉम सहित कई पूर्व खिलाड़ी

नई दिल्ली।प्रसिद्ध मुक्केबाज मैरी कॉम, टेनिस खिलाड़ी लिएंडर पेस और बैडमिंटन खिलाड़ी साइना नेहवाल जैसे ओलंपियन खिलाड़ियों की अगुवाई में बनी एक समिति अब उभरती हुई खेल प्रतिभाओं की पहचान करने के साथ ही उन्हें निखारने का काम करेगी। इस समिति की जिम्मेदारी निष्पक्ष और पारदर्शी चयन सुनिश्चित करना रहेगा। ये समिति अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले एथलीटों के प्रदर्शन की निगरानी और कोच का मूल्यांकन करने के बारे में भी सलाह देगी। इस समिति में सरकारी प्रतिनिधि और विभिन्न खेलों के सेवानिवृत्त प्रतिष्ठित भी एथलीट शामिल हैं। समिति के अन्य उद्देश्यों में प्रतिभाओं की पहचान करना और सब–जूनियर एवं जूनियर स्तर के एथलीटों के विकास के लिए प्रशिक्षण संबंधी सलाह देना, निष्पक्ष और पारदर्शी चयन सुनिश्चित करने के लिए राष्ट्रीय एथलीटों/टीमों के चयन पर नजर बनाऐ रखना भी शामिल है। इसके अलावा, समिति राष्ट्रीय शिविरों के दौरान कोचिंग सुविधाओं और राष्ट्रीय टीमों से जुड़े भारत/विदेशी प्रशिक्षकों के प्रदर्शन का निरीक्षण व विश्लेषण करेगी। इस समिति में दिग्गज एथलीट शाइनी अब्राहम के अलावा निशानेबाज हीना सिद्धू सहित कई अन्य पूर्व खिलाड़ी भी शामिल हैं।



# आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी : शिखर धवन को नियुक्त किया ब्रांड एम्बेसडर



नई दिल्ली ।पूर्व भारतीय सलामी बल्लेबाज शिखर धवन को आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के चार इवेंट एंबेसडर में से एक के रूप में नामित किया गया है। धवन के अलावा पाकिस्तान के 2017 के विजेता कप्तान सरफराज अहमद, ऑस्ट्रेलिया के पूर्व ऑलराउंडर शेन वॉटसन और न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज टिम साउदी भी इस सूची में शामिल हैं। आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी की शुरुआत 19 फरवरी से होने वाली है, और इसके कुछ मुकाबले पाकिस्तान में तो कुछ दुबई में खेले जाएंगे। शिखर धवन, जिन्होंने 2013 में भारत के चैंपियंस ट्रॉफी जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी और प्लेयर ऑफ द सीरीज बने थे, ने आईसीसी की एक विज्ञप्ति में कहा, चैंपियंस ट्रॉफी का हिस्सा बनना एक विशेष एहसास है और एक ब्रांड एम्बेसडर के रूप में आगामी सत्र का आनंद लेने का अवसर मिलना एक सम्मान की बात है। उन्होंने आगे कहा, फ्रअगले कुछ हफ्तों में हम दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टीमों को आपस में प्रतिस्पर्धा करते हुए देखेंगे, जहां एक गलती या हार उनके सभी प्रयासों को समाप्त कर सकती है। यह एक ऐसी प्रतियोगिता है जिसमें सब कुछ दांव पर लगा होता है और यही इसे इतना रोमांचक बनाता है।फ्र धवन चैंपियंस ट्रॉफी के इतिहास के सबसे प्रतिष्ठित खिलाड़ियों में से एक रहे हैं। इस टूर्नामेंट में भारत के सबसे ज़्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी के रूप में दो सत्रों में 701 रन बनाकर उन्होंने अपनी स्थिति मजबूत की है।

# प्रो लीग का प्रत्येक मैच जीतना और विश्व कप के लिए क्वालीफाई करना हमारा लक्ष्य: हरमनप्रीत

**भुवनेश्वर (एजेंसी)।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने शुक्रवार को कहा कि उनकी टीम का लक्ष्य एफआईएच प्रो लीग के प्रत्येक मैच को जीतना और लीग में शीर्ष पर रहकर 2026 में होने वाले विश्व कप के लिए सीधे क्वालीफाई करना है। भारत शनिवार को भुवनेश्वर में स्पेन के खिलाफ अपने एफआईएच प्रो लीग अभियान की शुरुआत करेगा। भारत इसके बाद अगले दिन फिर से स्पेन का सामना करेगा। इसके बाद वह 16 और 19 फरवरी को जर्मनी से खेलेगा।

हरमनप्रीत ने एफआईएच प्रो लीग के उद्घाटन से पहले कहा, 'हॉकी इंडिया लीग से हमारा अभ्यास अच्छा चल रहा है। हम महीनों से तैयारी कर रहे हैं, एचआईएल से बहुत कुछ सीखा है। हम अपनी फिटनेस बनाए रखने में भी सक्षम हैं। हम सिर्फ अच्छी हॉकी खेलना चाहते हैं, सभी खिलाड़ी अच्छी स्थिति में हैं और हमारा लक्ष्य विश्व कप को देखते हुए (प्रो लीग में) हर मैच जीतना है।' पुरुष हॉकी विश्व कप 14 से 30 अगस्त 2026 तक वेवरे, बेल्जियम और अम्स्टेलवीन, नीदरलैंड में आयोजित किया जाएगा। वर्तमान में दुनिया के सर्वश्रेष्ठ ड्रैगफ्लिकरों में से एक हरमनप्रीत ने एचआईएल के शीर्ष स्कोरर जुगराज सिंह की फ्लिक करने की क्षमता की प्रशंसा की और कहा कि घरेलू खिलाड़ियों का इस तरह से सामने आना राष्ट्रीय टीम के लिए अच्छे संकेत हैं।

उन्होंने कहा, 'हमने एचआईएल में कुछ अच्छे घरेलू खिलाड़ी देखे हैं। यह युवाओं के लिए एक अच्छा मौका था और उन्होंने इसका पूरा फायदा उठाया। जुगराज ने सर्वाधिक गोल



किए और उसका प्रदर्शन शानदार रहा। मैं उसके लिए खुश हूं और यह राष्ट्रीय टीम के लिए भी फायदेमंद है।' हरमनप्रीत ने के साथ ही कहा कि उनकी टीम स्पेन को हल्के से लेने की गलती नहीं करेगी। 'स्पेन की टीम बहुत अच्छी है और हम उसे हल्के से नहीं ले सकते हैं। हमारा ध्यान अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करके मैच जीतने पर है।' भारत के मुख्य कोच क्रेग फुल्टन ने कहा कि एफआईएच प्रो लीग टीम के लिए उचित संयोजन तैयार करने का एक मौका है। उन्होंने कहा, 'हमारे लिए यह उचित टीम संयोजन तैयार करने का मौका है। हम कुछ चीजों को आजमाएंगे और देखेंगे कि हमारे लिए सबसे बेहतर क्या है।'

# विश्वकप के इंतजार को कम करता है चैम्पियंस ट्रॉफी : वाटसन



सिडनी ।पूर्व ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर शेन वाटसन ने कहा है चैम्पियंस इस टूर्नामेंट से विराट कोहली और रोहित शर्मा जैसे अनुभवी खिलाड़ियों को फार्म हासिल करने का अवसर मिल जाएगा। भारतीय टीम चैम्पियंस ट्रॉफी के अपने मुकाबले दुबई में खेलेगी। वाटसन ने कहा कि चैम्पियंस ट्रॉफी दो एकदिवसीय विश्व कप के बीच चार साल के अंतर को को कम करने का अच्छा रास्ता है। उन्होंने कहा, 'चैम्पियंस ट्रॉफी विश्व क्रिकेट में सबसे अहम टूर्नामेंट है क्योंकि एकदिवसीय विश्व कप चार साल में एक बार होता है। यह उस इंतजार को कम करता है और इससे इससे टेस्ट क्रिकेट और टी20 के बीच संतुलन बनता है। ।एकदिवसीय क्रिकेट को इस तरह के टूर्नामेंट से ऊर्जा मिलती रहती है क्योंकि यह काफी अच्छा प्रारूप है। वाटसन ने कहा, 'हम टी20 के बाद भी एकदिवसीय क्रिकेट को बनाये रखना चाहते हैं , इसलिए चैम्पियंस ट्रॉफी अहम है। इसमें सिर्फ 8 टीमें खेलती है और हर गेंद महत्वपूर्ण होती है। इसमें आपको लगातार अच्छा खेलना होता है वरना बाहर होने का खतरा बना रहता है। भारतीय टीम ने साल 2013 चैम्पियंस ट्रॉफी जीती थी पर उस समय विराट कोहली और रोहित शर्मा अच्छे फार्मू में थे। अभी होनो ही खराब दौर से गुजर रहे हैं। वाटसन ने कहा कि यह चिंता की बात नहीं है। उन्होंने कहा, 'मुझे नहीं लगता कि खराब दौर विराट और रोहित के प्रभाव पर कोई असर डालेगा। दुबई में हालात अलग होंगे और एकदिवसीय में वे खुलकर खेल सकेंगे। कोहली वैसे भी एकदिवसीय में अन्य प्रारुपों से बेहतर खेलते हैं। ।वाटसन ने कहा, 'चैम्पियंस ट्रॉफी में रोहित के सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में होने की संभावना है।

# श्रीलंका ने हासिल की ऑस्ट्रेलिया पर सबसे बड़ी वनडे जीत, सीरीज भी जीती

**खेल डैस्क।** श्रीलंका से टेस्ट सीरीज 2-0 से जीतने वाली ऑस्ट्रेलिया ने वनडे सीरीज 2-0 से गंवा दी है। कोलंबो के आर. प्रेमदासा स्टेडियम में हुए दूसरे वनडे में श्रीलंका ने 174 रनों से जीत हासिल कर सीरीज अपने नाम कर ली। यह जीत श्रीलंका की ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ रनों के हिसाब से सबसे बड़ी वनडे जीत थी, जो इस श्रृंखला में उनकी श्रेष्ठता को उजागर करती है। वहीं, चोटों या व्यक्तिगत कारणों से कई प्रमुख खिलाड़ियों के बिना खेल रही ऑस्ट्रेलियाई टीम के सामने मुसीबतें ही हैं। यही टीम चैंपियंस ट्रॉफी में जाएगी जहां जीतना उनके लिए काफी मुश्किल होगा। श्रीलंका ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया और 50 ओवर में 4 विकेट पर 281 रन का प्रतिस्पर्धी स्कोर बनाया। मुख्य योगदान कुसल मेंडिस का रहा जिन्होंने अपना पांचवां एकदिवसीय शतक (115 गेंदों पर 101) लगाया। पहले वनडे में कुसल खास स्कोर नहीं बना पाए थे। इसके बाद अच्छी फॉर्म में चल रहे चैरिथ असलांका ने 66 गेंदों पर नाबाद 78 रनों का योगदान दिया। निशान मदुष्का ने भी अर्धशतक (51) लगाया और स्कोर 281 तक पहुंचा दिया। ऑस्ट्रेलिया के लिए सीन एबॉट सबसे किफायती गेंदबाज़ रहे, उन्होंने 1-41 विकेट लिए। ऑस्ट्रेलिया को लक्ष्य का पीछा करने में संघर्ष करना पड़ा और 25वें ओवर में ऑल आउट होने से पहले वह केवल 107 रन ही बना सका। स्टीव स्मिथ 29 रन के साथ शीर्ष स्कोरर रहे। ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजी लाइनअप को श्रीलंकाई गेंदबाजों ने तहस-नहस कर दिया। डुनिथ वेलालेज, वानिंदु हसरंगा और असिथा फर्नांडो ने 3-3



विकेट लिए। वेललेज ने 4-35, हसरंगा ने 3-23 तो फर्नांडो ने 3-23 के आंकड़े दिए।

# चैम्पियंस ट्रॉफी में सलामी बल्लेबाज के तौर पर उतरेंगे आजम, प्रशंसकों से बोले , मैं किंग नहीं

लाहौर ।पाकिस्तान के पूर्व कप्तान बाबर आजम की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी के पहले हुई त्रिकोणीय सीरीज में अब तक वह विफल रहे हैं। आजम वैसे तो नंबर तीन पर उतरते हैं पर उन्हें चैम्पियंस ट्रॉफी में फखर जमा के साथ पारी की शुरुआत के लिए भेजा जा सकता है। इसलिए त्रिकोणीय सीरीज में उन्हें पारी की शुरुआत मिला पर वह शुरुआत दोनो ही मैचों में रन बनाने में विफल रहे हैं। वहीं अब आजम ने प्रशंसकों से कहा है कि उन्हें किंग जैसे नामों से संबोधित नहीं किया जाये। गौरततब है कि पाक में आजम की तुलना विराट कोहली से होती रही है। विराट को जिस प्रकार से किंग कहा जाता है, वैसे ही आजम को भी लोग किंग नाम से बुलाने लगे हैं जिसपर उन्होंनें नाराजगी जतायी है। जिस तरह से भारत में विराट कोहली को किंग कहा जाता है वसी तर्ज पर पाकिस्तान में भी बाबर आजम को भी किंग कहा जाता है। आजम का कहना है कि वह किंग नहीं है जब वह क्रिकेट छोड़ेंगे तब इस पर बात करेंगे। इसका एक वीडियो भी आया है। इसमें बाबर कहते हैं कि पहली बात ये है कि किंग बोलना जरा कम करें मैं कोई किंग नहीं हूं। जब छोड़ेंगे तब उस पर बात करेंगे।

# बीसीसीआई ने गौतम गंभीर के खास को किया उनसे दूर, इस कारण से साथ रहना हुआ मुश्किल

**अहमदाबाद (एजेंसी)।** बीसीसीआई इस समय अपने नियमों को लेकर सख्त है। ऑस्ट्रेलिया दौरे के बाद हुई बैठक में बोर्ड ने कुछ फैसले किए थे और उन पर वो कायम है। इंग्लैंड के भारत दौरे पर ये देखने को भी मिला। बोर्ड ने फैसला किया था कि सपोर्ट स्टाफ के सदस्यों का कोई भी मैनेजर टीम के साथ नहीं होगा और इंग्लैंड सीरीज के दौरान ऐसा ही हुआ।

ये फैसला इसलिए किया गया था क्योंकि ऑस्ट्रेलिया दौरे पर गौतम गंभीर के पीए टीम होटल में ही रुक रहे थे और टीम के साथ ही थे। वह एडिलेड के हॉस्पिटेलिटी बॉक्स में भी घूम रहे थे। इसी कारण बीसीसीआई ने ये फैसला किया था।

हालांकि, इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज में ऐसा नहीं हुआ। समाचार एजेंसी पीटीआई ने अपनी रिपोर्ट में लिखा है कि, कोचिंग स्टाफ के पर्सनल सेकेट्री, जो लगातार टीम होटल में रह रहा था वह अब दूसरे होटल में रहते हैं। हालांकि, वह इंग्लैंड सीरीज के दौरान हर मैच में स्टेडियम में उपलब्ध थे।

रिपोर्ट में गंभीर का नाम नहीं है लेकिन टीम इंडिया के मौजूदा कोचिंग स्टाफ में से सिर्फ गंभीर ही इकलौते हैं जिनका अपना खुद का पीए है जो टीम के साथ सफर करता है। ऑस्ट्रेलिया में गंभीर के पीए की हर मैदान पर मौजूदगी ने बीसीसीआई को परेशान कर दिया था।

पीटीआई ने अपनी एक रिपोर्ट में लिखा था कि, उनका पीए उस कार में क्यों बैठा है जो नेशनल सेलेक्टर्स के लिए है। कार में तीसरे इंसान की मौजदूगी के कारण वह चीजें प्राइवेट में डिस्कस भी नहीं कर सकते। उन्हें एडिलेड में बीसीसीआई के हॉस्पिटेलिटी बॉक्स में भी जगह दी गई थी?

बीसीसीआई ने कोचिंग स्टाफ के पीए के साथ जाने, रुकने पर ही रोक नहीं लगाई थी बल्कि खिलाड़ियों के परिवार के रुकने की भी समय सीमा तय कर दी थी। पहले पूरे दौरे के दौरान परिवार खिलाड़ियों के साथ रह सकता था, लेकिन अब इसमें कटौती कर दी है। 45 दिन के दौरे पर परिवार दो सप्ताह से ज्यादा खिलाड़ी के हाथ नहीं रह सकता।



## पटना में वैलेंटाइन डे के मौके पर पार्क में पहुंचे शिव भवानी सेना के कार्यकर्ता तो लड़के-लड़कियां भाग निकले

पटना । बिहार की राजधानी पटना में वैलेंटाइन डे पर लड़के और लड़कियां एक पार्क में पहुंचे थे। तभी वहां लठ लेकर घूम रहे भवानी सेना के सदस्यों को देखने पर लड़के-लड़कियां भाग निकले। दरअसल, हिंदू संगठन शिव भवानी सेना के कार्यकर्ताओं ने शहर के विभिन्न पार्कों में लाठी-डंडों के साथ गश्त शुरू की थी। इसी कड़ी में कार्यकर्ता पार्क में भी पहुंचे थे। रिपोर्ट के अनुसार, शिव भवानी सेना के कार्यकर्ता स्वामी सहजानंद सरस्वती पार्क में पूरी टीम के साथ लाठी लेकर पहुंचे। इस पार्क में कुछ लड़कियां और लड़के बैठे हुए थे। जब लड़कियों ने भवानी सेना के लोगों को लाठी लेकर आते देखा तब तुरंत उठकर मौके से भाग निकली। शिव भवानी सेना के सदस्य लव सिंह ने कहा कि वैलेंटाइन डे हिंदू संस्कृति के खिलाफ है। आज के दिन हम अपने शहीदों को याद करें, न कि पश्चिमी सभ्यता का अनुसरण करें। जो भी पार्कों में अश्लीलता फैलाएगा, उससे लाठी-डंडों से निपटा जाएगा। गौरतलब है कि बीते दिनों पटना की सड़कों पर संगठन ने कई पोस्टर लगाए थे, जिसमें वैलेंटाइन डे के बहिष्कार की अपील की थी। संगठन के द्वारा पोस्टर में लिखा था कि जहां मिलेंगे बाबू सोना, तोड़ देंगे कोना-कोना। पोस्टरों में अपील की गई थी कि वैलेंटाइन डे मनाने की बजाय पुलवामा हमले में शहीद हुए वीर जवानों को सम्मान देना चाहिए।

## सांसद अंसारी के बिगड़े बोल कहा- ऐसे तो स्वर्ग हाउसफुल हो जाएगा और नर्क खाली

गाजीपुर। सांसद अफजाल अंसारी ने महाकुंभ स्नान को लेकर विवादित बयान दिया है। उन्होंने कहा है कि पूरे देश में कुंभ स्नान की होड़ लगी हुई है। लोग मानकर चल रहे हैं कि इसमें स्नान करने से उन्हे बैकुंठ मिलेगा। अगर ऐसा है तो स्वर्ग भी हाउसफुल हो जाएगा और नर्क खाली रहेगा। रविदास जयंती के कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सपा सांसद ने कहा कि महाकुंभ में स्नान करने की होड़ मची हुई है। ऐसा लग रहा है जैसे सभी लोग स्वर्ग में ही चले जाएंगे, जो हाउसफुल हो जाएगा। वहीं नरक बिल्कुल खाली रह जाएगा। उन्होंने कहा कि महाकुंभ के चलते सड़कों पर चलना दूभर हो गया है। ट्रेनों में युवाओं द्वारा खिड़कियों के शीशे तोड़ दिए जा रहे हैं, पुलिस असहाय नजर आ रही है। इस दौरान सांसद ने मौनी अमावस्या पर मची भगदड़ का जिक्र करते हुए भी कहा कि लोग कुचल कर मर जा रहे हैं। गौरतलब है कि पूर्वांचल के बाहुबली मुख्तार अंसारी के बड़े भाई सांसद अफजाल अंसारी ने लगभग 2 महीने पहले भी इसी तरह का एक विवादित बयान दिया। कहा था कि महाकुंभ में पूरी एक मालगाड़ी गांजा खप जाएगा। साधु-संत केवल गांजा पीते हैं। उनके इस विवादित बोल को लेकर गाजीपुर पुलिस द्वारा एक मुकदमा भी दर्ज कराया गया है। वहीं अब महाकुंभ पर उनके इस कटाक्ष की भी चर्चा होने लगी है। महाकुंभ मेले में संगम में स्नान करने वाले साधु-संतों, श्रद्धालुओं, कल्पवासियों और आम स्नानार्थियों की संख्या 45 करोड़ से पार हो गई है। माघ पूर्णिमा के मौके पर 2 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने डुबकी लगाई। आधिकारिक बयान के अनुसार महाकुंभ में आस्था की डुबकी लगाने वालों की संख्या 46 करोड़ 25 लाख से अधिक हो चुकी है जबकि महाकुंभ के समापन को अभी एक पखवारा शेष है।

## धारावी पुनर्विकास परियोजना : 1.5 लाख मकानों का पुनर्वास करने की योजना

मुंबई। धारावी पुनर्विकास परियोजना (डीआरपी) ने आधुनिकीकरण की दिशा में एक बहुत बड़ा कदम उठाया है। इस परियोजना के तहत 1.5 लाख मकानों का पुनर्वास करने की योजना है, जो धारावी के निवासियों के लिए नये आवास, ढांचे और आर्थिक अवसरों का संशोधित प्रावधान करता है। इस परियोजना को जल्द ही मेंटेन करने के लिए धारावी में टाउनशिप की योजना है, जो चौड़ी सड़कें, हरित स्थान, जल और सीवेज प्रणाली के साथ सुदृढ़ सुविधाओं को शामिल करेगा। पिछले वर्ष दिसंबर में धारावी पुनर्विकास परियोजना प्राइवेट लिमिटेड (डीआरपीपीएल) ने नाम बदलकर नवभारत मेगा डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड (एनएमडीपीएल) रख लिया, जो कंपनी के आधुनिक, समावेशी और जीवंत समुदाय के निर्माण के वादे के अनुरूप है। अन्य झुग्गी पुनर्वास परियोजनाओं के विपरीत, निवासियों को ऊंची झुग्गियों में नहीं रखा जाएगा, बल्कि अच्छी तरह से नियोजित टाउनशिप में रखा जाएगा, जिसमें चौड़ी सड़कें, हरित स्थान और उचित जल और सीवेज प्रणाली जैसी उपयुक्त सुविधाएं होंगी। इन टाउनशिप में मल्टी-मॉडल परिवहन केंद्र होंगे। प्रवक्ता के अनुसार, टाउनशिप में स्कूल, स्वास्थ्य सुविधाएं, खेल के मैदान, सामुदायिक केंद्र और शॉपिंग कॉम्प्लेक्स शामिल होंगे। प्रवक्ता ने कहा ?कि इस पुनर्विकास के साथ-साथ बुनियादी ढांचे से न केवल धारावी वासियों के जीवन में सुधार होगा, बल्कि पड़ोस और मुंबई वासियों के बुनियादी ढांचे और जीवन स्तर में भी सुधार होगा। एनएमडीपीएल एक विशेष प्रयोजन से स्थापित कंपनी (एसपीवी) है, जिसे महाराष्ट्र सरकार और अदाणी समूह के बीच एक संयुक्त उद्यम के रूप में बनाया गया है।

## केरल : मंदिर में आतिशबाजी से बिचके हाथियों ने लगाई दौड़, तीन की मौत 20 घायल

तिरुवनन्तपुरम। केरल के कोयिलैंडी के पास मानकुलंगरा मंदिर में गुरुवार शाम को एक दर्दनाक हादसा हो गया। यहां उत्सव के दौरान आतिशबाजी हो रही थी, तभी दो हाथी बिचक गए और उन्होंने दौड़ लगा दी। इससे पूरे क्षेत्र में अफरा तफरी मच गई। भगदड़ के दौरान हाथ एक दीवार से टकरा गया जिससे दीवार भरभराकर गिर गई। इसमें कई लोग मलबे में दब गए। जिससे दो महिलाओं समेत तीन लोगों की मौत हो गई और 20 लोग घायल हो गए। पुलिस के मुताबिक, दीवार गिरने से दो महिलाओं और एक पुरुष की मौत हो गई। लगभग 20 लोग मामूली रूप से घायल भी हुए। इस घटना पर मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने दुख व्यक्त किया है।

# दिल्ली में आप की हार के बाद पंजाब में सीएम मान ने कर दी सौगातों की बौछार



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** हाल ही में दिल्ली चुनाव में आम आदमी पार्टी को करारी हार मिली है और सत्ता गंवा दी। कहीं ऐसा ही पंजाब में न हो जाए इसके लिए मुख्यमंत्री भगवंत मान ने सौगातों की बौछार कर दी है। पंजाब कैबिनेट ने सरकारी और निजी सेक्टर में 60 हजार नौकरियां देने की योजना तैयार की है। इसके अलावा कर्मचारियों के करीब 14,000 करोड़ रुपये के एरियर को मंजूरी दे दी है। कमजोर आर्थिक वर्ग के लोगों को भी लुभाने के लिए पंजाब सरकार ने बड़ा फैसला लिया है। इसके तहत ईडब्ल्यूएस वालों को शहरी क्षेत्रों में घर दिए जाएंगे। माना जा रहा है कि दिल्ली में मिडिल क्लास और लोअर मिडिल क्लास के रूठने के चलते आम आदमी पार्टी को झटका लगा है।

दिल्ली में अरविंद केजरीवाल के सभी 91 विधायकों की मीटिंग हुई थी। इसके बाद भगवंत मान ने पंजाब को मॉडल स्टेट बनाने का ऐलान किया था। राज्य में विधानसभा चुनाव अभी दो साल दूर हैं, लेकिन सरकार के फैसले बता रहे हैं कि वह तैयारी के मोड में आ गई है। खासतौर पर दिल्ली में लगे झटके ने उसे सतर्क किया है। दिल्ली को आम आदमी पार्टी के गढ़ के तौर पर देखा जा रहा था। गोवा, गुजरात, पंजाब समेत कई राज्यों में अरविंद केजरीवाल चुनावों में दिल्ली मॉडल लागू करने की बात करते थे। अब दिल्ली में ही हार से करारा झटका लगा है। ऐसे में अब आम आदमी पार्टी की दिल्ली की बजाय पंजाब मॉडल के नाम पर नैरेटिव खड़ा करना चाहती है।

इसके अलावा 6 लाख सरकारी कर्मचारी और पेंशनरों और कमजोर आर्थिक वर्ग के लोगों को भी साधने में मदद मिलेगी। कैबिनेट ने एनआरआई मामलों के निपटारे के लिए फास्ट ट्रैक अदालतों के गठन का भी ऐलान किया है। पंजाब में ऐसे लोगों की संख्या बहुत ज्यादा है, जो एनआरआई या फिर उनके परिजन बाहर बसे हुए हैं। आम आदमी पार्टी को यह वर्ग समर्थन देता रहा है। इसी वर्ग की मदद के लिए जालंधर, कपूरथला, नवांशहर, लुधियाना और मोगा में फास्ट ट्रैक कोर्ट्स के गठन का फैसला हुआ है। भगवंत मान सरकार ने जिन 60 हजार पदों पर भर्ती का फैसला लिया है। उनमें से 2000 पद शिक्षा विभाग के होंगे। सरकार के प्रवक्ता ने कैबिनेट मीटिंग के बाद इन योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी है।

हालांकि अब भी पंजाब सरकार के सामने संकट की स्थिति रहेगी। इसकी वजह यह है कि राज्य सरकार कर्ज में दबी है और उसके लिए लुभावनी स्कीमों को एक हद से ज्यादा लागू कर पाना मुश्किल होगा। इसके अलावा पार्टी की बड़ी चिंता यह है कि दिल्ली में फ्रीबीज वाला मॉडल फेल रहा है। ऐसे में सिर्फ फ्री के नाम पर भी चुनाव जीतना मुश्किल होगा। यही वजह है कि सरकार कर्मचारियों, पेंशनरों और कमजोर आर्थिक वर्गों को साधने की कोशिश में है।

## ममता कुलकर्णी बनी रहेंगी किन्नर अखाड़े की महामंडलेश्वर



महाकुंभ नगर । फिल्म जगत के बाद अध्यात्म से जुड़ने वाली और हाल में किन्नर अखाड़े के महामंडलेश्वर पद से इस्तीफा देने वाली ममता कुलकर्णी ने एक वीडियो जारी कर कहा कि उनका इस्तीफा स्वीकार नहीं किया गया है और वह किन्नर अखाड़े की महामंडलेश्वर बनी रहेंगी। ममता कुलकर्णी ने एक वीडियो संदेश में कहा, ''महामंडलेश्वर पद से मेरा इस्तीफा स्वीकार नहीं किया गया। मैं आभारी हूं कि आचार्य लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी ने मुझे इस पद पर बनाए रखा। महामंडलेश्वर बनाने के बाद मैंने जो गुरु को भेंट की थी वह छत्र, छड़ी और चंवर के लिए और उसमें से जो पैसा बचा वह भंडारे के लिए था।'' इससे पूर्व 10 फरवरी को ममता कुलकर्णी ने एक वीडियो जारी कर कहा था ''मैं यमाई ममता नंद गिरि अपने पद से इस्तीफा देती हूं। किन्नर अखाड़े और दूसरे संतों के बीच मुझे महामंडलेश्वर बनाए जाने को लेकर दिक्कत हो रही है।'' उन्होंने कहा था, ''25 साल तपस्या के बाद मुझे यह सम्मान दिया गया था। मैंने देखा कि मुझे महामंडलेश्वर पद दिए जाने से कई लोगों को आपत्ति हुई। मैंने चौतन्य गगन गिरि महाराज के सानिध्य में 25 साल घोर तपस्या की।''

## मोदी सरकार पर दबाव बनाने महापंचायत में पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के हजारों किसान हुए शामिल



**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** खनौरी और शंभू बॉर्डर पर किसान बीते एक साल से आंदोलन कर रहे हैं। किसान संगठनों के साथ केंद्र सरकार के प्रतिनिधियों की बैठक हुई है। यह मीटिंग किसान आंदोलन 2.0 के एक साल पूरा होने पर आयोजित की गई थी। माना जा रहा है कि मोदी सरकार पर मीटिंग से पहले दबाव बनाने के लिए हजारों किसानों ने बैठक से पहले एकजुट हुए। इस महापंचायत में पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के हजारों किसानों ने हिस्सा लिया।

इस महापंचायत से पहले 11 तारीख को राजस्थान के रतनपुरा और फिर 12 तारीख को खनौरी बॉर्डर पर आयोजन हुआ था। महापंचायत में किसान नेता सरवन सिंह पंढेर ने कहा कि अब तक आंदोलन में बीते एक साल में 43 लोगों की मौत हो चुकी है। इसके अलावा 450 किसान जख्मी हो चुके हैं। इसमें 35 किसान बुरी तरह से घायल हैं। बीते साल किसान आंदोलन के दौरान शुभकरण सिंह की मौत हो गई थी। इस बीच किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल ने अपने अनशन के 80वें दिन के मौके पर कहा कि मैं अपने संकल्प पर अडिग हूं।

सूत्रों का कहना है कि संयुक्त किसान मोर्चा के कुल 14 प्रतिनिधि केंद्र सरकार के साथ मीटिंग में हिस्सा लेने वाले है। इस मीटिंग में एमएसपी की लीगल गारंटी सहित कई मसले उठाए जा सकते हैं। किसान संगठनों ने लंबी लिस्ट तैयार की है। अब देखना होगा कि किन मसलों पर सहमति बनती है। किसान संगठनों का मुख्य जोर एमएसपी और स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशों को लागू करने पर है। एक अहम डिमांड है कि किसानों के सारे कर्ज माफ कर दिए जाएं। इस मांग को लेकर केंद्र सरकार कुछ आंशिक ऐलान कर सकती है। जैसे छोटे किसानों को कर्ज से राहत दे दी जाए।

# शब-ए-बरात पर नहीं खुली जामिया मस्जिद, मीरवाइज भी नजरबंद, भड़के सीएम उमर



**जम्मू (एजेंसी)।** जम्मू कश्मीर से धारा 370 हटाने के बाद से जामिया मस्जिद में शब-ए-बरात की नमाज पर प्रतिबंध लगाया गया था। श्रीनगर की ऐतिहासिक जामिया मस्जिद में लगातार छठे साल भी शब-ए-बरात के मौके पर सामूहिक नमाज की इजाजत नहीं दी गई। वहीं पुलिस ने मीरवाइज उमर फारूक को नजरबंद कर दिया। मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने भी पुलिस की इस कार्रवाई को दुर्भाग्यपूर्ण बताया है। उन्होंने कहा कि इससे पता चलता है कि अब भी लोग कानून व्यवस्था और प्रशासन पर यकीन नहीं कर सकते।

उमर अब्दुल्ला ने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा, इतने पवित्र मौके पर ऐतिहासिक जामिया मस्जिद को सील कर देना बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। इससे लोगों के विश्वास को धक्का लगा है। श्रीनगर की पुलिस को कोई बेहतर रास्ता निकालना चाहिए था। उन्हें लगता है कि जब तक सख्ती नहीं होगी तब तक शांति नहीं हो सकती। हालांकि श्रीनगर के लोग बेहतर के हकदार हैं।

पीडीपी अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने कहा कि यह खबर सुनकर हैरान हूं कि जामा मस्जिद को बंद कर दिया गया। वहीं आम जनता को यहां जाने से ही रोक दिया गया। उन्होंने उपराज्यपाल और उमर अब्दुल्ला से सवाल किया कि क्या इस बारे में कोई जवाब दिया जाएगा। उन्होंने पुलिस के इस कदम को असंवैधानिक बताया है। वहीं अंजुमन औकाफ जामिया मस्जिद की तरफ से कहा गया कि मीरवाइज फारूक को गुरुवार सुबह ही उनके आवास में ही कैद कर दिया गया। ऐसे में वे नमाज अदा करने मस्जिद भी नहीं जा पाए। वहीं मस्जिद प्रबंधन का कहना है कि पुलिस ने उन्हें जानकारी दी थी की रात में शब-ए-बरात के मौके पर नमाज की अनुमति नहीं दी जाएगी। आम तौर पर मीरवाइज की अगुआई में ही जामिया मस्जिद में नमाज होती थी। बता दें कि बीते पांच सालों में भी जामिया मस्जिद में शब-ए-बरात की नमाज की अनुमति नहीं दी गई है। 2019 में अनुच्छेद 370 खत्म किए जाने के बाद से ही इस पर प्रतिबंध लगा दिया गया था। अंजुमन औकाफ की तरफ से कहा गया कि बड़ी संख्या में लोग ऐतिहासिक और पवित्र मस्जिद में नमाज अदा करना चाहते थे। लेकिन पुलिस प्रशासन ने जबरन मस्जिद को बंद करवा दिया और मीरवाइज को नजरबंद कर दिया। लोगों के मौलिक धार्मिक अधिकार का हनन हो रहा है। जम्मू-कश्मीर के लोगों को बड़ा धक्का लगा है।

## कटड़ा-बनिहाल खंड में शुरु होगा ट्रेनों का संचालन, 17 फरवरी को पीएम मोदी दिखाएगें हरी झड़ी

कटरा । उधमपुर-श्रीनगर-बारामुला रेल लिंक (यूएसबीआरएल) का कटड़ा-बनिहाल खंड परिचालन के लिए खुलने वाला है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 17 फरवरी को इस खंड पर ट्रेन के परिचालन को हरी झंडी दिखाना परियोजना के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। 111 किमी लंबा कटड़ा-बनिहाल रेल खंड कई मायनों में खास है। चिनाब पुल इंजीनियरिंग का एक अद्भुत नमूना है और यह खंड का एक प्रमुख आकर्षण होगा। अंजी खड्ड पर बना देश का पहला रेलवे केबल स्टे पुल- अपनी तरह का पहला पुल है और यह भारतीय रेलवे के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। वहीं प्रधानमंत्री के दौरे को लेकर तैयारियां जोरों पर हैं और अधिकारी यह सुनिश्चित करने के लिए काम कर रहे हैं कि ट्रेन परिचालन की औपचारिक शुरूआत से पहले सभी जरूरी काम पूरे हो जाएं। यूएसबीआरएल परियोजना जम्मू और कश्मीर के लोगों के लिए एक बड़ा वरदान साबित होगी और इससे क्षेत्र के विकास को गति मिलेगी।

# वक्फ संशोधन बिल से आम मुसलमानों को कोई खतरा नहीं-मौलाना शहाबुद्दीन रजवी



**बरेली (एजेंसी)।** ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी ने शुक्रवार को कहा कि संसद में वक्फ संशोधन बिल पर बनी संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) ने अपनी रिपोर्ट पेश कर दी है, जिससे काफी चर्चा हो रही है। उन्होंने आश्वस्त किया कि इस बिल से आम मुसलमानों, मस्जिदों, मदरसों और दरगाहों को कोई खतरा नहीं है। उन्होंने मुसलमानों से अपील की कि वे किसी भी तरह की अफवाहों और गलत जानकारी से भ्रमित न हों।

पत्रकारों से बातचीत में मौलाना रजवी ने कहा कि इस बिल से केवल उन लोगों को डरने की जरूरत है, जिन्होंने बुजुर्गों की वक्फ की गई जमीनों और जायदादों पर अवैध कब्जा कर रखा है। उन्होंने आरोप लगाया कि कई भू-माफिया वक्फ की जमीनों को खुर्द-बुर्द कर रहे हैं और इस कारण आम मुसलमान भी परेशान हैं। मौलाना ने वक्फ बोर्ड के अध्यक्षों और सदस्यों पर भ्रष्टाचार में लिप्त होने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि ये लोग मनमाने तरीके से वक्फ की जमीनों को भू-माफियाओं को बेचने का काम कर रहे हैं। वक्फ बोर्ड के जिम्मेदारों ने करोड़ों की जमीनें औने-पौने दामों पर बेच दी हैं। उन्होंने कहा कि इस संशोधन बिल के लागू होने से इस तरह के भ्रष्टाचार पर लगाम लगेगी।

मौलाना ने कहा कि हमारे बुजुर्गों ने अपनी जमीनें और जायदादें इसलिए वक्फ की थीं ताकि उससे मिलने वाली आमदनी गरीब और कमजोर मुसलमानों की मदद के लिए खर्च हो। लेकिन वक्फ बोर्ड के भ्रष्टाचार के कारण यह मकसद पूरा नहीं हो सका। उन्होंने भारत सरकार से मांग की कि इस बिल को जल्द से जल्द संसद में पारित कर लागू किया जाए। मौलाना ने कहा कि इस बिल का विरोध केवल वे लोग कर रहे हैं जिन्होंने वक्फ की जमीनों पर आलीशान इमारतें बना रखी हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि इन लोगों की आमदनी गरीब मुसलमानों की मदद में खर्च होने के बजाय उनके निजी खजाने में जा रही है। उन्होंने मुसलमानों से अपील की कि वे इस बिल के खिलाफ दुष्प्रचार से बचें और सच को समझें।

## लालू पर केंद्रीय मंत्री मांझी ने कसा तंज, अगर जलन हो रही है, तब बढ़िया लोशन खादी मॉल से खरीद लें



**पटना (एजेंसी)।** बिहार की राजनीति में फिर बयानबाजी का दौर शुरु हो गया है। इस बार केंद्रीय मंत्री और हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (हम) के प्रमुख जीतन राम मांझी ने आरजेडी सुप्रीमो और पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव पर तीखा हमला बोला है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पोस्ट के द्वारा केंद्रीय मंत्री मांझी ने लालू यादव को उनके राजनीतिक अतीत की याद दिलाकर चुटकी लेकर कहा कि अगर उन्हें बीजेपी की लगातार जीत से जलन हो रही है तब 'ईर्ष्या कम करने का बढ़िया लोशन खादी मॉल में उपलब्ध है।

मांझी ने पोस्ट में लिखा, आदरणीय लालू यादव जी, वैसे आप कोई भविष्य वक्ता नहीं ही हैं। लेकिन एक जानकारी रख लिजिए। वर्ष 2005 में आपके सामने ही बिहार में भाजपा एनडीए की गठबंधन की सरकार बनी। साल 2010 में आपके सामने ही आपका सुपड़ा साफ फिर भाजपा गठबंधन वाली एनडीए सरकार बनी। वर्ष 2014 में लालू जी आपके सामने ही केन्द्र में भाजपा एनडीए सरकार बनी और आजतक बिहार और केंद्र में भाजपा एनडीए की ही सरकार है और आगे बिहार और केंद्र में एनडीए की सरकार रहने वाले है। वैसे यदि इससे जलन हो रही हो, हमारे खादी मॉल में जलन में काम करने वाला अच्छा लोशन मिलता है आप उपयोग करें।

केंद्रीय मांझी की प्रतिक्रिया लालू यादव के उस बयान के बाद आई है जिसमें उन्होंने कहा था 'दिल्ली चुनाव के नतीजों का बिहार पर कोई असर नहीं होगा। बीजेपी के सरकार बनाने के दावे पर उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा कि 'ऐसे ही भाजपा सरकार बना लेगी? हमलोग के यहां रहते हुए? जनता अब बीजेपी वालों को अच्छे से जान चुकी है।

# चीन-अमेरिका के बाद दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा ई-वेस्ट उत्पादक बना भारत

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** भारत का ई-वेस्ट एक बड़ा आर्थिक अवसर दे रहा है। एक रिपोर्ट में दावा किया जा रहा है कि मेटल एक्सट्रैक्शन के जरिए रिकवर किए जाने वाले मटीरियल में 6 बिलियन डॉलर की अनुमानित आर्थिक क्षमता का है। शुक्रवार को एक रिपोर्ट के हवाले से बताया गया है कि भारत अब चीन और अमेरिका के बाद दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा ई-वेस्ट उत्पादक बन गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि देश का ई-वेस्ट वित्त वर्ष 2014 में 2 मिलियन मीट्रिक टन (एमएमटी) से दोगुना होकर वित्त वर्ष 2024 में 3.8 एमएमटी हो गया है, जो शहरीकरण और बढ़ती आय के कारण हुआ है। मुख्य रूप से घरों और व्यवसायों द्वारा उत्पन्न कंज्यूमर सेगमेंट ने वित्त वर्ष 2024 में कुल ई-वेस्ट का करीब 70 फीसदी योगदान दिया।

ई-वेस्ट उत्पादन में एक बड़ा ट्रेंड मटीरियल की तीव्रता में बदलाव है, जबकि उपकरण अधिक कॉम्पैक्ट और हल्के होते जा रहे हैं। त्यागे गए सामानों की मात्रा बढ़ रही है, जिससे कुशल रीसाइक्लिंग रणनीतियों की जरुरत होती है। रेडसीर स्ट्रैटेजी कंसल्टेंट्स के पार्टनर जसबीर एस जुनेजा ने कहा कि आने वाले सालों में ई-वेस्ट की मात्रा बढ़ने की उम्मीद है। ई-वेस्ट में मेटल का बढ़ता मूल्य भारत के लिए रिकवरी दक्षता बढ़ाने और खुद को सस्टेनेबल मेटल एक्सट्रैक्शन में लीडर के रूप में स्थापित करने का एक बड़ा अवसर देता है।

वर्तमान में भारत में कंज्यूमर ई-वेस्ट का केवल 16 फीसदी फॉर्मल रिसाइक्लर द्वारा प्रोसेस किया जाता है। वित्त वर्ष 2035 तक फॉर्मल रिसाइकलिंग सेक्टर में 17 फीसदी सीएजीआर वृद्धि के अनुमानों के बावजूद इसके द्वारा भारत के ई-वेस्ट का केवल 40 फीसदी ही हैंडल करने की उम्मीद है। इस सेक्टर को अनौपचारिक प्लेयर्स से कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ता है, जो कम अनुपालन लागत और व्यापक संग्रह नेटवर्क का लाभ उठाते हैं।

ईपीआर तब से उत्पादकों के लिए परिभाषित संग्रह लक्ष्यों के साथ एक अनिवार्य प्रणाली में विकसित हुआ है। हालांकि कम न्यूनतम ईपीआर शुल्क और अपर्याप्त औपचारिक रीसाइक्लिंग क्षमता के कारण अंतराल बने हुए हैं। फॉर्मल रीसाइक्लिंग नेटवर्क को मजबूत करना मेटल रिकवरी रेट में सुधार और रिटर्न को बढ़ाने करने की कुंजी है। इससे भारत की मेटल आयात मांग में 1.7 बिलियन डॉलर तक की कमी आ सकती है, जबकि हाई-वैल्यू रिसाइकल्ड मेटल की निरंतर सप्लाई सुनिश्चित हो सकती है।

